CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, गुरुवार 25 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 30 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



प्रियंका गांधी की उत्तराखंड में पेपर लीक पर तीखी प्रतिक्रिया पेज 2




आईसीसी टी-20 रैंकिंग: भारत चारों कैटेगरी में टॉप पर बरकरार खेल टाइम्स




कहां से शह पाते हैं ऐसे जहरीले लोग सम्पादकीय



फिनलैंड के राष्ट्रपति बोले- भारत उभरती हुई ताकत पेज 12

## जम्मू-कश्मीर की 4, पंजाब की एक रास सीट के लिए 24 अक्टूबर को चुनाव

**नई दिल्ली।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से चार तथा पंजाब से एक राज्यसभा सीट के लिए 24 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बारे में छह अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी और 13 अक्टूबर तक उम्मीदवार नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 14 अक्टूबर तक की जाएगी और उम्मीदवार द्वारा 16 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। आयोग ने बताया कि राज्य सभा की द्विवार्षिक चुनाव प्रक्रिया के तहत 24 अक्टूबर को इन सभी पांच सीटों को भरने के लिए सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा और उसी दिन शाम पांच बजे से वोटों की गिनती का काम शुरू कर दिया जाएगा।

## महाराष्ट्र के पांच जिलों में बाढ़, आठ लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें लातूर में तीन, बीड में दो और छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ और धाराशिव में एक-एक लोगों की मौत बिजली गिरने, डूबने और अन्य कारणों से हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि मराठवाड़ा के आठ जिलों में 766 घरों को बाढ़ से नुकसान पहुंचा है। 33,010 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर लगी फसलें खराब हो गईं। बीड और धाराशिव में पांच बांध, कई सड़कें, पुल और स्कूलों को भी नुकसान पहुंचा है। इधर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और आसपास के जिलों में बारिश से मरने वालों का आंकड़ा 10 पहुंच गया है। इनमें 8 मौतें सिर्फ कोलकाता में हुईं।

## आतंकी पन्नू के विरुद्ध NIA ने किया नया मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** एनआईए ने अमेरिका स्थित आतंकी और अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के महासचिव गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की है। पन्नू पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ धमकी भरे बयान देने और हिंसा भड़काने का आरोप है। नए एफआईआर के अनुसार, पन्नू ने कथित रूप से सिख सैनिकों को स्वतंत्रता दिवस पर श्री मोदी को लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने से रोकने के लिए उकसाया था।

## सोनू सूद ईडी के सामने हुए पेश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद प्रतिबंधित एप 1एक्सबेट से जुड़े धन शोधन मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी का विशेष दल अभिनेता से पूछताछ कर रहा है और यह पूछताछ सात-आठ घंटों तक चल सकती है। उल्लेखनीय है कि इसी मामले में गुरुवार को पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह और 'गंदी बात' वेब सीरीज की अभिनेत्री आवेशी जैन से भी पूछताछ की गई थी।




चंडीगढ़: एयरफोर्स स्टेशन में 'मिग-21 ऑपरेशनल फ्लाइंग समापन समारोह' से पहले रिहर्सल के दौरान भारतीय वायुसेना के मिग-21 विमान। मिग-21 को 26 सितम्बर, 2025 को होने वाले समारोह में छह दशक से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा।

# दिल्ली में कांड करके भागा चैतन्यानंद

## पूर्व कॉलेज प्रमुख पर यौन शोषण का आरोप, 17 छात्राएं बोलीं- अश्लील मैसेज भेजे, जबरन छूता था

शाह टाइम्स ब्यूरो

- फैकल्टी कहती थी, उसकी बात मानो- एफआईआर दर्ज,
- शारदा इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से एक वॉल्वो कार जब्त



**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के पूर्व चीफ स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर 17 स्टूडेंट्स से यौन शोषण के आरोपों का बुधवार को खुलासा हुआ।

छात्राएं इंस्टीट्यूट में ईडब्ल्यूएस स्कॉलरशिप के तहत पीजीडीएम (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट) कर रही हैं। चैतन्यानंद पर उनसे गंदी बातें करने, अश्लील मैसेज भेजने और जबरन छूने का आरोप है। चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के खिलाफ 4 अगस्त को वसंत कुंज नार्थ पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। तब वह इंस्टीट्यूट का प्रमुख था। उसे 9 अगस्त को पद से हटाकर निष्कासित किया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद से चैतन्यानंद फरार है। पुलिस को यूपी के आगरा में उसकी लोकेशन मिली है। दिल्ली पुलिस ने शारदा इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से चैतन्यानंद की एक वॉल्वो कार जब्त की है। छात्राओं ने दावा किया कि इंस्टीट्यूट में काम करने वाले वार्डन ने उन्हें आरोपियों से मिलाया था। कार पर यूनाइटेड नेशन (यूएन) की नंबर प्लेट लगी थी। आमतौर पर ऐसे नंबर राजनयिकों को जारी किए जाते हैं। पुलिस ने बताया कि चैतन्यानंद को यह नंबर यूएन से जारी नहीं हुआ था। उसने खुद ही -शेष पृष्ठ दो पर

# लद्दाख में भड़की हिंसा, 4 की मौत

## 72 घायल, राज्य का दर्जा मांग रहे प्रदर्शनकारियों ने भाजपा ऑफिस जलाया

लेह, वार्ता






**केंद्र शासित** प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में बुधवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। छात्रों की पुलिस और सुरक्षाबलों से झड़प हो गई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 70 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने बताया कि लद्दाख के हिंसा प्रभावित लेह जिले में जानमाल की हानि रोकने के लिए कर्फ्यू लगाया गया।

भाजपा ऑफिस और सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी। उधर, प्रशासन ने लेह में बिना अनुमति रैली, प्रदर्शन पर बैन लगा दिया है। ये छात्र सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। मांगें पूरी न करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को बंद बुलाया था। इसी दौरान हिंसा हुई। हिंसा के बाद वांगचुक ने अनशन तोड़ते हुए कहा कि यह लद्दाख के लिए दुख का दिन है। हम पांच साल से शांति के रास्ते पर चल रहे थे। अनशन किया, लेह से दिल्ली तक पैदल चलकर गए। आज हम शांति के पैगाम को असफल होते हुए देख रहे हैं। हिंसा, गोलीबारी और आगजनी हो रही है। मैं लद्दाख की युवा पीढ़ी से अपील करता हूं कि इस बेवकूफी को बंद करें। हम अपना अनशन -शेष पृष्ठ दो पर

### मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बोले-जनता के साथ नाइंसाफी

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और एनसी के विधायक तनवीर सादिक ने लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में सरकार की विफलताओं की आलोचना करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूर्ण राज्य की मांग (स्टेटहुड) बहाल नहीं किया गया, सिर्फ इसलिए कि बीजेपी चुनाव नहीं जीत पाई। यह जनता के साथ नाइंसाफी है।

### लद्दाख महोत्सव भी रद्द

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने चार दिवसीय लद्दाख महोत्सव के अंतिम दिन का कार्यक्रम रद्द कर दिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि स्थिति के चलते समापन समारोह को रद्द करना पड़ा है। हम स्थानीय कलाकारों, सांस्कृतिक समूहों, पर्यटकों और आम जनता से क्षमा चाहते हैं।

### लेह में पांच या इससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर लगा प्रतिबंध

लेह में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के विरोध प्रदर्शन के बाद जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार लेह में पूर्व लिखित अनुमति के बिना कोई जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा।

- शहर में मार्च-रैली बैन, सोनम वांगचुक के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने CRPF की गाड़ी में भी लगाई आग
- सोशल मीडिया के माध्यम से भीड़ जुटाई, 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का किया था आह्वान

# रेलवे कर्मचारियों को दिवाली गिफ्ट

## मंत्रिमंडल ने किया 78 दिन के बोनस का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 10,91,146 रेलवे कर्मचारियों को होगा फायदा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल कर्मचारियों को दीपावली पर 78 दिन का बोनस देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

उन्होंने बताया कि रेलवे कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए मंत्रिमंडल ने 10,91,146 रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के उत्पादकता-आधारित बोनस के रूप में 1865.68 करोड़ रुपये के भुगतान को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पात्र रेल कर्मचारियों को उत्पादकता-आधारित बोनस का भुगतान प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा या दशहरा की छुट्टियों से पहले किया जाता है और इस वर्ष भी, लगभग 10.91 लाख अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस का भुगतान किया जा रहा है। उनका कहना था कि बोनस का भुगतान रेलवे के प्रदर्शन में सुधार के लिए लवे कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए एक -शेष पृष्ठ दो पर

# वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने व हटाने का प्रोसेस बदला

- ई- वेरिफिकेशन जरूरी, रजिस्टर्ड नंबर पर ओटीपी आएगा

**नई दिल्ली।** वोटर लिस्ट से नाम हटाने-जोड़ने के लिए अब ई-वेरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके लिए चुनाव आयोग (ईसी) ने अपने पोर्टल और एप पर एक नया 'ई-साइन' फीचर शुरू किया है।

वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने या उस पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भेजा जाएगा। इससे सुनिश्चित होगा कि आवेदन करने वाला वही व्यक्ति है, जिसका नाम या नंबर इस्तेमाल किया गया है।यह मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 23 सितम्बर से पहले ई-वेरिफिकेशन जरूरी नहीं था।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से होंगी शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक शैक्षणिक सत्र में दो बार होंगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए संभावित डेटशीट जारी कर दी है। परीक्षाएं 17 फरवरी से 15 जुलाई, 2026 के बीच आयोजित होने वाली हैं।

इस अवधि के दौरान कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए मुख्य परीक्षाएं, खेल छात्रों के लिए परीक्षाएं, कक्षा 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षाएं, 12वीं की पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। यह पहली बार है कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक शैक्षणिक सत्र में दो बार आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा का पहला संस्करण 17 फरवरी से 6 मार्च, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का दूसरा संस्करण 15 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। सीबीएसई कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 9 अप्रैल, 2026 तक आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि छात्रों के लिए पहले चरण की परीक्षा देना अनिवार्य होगा, लेकिन अगर छात्र अपने अंक सुधारना चाहते हैं तो दूसरे चरण की परीक्षा में भी शामिल हो सकते हैं।

## मेडिकल कॉलेजों में स्नातकोत्तर की पांच हजार व स्नातक की 5023 सीटें बढ़ाने को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए स्नातकोत्तर की पांच हजार सीटें और स्नातक की 5023 सीटें बढ़ाने की मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मौजूदा राज्य सरकार/केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेजों/स्टैंडअलोन पीजी संस्थानों/सरकारी अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी है ताकि 5,000 स्नातकोत्तर की सीटें और एमबीबीएस के लिए 5,023 सीटें बढ़ाई जा सकें।

# राहुल गांधी हाइड्रोजन-यूरेनियम बम फोड़ने वाले हैं: जयराम

पटना, वार्ता

- आजादी के बाद पहली बार पटना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई



**आजादी के बाद** पहली बार 24 सितम्बर को पटना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। इस मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी समेत कांग्रेस के सीनियर लीडर मौजूद रहे। बैठक करीब साढ़े 4 घंटे तक चली। 51 लोगों ने बैठक को संबोधित किया। मीटिंग में 2 प्रस्ताव पारित किए गए।

एक राजनीतिक प्रस्ताव था। दूसरा बिहार की जनता से अपील। मीटिंग के बाद कांग्रेस नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि, तेलंगाना में सितम्बर 2023 में ऐसी ही सीडब्ल्यूसी की मीटिंग हुई थी और 2 महीने के अंदर कांग्रेस की सरकार बनी थी। अब पटना में काउंटडाउन शुरू हो चुका है। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने वाली है। राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट चोरी के खिलाफ अभियान चला, वो अभियान जारी रहेगा। आगे एक महीने में राहुल गांधी मिनी हाइड्रोजन बम, हाइड्रोजन बम, यूरेनियम बम सहित अलग-अलग बम फोड़ने वाले हैं। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बीजेपी नीतीश कुमार को मेंटली रिटायर्ड मान चुकी है। वो उन्हें बोझ मानती है। इसके साथ ही उन्होंने बेरोजगारी, किसान, बाढ़ को लेकर एनडीए पर निशाना साधा। वोटर वेरिफिकेशन को लेकर चुनाव आयोग को घेरा। तो अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रधानमंत्री को फेल बताते हुए कहा कि पीएम के दोस्तों की वजह से आज देश संकट में है।

### राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 'वोट चोरी' के मुद्दे पर घेरते हुए बुधवार को उन पर फिर निशाना साधा और कहा कि यह अच्छी बात है कि उनकी सलाह पर वह मतदाता सूची को ज्यादा पारदर्शी बना रहे हैं, लेकिन यह भी बताएं कि वोट चोरी करने वालों को कब पकड़ेंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ज्ञानेश जी, हमने चोरी पकड़ी तब आपको ताला लगाना याद आया - अब चोरों को भी पकड़ेंगे, तो बताइए, सीआईडी को सबूत कब दे रहे हैं आप।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 9953305014

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका की उत्तराखंड में पेपर लीक पर तीखी प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तराखंड में पेपर लीक की घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए हैरानी जताई कि बच्चे 15-15 घंटे तैयारी परीक्षा दे रहे हैं और सरकार में बैठे लोग 15 लाख रुपए लेकर पर्चे लीक करवा रहे है। श्रीमती वाड्रा ने एक अभ्यर्थी की पीड़ा को उधदृत करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- हम लाइब्रेरी में 15-15 घंटे पढ़ रहे हैं, ये 15-15 लाख में पेपर बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां सवाल सिर्फ एक उम्मीदवार की पीड़ा का नहीं, उत्तराखंड समेत देश के ज्यादातर युवाओं का यही दर्द है। आज बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या है, क्योंकि उत्तराखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत जहां भी भाजपा सरकार में है, वहां बड़े पैमाने पर पेपर लीक करवाए जा रहे हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहा है और प्रधानमंत्री मूकदर्शक बने हुए हैं।

### रूस के उप प्रधान मंत्री ने किया ताजमहल का दीदार

**आगरा।** रूस के उप प्रधान मंत्री दिमित्री पत्रुशेव ने बुधवार को प्रेम की अद्वितीय धरोहर ताजमहल की बेमिसाल खूबसूरती का दीदार किया। पत्रोशेव ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोपहर करीब दो बजे ताजमहल परिसर में प्रवेश किया। वह ताज की खूबसूरती को करीब एक घंटे तक निहारते रहे। इस मौके पर जमकर फोटो सेशन कराया और ताजमहल के इतिहास के बारे में बारीकी से जानकारी हासिल की।

## योगी ने जीएसटी रिफॉर्म को लेकर व्यापारियों और ग्राहकों से किया संवाद

# 33 जीवन रक्षक दवाएं जीएसटी से मुक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि घटे हुए जीएसटी रेट्स से आम उपभोक्ता, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इस रिफॉर्म ने जहां उपभोक्ताओं को राहत दी है, वहीं बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया है।

योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हजरतगंज स्थित यूनिवर्सल बुकसेलर के पास पत्रकारों से बात. चीत में कहा कि उपभोक्ताओं के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण जीएसटी रिफॉर्म का सबसे अधिक लाभ यूपी के व्यापारियों और ग्राहकों को होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए नोटबुक, पेंसिल और अन्य शैक्षणिक सामग्री पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है। इसी तरह



■ बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया

ज्यादातर घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्रियों को जीरो या 5 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। जीवन रक्षक 33 प्रकार की दवाओं को भी पूरी तरह से जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाजार में खपत बढ़ने से उत्पादन में वृद्धि हुई है। इससे व्यापारी और उद्यमी दोनों को लाभ हुआ है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुले हैं। त्योहारों के सीजन में यह बड़ा कदम उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता राज्य है और इस रिफॉर्म से यहां की अर्थव्यवस्था को विशेष मजबूती मिलेगी। सीएम ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद देश का कलेक्शन 7 लाख करोड़ से बढ़कर 22 लाख करोड़ तक पहुंचा है, जबकि यूपी में यह 49 हजार करोड़ से बढ़कर 1.15 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हजरतगंज मार्केट में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी रिफॉर्म से संबंधित पंपलेट और बैनर वितरित किए। उन्होंने दुकानदारों और ग्राहकों से संवाद भी किया। व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री के प्रति आभार जताया।

### योगी ने अस्पताल जाकर ओम प्रकाश राजभर से की वार्ता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में जाकर वहां भर्ती कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। मुलाकात के दौरान योगी के साथ कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे। राजभर के दोनों बेटों अरविंद राजभर और अरुण राजभर से पूरी जानकारी ली और अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेदांता अस्पताल में भर्ती प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर की सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। उनके भर्ती होने की सूचना पाकर सरकार के कई मंत्री उनसे मिलने अस्पताल पहुंच चुके हैं।

### जीएसटी रिफार्म मोदी का युगांतकारी फैसला: सुधांशु

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि जीएसटी का रिफार्म देश के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक युगांतकारी फैसला है जिसका असर भविष्य में देश की अर्थव्यवस्था में बड़े बदलाव के तौर पर देखने को मिलेगा। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में श्री त्रिवेदी ने जीएसटी रिफार्म के फैसले को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि जीएसटी 2-0 से देश के हर वर्ग का आर्थिक सशक्तिकरण होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग जीएसटी को राजनीतिक फैसला बता रहे हैं वो गलत है। उनको राजनीतिक चश्मे से बाहर आकर इसकी सरहाना करनी चाहिए।

# एकजुटता से ही हो सकती है पीडीए की हिफाजत: अखिलेश

**लखनऊ।** पंजाब में रहने वाले यादव जाति के लोगों द्वारा पिछड़ा वर्ग से निकाल कर अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने की मांग पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र में जन्मी पीडीए की जनचेतना पिछड़ेपन से बाहर निकलने की आवाज बन चुकी है।

एकजुटता की शक्ति ही उनकी क्षतिपूर्ति और हिफाजत कर सकती है। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लिखा कि उप्र से जन्मी पीडीए की जनचेतना अब पूरे देश के 'पीड़ित, दुखी, अपमानित' समाज के लिए अपने सम्मान, अधिकार, आरक्षण, पिछड़ेपन के दंश व दमित स्तर से उबरने के लिए संघर्ष की नई आवाज बन गई है। जो लोग जहां भी संख्या में कम हैं वो भी जान गए हैं कि एकजुटता की शक्ति ही उनकी संख्या की कमी की क्षतिपूर्ति करने में सक्षम होगी और



■ पीडीए की जनचेतना पिछड़ेपन से बाहर निकलने की आवाज बन चुकी

उनके हक की हिफाजत करने में भी। जिनके हिस्से ऐतिहासिक रूप से उपेक्षा और उत्पीड़न ही आया है, और ऐसे लोग हर समाज में हैं। इसीलिए 'जो पीड़ित वो पीडीए' के सैद्धांतिक सूत्र से एक-सूत्र हुए पीडीए समाज ने एक साथ मिलकर अब ये संकल्प उठाया है कि 'पीडीए का परचम पूरे देश में लहराएंगे, हम अपनी पीडीए सरकार बनाएंगे। वहीं एक दिन पूर्व गोंडा के स्थानीय विधायक और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के बीच जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर जनसम्पर्क के दौरान हुए बवाल को लेकर भी अखिलेश यादव ने निशाना साधा है।

# समुद्री क्षेत्र परिवहन के लिए 69,725 करोड़ मंजूर

नई दिल्ली, वार्ता

समुद्री क्षेत्र के सामरिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में जहाज निर्माण और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए 69,725 करोड़ रुपए के एक दीर्घावधिक व्यापक पैकेज को मंजूरी दी।

इस पैकेज के पूरी तरह क्रियान्वित होने पर जहाजरानी और समुद्री परिवहन क्षेत्र में 4.5 लाख करोड़ का नया निवेश आकर्षित होने तथा रोजगार के 30 लाख नए अवसर सृजित होने की संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण, रेल और इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मांमलों के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह पैकेज घरेलू क्षमता को मजबूत करने, दीर्घकालिक वित्तपोषण में सुधार करने, नए और पहले से चल रहे शिपयार्डों के विकास को बढ़ावा देने, तकनीकी क्षमताओं और कौशल को बढ़ाने और एक मज़बूत समुद्री बुनियादी ढांचा बनाने के लिए कानूनी, कराधान और नीतिगत सुधारों को लागू करने हेतु तय किए गए महत्वपूर्ण दृष्टिकोणों को परिलक्षित करता है।

इस निर्णय के बारे में जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस पैकेज के तहत, जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना (एसबीएफएएस) को 31 मार्च 2036 तक बढ़ाया जाएगा, जिसकी कुल राशि 24,736 करोड़ रुपए होगी। इस योजना का उद्देश्य भारत में जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करना है और इसमें 4,001 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ शिपब्रेकिंग (पुराने पोतों को तोड़ने वाले उद्योग) के लिए ऋण सुविधा भी शामिल है।

### क्षमता निर्माण, मानव संसाधन विकास पर 2277.397 करोड़ खर्च करने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास पर वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान के लिए 2277.397 करोड़ रुपए के व्यय को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने पंद्रहवें वित्त आयोग चक्र 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए 2277.397 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास पर वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग/वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद योजना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह योजना सीएसआईआर द्वारा कार्यान्वित की जा रही है और देश भर के सभी अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं, राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, प्रतिष्ठित संस्थानों और विश्वविद्यालयों को कवर करेगी। यह पहल विश्वविद्यालयों, उद्योग, राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में करियर बनाने के इच्छुक युवा, शोधकर्ताओं के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करेगी।

# मैं तो अपनी बीवी का नंबर भी भूल गया

## अखिलेश से फोन की बात के सवाल पर बोले आजम खान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान कल मंगलवार को सीतपुर जेल से 23 महीने बाद जमानत पर रिहा होकर अपने घर रामपुर पहुंचे। आज बुधवार को मीडिया से बात करते हुए आजम खान ने कई सवालों के जवाब दिए। जब उनसे पूछा गया कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखलेश यादव ने कभी फोन नहीं किया, तो इस सवाल पर आजम खान ने कहा कि आप यकीन करिए मुझे दुनिया में सिर्फ मेरी बीबी का नंबर याद था, मैं वो भी भूल गया। मेरे पास फोन ही नहीं था।



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान ने कहा कि हमारे पास एक चरित्र नाम की चीज है। लोग प्यार करें और इज्जत करें, मैं कोई बिकाऊ नहीं हूं। सपा नेता आजम खान ने अखिलेश यादव के सपा सरकार में मुकदमे वापस लेने वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। सपा नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने कहा कि इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी। आजम खान ने कहा जहां तक मुकदमों का सवाल है उन मुकदमों में अगर कोई दम होता, तो मैं आज बाहर नहीं दिखता। छोटी अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मुझे इंसाफ मिलने की उम्मीद है, एक दिन मैं बेदाग हो जाऊंगा। इसके साथ ही जब उनसे पूछा गया कि अखिलेश यादव ने आपकी रिहाई का स्वागत किया है, तो आजम खान ने कहा कि वह मेरी पार्टी के बड़े नेता हैं, मेरे जैसे छोटे आदमी के लिए अगर कुछ बात कहेंगे, तो उनका बड़प्पन है। जब उनसे पूछा कि पार्टी के शीर्ष नेता आपसे मुलाकात करने नहीं आए हैं और स्थानीय सांसद भी मिलने नहीं आए हैं, तो इस पर क्या कहेंगे। इस सवाल पर सपा नेता ने आजम खान ने कहा कि यही कहेंगे कि सब खैरियत से रहें।



सेंसेक्स 81715.63
निफ्टी 25056.90



सोना रु. 113428
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 134712
प्रति किलो



# लगातार चौथे दिन भी टूटे शेयर बाजार

## सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों में गिरावट देखी गई

मुंबई, वार्ता

ऑटो, आईटी और रियलिटी शेयरों में तेज बिकवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक लगभग दो सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 386.47 अंक लुढ़ककर 81,715.63 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में यह 81,607.84 अंक तक टूट गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 112.60 अंक टूटकर 25,056.90 अंक पर रहा। यह दोनों का 11 सितम्बर के बाद का निचला स्तर है। रियलिटी, ऑटो और आईटी के साथ निजी बैंकों, धातु, तेल एवं गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों पर भी दबाव रहा। सिर्फ एफएमसीजी सेक्टर में तेजी रही, जिसमें पिछले कुछ समय से



बिकवाली हावी थी। सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों में गिरावट देखी गई। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 2.67 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। बीईएल में 2.24 फीसदा, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.52, टेक महिंद्रा में 1.30, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.13 और एक्सिस बैंक में 1.02 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, कोटक महिंद्रा बैंक, इटरनल, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, टाइटन, बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक और आईटीसी में भी गिरावट रही। पावर ग्रिड में सबसे अधिक 1.63 प्रतिशत की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर और एनटीपीसी दोनों के शेयर 1.31 फीसदी चढ़े। मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एलएंडटी के शेयर भी बढ़त में रहे। एनएसई में जिन 3,134 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 2,056 में गिरावट और 993 में तेजी रही, जबकि 85 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

मझौली और छोटी कंपनियों पर बिकवाली की ज्यादा दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.07 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 फीसदी टूट गया। एशिया में जापान का निक्केई 0.30 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.83 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट रही और जर्मनी का डैक्स 0.20 प्रतिशत तथा ब्रिटेन का एफटीएसई 0.12 प्रतिशत नीचे था।

### सोने और चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** बुधवार को नवरात्र के तीसरे दिन देशभर में सोने-चांदी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सोने की कीमतों में लगातार तेजी आज थम गई है। रिकॉर्ड स्तर छूने के बाद 24 सितंबर को सोने की कीमत में गिरावट आई है। एमसीएक्स पर सोना 0.36 फीसदी टूटकर 1,13,428 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। चांदी में भी 0.26 फीसदी की गिरावट देखी गई। ये 1,34,712 रुपए प्रति किग्रा पर है। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,700 रुपए बढ़कर 1,18,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। वहीं अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि के कारण रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,16,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,650 रुपए बढ़कर 1,18,300 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। सोमवार को यह 1,15,650 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# चावल नरम, खाद्य तेलों-दालों में रही घट-बढ़, गेहूं और चीनी स्थिर

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के दाम घट गए। वहीं गेहूं में टिकाव रहा। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार.चढ़ाव देखा गया। चीनी के दाम भी कमोबेश स्थिर रहे।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 37 रिंगिट चढ़कर 4,380 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49.70 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 10 रुपए टूटकर 3,853 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव 2,849.71 रुपए प्रति क्विंटल पर स्थिर रहे। आटे की कीमत चार रुपए बढ़कर 3,303.44 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। मूंगफली तेल 31 रुपए और सूरजमुखी तेल 13 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल के भाव लगभग स्थिर रहे। अन्य खाद्य तेलों में गिरावट रही। वनस्पति 25 रुपए और पाम ऑयल 16 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत भी करीब 21 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत सात



रुपए बढ़ गई। उड़द दाल में 49 रुपए और मूंग दाल में 17 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। मसूर दाल और चना दाल के भाव कमोबेश अपरिवर्तित रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 14 रुपए प्रति क्विंटल घट गई जबकि चीनी भाव लगभग अपरिवर्तित रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7929.45 रुपए, मसूर काली 8156.29 रुपए, मूंग दाल 10102.50 रुपए, उड़द दाल 10414.39 रुपए, अरहर दाल 10616.71 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.71 रुपए और चावल 3852.74 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दिल्ली में...**

लिखवाया था। दिल्ली स्थित शारदा इंस्टीट्यूट कर्नाटक के श्रृंगेरी स्थित दक्षिणाम्नाय श्री शारदा पीठ की शाखा है। पीठ ने पूरे मामले पर बयान जारी कर कहा कि स्वामी चैतन्यानंद का आचरण और गतिविधियां अवैध और पीठ के हितों के खिलाफ हैं, इसलिए पीठ का उससे कोई संबंध नहीं है। दिल्ली पुलिस के मुता. बिक, मठ और उसकी संपत्तियों के एडमिनिस्ट्रेटर पीए मुरली ने चैतन्यानंद के खिलाफ 4 अगस्त को शिकायत की थी। पूछताछ के दौरान 32 छात्राओं के बयान दर्ज किए गए। इनमें से 17 ने चैतन्यानंद पर यौन शोषण के आरोप लगाए। छात्राओं ने दावा किया कि इंस्टीट्यूट में काम करने वाले वार्डन ने उन्हें आरोपी से मिलवाया था। पुलिस ने चैतन्यानंद के ठिकानों पर छापेमारी की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वसंत कुंज नार्थ पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 75(2)/79/351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के बेसमेंट में एक वॉल्वो कार खड़ी मिली। पता चला कि फर्जी राजनयिक नंबर प्लेट 39 यूएन 1 वाली कार स्वामी चैतन्यानंद इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस ने कार जब्त कर ली।

**लद्दाख में...** तोड़ रहे हैं, प्रदर्शन रोक रहे हैं। इन मांगों को लेकर अगली बैठक दिल्ली में 6 अक्टूबर को होगी। साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। आंदोलनकारियों ने मंगलवार की रात को 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का आह्वान किया था। भीड़ जुटाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया। लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की। इसका असर दिखा और बड़ी तादाद में लोग पहुंचे। लेह हिल काउंसिल के सामने आंदोलनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगा रखे थे। जब आंदोलन कारी आगे बढ़े, तो पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी, लेकिन भीड़ ने पुलिस की गाड़ी जलाई और तोड़फोड़ की। सोनम वांगचुक ने कहा कि मुझे सही तो नहीं पता कि कौन से हथियार प्रयोग किए गए, रबर गोली का तो सुना था। हालांकि, हमारे कई युवा मारे गए हैं। इससे लगता है कि असली गोली भी चलाई गई है। आगे की रणनीति पर कहा कि गुरुवार को जब गृह मंत्रालय के बड़े अधिकारी आएंगे, तो देखेंगे कि वो हमारी बात सुनते हैं कि पहले की तरह अनसुना करते हैं। हम पिछले 5 सालों से शांति और अनशन के माध्यम से अपनी बात रख रहे थे, अगर वो सुनी जाती, तो युवाओं को सड़कों पर नहीं आना पड़ता। जब शांतिपूर्ण रास्ता मजाक बन रहा था, तो ये रास्ता अपनाया। सोशल मीडिया पर आंदोलन को जेन-जी रिवोल्यूशन बताने की वायरल वीडियो पर सोनम ने कहा कि मैंने जेन-जी रिवोल्यूशन शब्द यूज नहीं किया। लेह में हुई हिंसा पर सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने कहा कि आज जो हुआ वो बहुत दुखद है। कहा जा रहा है कि 3-4 युवक मारे गए हैं। लेह एपेक्स बॉडी के अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने कहा कि शहर में भारी गोलीबारी हुई। इसमें कई लोग घायल हुए और अब तक 4 लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने बताया, लेह एपेक्स बाडी (एलएबी) की युवा इकाई लद्दाख बंद का आयोजन किया था। अनशन पर बैठे 2 लोगों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा है। इसके बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। कुछ युवाओं ने पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिससे पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी। प्रदर्शन के बाद जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी किया कि लेह में पहले से लिखित अनुमति के बिना कोई जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा।जिले में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**रेलवे कर्मचारियों...**

प्रोत्साहन के रूप में कार्य करता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कर्मचारी के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस की अधिकतम देय राशि 17,951 रुपये है। यह राशि विभिन्न श्रेणियों के रेलवे कर्मचारियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप 'सी' कर्मचारियों को दी जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 1614.90 टन माल लादा और लगभग 7.3 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया।

### सेबी के फैसले समूह की पारदर्शिता और संचालन के तौर-तरीकों को मान्यता

**नई दिल्ली।** अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने बुधवार को राष्ट्र निर्माण के प्रति समूह की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि हिंडनबर्ग आरोपों के मामलों में सेबी के फैसलों ने समूह की पारदर्शिता और संचालन के तौर-तरीकों पर मुहर लगा दी है। भारतीय पूंजी बाजार नियामक सेबी ने पिछले सप्ताह दो अलग-अलग फैसलों में अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग के जनवरी 2023 में लगाए गए आरा. ेपों को गलत बताते हुए अडानी समूह की कंपनियों को क्लीनचिट दे दी थी। अडानी ने शेयरधारकों को आज एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सिर्फ अडानी समूह की आलोचना से परे, भारतीय उद्यमों के वैश्विक स्तर पर खुद को स्थापित करने के सपनों को चुनौती दी गई थी। समूह के लिए यह एक परीक्षा की शुरुआत थी, जिसने हमारे संचालन के तौर-तरीकों, हमारे उद्देश्य और इस सोच को चुनौती दी कि भारतीय कंपनियां वैश्विक स्तर पर सबसे आगे हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि सेबी के अंतिम फैसलों से सत्य की जीत हुई है, जिसका उद्देश्य समूह को कमजोर बनाना था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पेपर लीक मामले में एसआईटी गठित

## राज्य सरकार ने लिया बड़ा फैसला, हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाने की घोषणा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग पेपर लीक मामले में उत्तराखंड सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाने की घोषणा की है। एसआईटी को एक महीने के अंदर अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट शासन को सौंपनी होगी। जांच पूरी होने तक परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने इसकी पुष्टि की है।उन्होंने कहा कि हम इस पूरी घटना से बहुत कुछ सीख रहे हैं और अगर कहीं पर कुछ कमी रही है तो उसे सही किया जाएगा, क्योंकि राज्य सरकार यह नहीं चाहती कि युवाओं के साथ किसी तरह का धोखा हो। जिन लोगों ने भी यह षडयंत्र किया है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सरकार ने लोगों से अपील की है कि अगर ऐसे किसी भी मामले की जानकारी किसी भी व्यक्ति के पास है तो वह राज्य सरकार, शासन और पुलिस से जानकारी साझा कर सकता है।

ज्ञात हो कि बीते 21 सितंबर को आयोग ने स्नातक स्तरीय पदों की लिखित परीक्षा आयोजित की थी। प्रदेश भर के 445 केंद्रों पर सुबह 11 बजे परीक्षा एक साथ शुरू हुई थी, लेकिन परीक्षा शुरू होने के कुछ देर बाद ही प्रश्न पत्रों से जुड़े कुछ स्क्रीनशॉट्स सामने आए थे। इसके बाद ही उत्तराखंड बेरा. ेजगार संघ ने पेपर लीक होने के आरोप लगाए थे।




इस घटना के बाद प्रदेश में हड़कंप मच गया था। इन सबके बाद उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से देहरादून एसएसपी अजय सिंह को एक प्रार्थना पत्र दिया गया था।

21 सितंबर देर रात ही देहरादून एसएसपी अजय सिंह और यूकेएसएसएससी अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया ने संयुक्त रूप से एक प्रेस वार्ता की थी। इस दौरान यूकेएसएसएससी अध्यक्ष मर्तोलिया ने कहा था कि जैमर लगने के बावजूद परीक्षा केंद्र से प्रश्न पत्र कैसे बाहर आए? ये हैरान करने वाला है। इसके अलावा उन्होंने ये भी कहा कि पेपर लीक नहीं हुआ, सिर्फ प्रश्न पत्र के तीन पन्ने बाहर आए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो खालिद नाम के व्यक्ति का नाम सामने आया, जिसे पुलिस ने 23 सितंबर हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने खालिद की बहनों को भी हिरासत में लिया है।

हालांकि बाद में एक को छोड़ दिया था। वहीं दूसरी बहन साबिया को गिरफ्तार कर लिया था। जांच में सामने आया कि पेपर आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज बहादरपुर जट हरिद्वार से लीक हुआ था। इस सेंटर पर खालिद भी परीक्षा देने गया था।

जांच में ये सामने आया कि जिस केंद्र में खालिद परीक्षा दे रहा था, उस केंद्र में कुल 18 कमरे थे। केंद्र में परीक्षा के लिए कुल 15 जैमर लगे थे, लेकिन कमरा नंबर 9, 17 और 18 में जैमर नहीं लगे हुए थे। इन्हीं में से एक कमरा नंबर 9 में खालिद परीक्षा दे रहा था। इसी कमरे से बैठकर खालिद ने किसी डिवाइस से परीक्षा के तीन पेज अपनी बहन साबिया को भेजे थे और साबिया ने प्रोफेसर सुमन चौहान को भेजे थे।

वर्तमान समय में खालिद और उसकी बहन पुलिस की गिरफ्त में हैं। हालांकि, खालिद का मोबाइल गायब है। पुलिस ने बताया था कि इस मामले के बाहर आने के बाद खालिद लखनऊ भाग गया था। हालांकि, वहीं से लौटते समय पुलिस ने उसे हरिद्वार से गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस को खालिद के मोबाइल की तलाश है, जो उसने कहीं गुम कर दिया है। पुलिस को उम्मीद है कि खालिद के मोबाइल से कई राज खुल सकते हैं।

यूकेएसएसएससी पेपर से ठीक पहले 20 सितंबर की रात को पुलिस ने नकल माफिया हाकम सिंह और उसके साथी को भी गिरफ्तार किया था। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने कुछ अभ्यार्थियों को परीक्षा में पास कराने का झांसा दिया था और इसी आधार पर आरोपियों ने उसे 15-15 लाख रुपए मांगे थे।

# 116 योग प्रशिक्षक व 104 प्रयोगशाला सहायकों को मिले नियुक्ति पत्र


**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज दून विश्व. विद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में 116 योग प्रशिक्षकों एवं 104 प्रयोगशाला सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर डॉ. रावत ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को अपने कार्य की सम्पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से नव-नियुक्त कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, ताकि उन्हें अपने उत्तरदायित्वों की जानकारी रहे और कार्यस्थल पर किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।



योग प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ. रावत ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की आत्मा है और स्वस्थ समाज निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य सरकार का प्रयास है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में योग को केवल एक विषय न मानकर, जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने कहा कि योग प्रशिक्षक विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएँगे। कार्यक्रम में दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, उच्च शिक्षा निदेशक वी.एन. खाली, संयुक्त निदेशक डॉ. ए. एस. उनियाल, दून विवि के डीन प्रो. एच सी पुरोहित, डॉ ममता ड्यूडी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं नव चयनित अभ्यर्थी उपस्थित रहे।




# युवाओं को भड़काने के लिए शुरू किया जा रहा नकल जिहाद : सीएम

■ भाजपा की कार्यशाला में मुख्यमंत्री ने दिया बड़ा बयान ■ कहा, जब तक नकल माफिया को मिट्टी में नहीं मिला दिया जाता, हम चैन से नहीं बैठेंगे



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग पेपर लीक मामले को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़ा बयान दिया है। सीएम धामी ने कहा प्रदेश में युवाओं को भड़काने के लिए नकल जिहाद शुरू किया जा रहा है। उन सभी नकल माफियाओं और जिहादियों को बता देना चाहता हूं कि जब तक नकल माफिया को मिट्टी में नहीं मिला दिया जाता, हम चौन से नहीं बैठेंगे। सीएम धामी ने कहा हमने राज्य में नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है। जिसके चलते 25000 पदों पर पारदर्शी तरीके से भर्तियां संपन्न हुई हैं, लेकिन कुछ लोगों को यह रास नहीं आ रहा है।

सीएम धामी ने कहा कि हम भ्रष्टाचार पर भी कड़ा प्रहार कर रहे हैं। आईएएस और पीसीएस अधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। स देवभूमि में कोई भी हमारी जमीन को नहीं हड़प सकता। हमारी सरकार ने मदरसा बोर्ड को भी समाप्त करने का निर्णय लिया है। सीएम धामी ने ये बयान उत्तराखंड भाजपा की राज्य स्तरीय संगठनात्मक कार्यशाला आयोजन में दिये। इस कार्यशाला का मुख्य एजेंडा 2027 के मिशन हैट्रिक और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना है। कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सह-प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट और प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजय भी शामिल हुए।

# नकल जिहाद के षड्यंत्र को किया जाएगा नेस्तानाबूद: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि विकास मे बाधक नकल जिहाद को नेस्तानाबूत करने के लिए धामी सरकार प्रतिबद्ध है। भट्ट ने कहा कि साजिश में लगे किसी को भी बख्सा नही जायेगा। युवाओं को भड़काने के लिए नकल जिहाद का स्वरूप दिया जा रहा है, जिस पर पार्टी संगठन और सरकार सतर्क है।

भाजपा प्रदेश संगठनात्मक कार्यशाला दौरान पत्रकारों के सवालों के जवाब में भट्ट ने कहा कि परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे के पश्चात जो वातावरण तैयार किया गया वह गहरी साजिश है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा केंद्र संचालित करने वाले इंस्टीट्यूट की छवि को भी धूमिल करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि इस साजिश की पुलिस जांच कर रही है और दूध का दूध तथा पानी का पानी साबित हो जायेगा। प्रदेश मे नकल जिहाद चलाकर युवाओं को भड़काने और अराजकता का वातावरण तैयार करने की कोशिशों को सफल नही होने दिया जायेगा। भट्ट ने कहा कि राज्य मे धामी सरकार द्वारा 25 हजार लोगों को रोजगार दिया जाना हो या पारदर्शी परीक्षा का आयोजन कर नकल विरोधी कानून सब जनता जानती है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर जिहाद को सरंक्षण और पोषित करने वालों को कानूनी दायरे मे लायेगी। पार्टी के प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और युवा सीएम पुष्कर सिंह धामी युवाओं के हितैषी हैं और उनके हित मे कई कई निर्णय लिये हैं।

# कोर्ट का आपदा प्रभावित क्षेत्रों में न्यायिक कार्यवाही को लेकर बड़ा आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में न्यायिक कार्यवाही को लेकर एक बड़ा आद. ेश जारी किया है। बता दें हाल ही में राज्य में लगातार हो रही बादल फटने समेत भूस्खलन और प्राकृतिक आपदाओं के चलते आमजन के जीवन एवं संपत्ति को भारी क्षति पहुँची है और आवाजाही भी बाधित हुई है।

इस परिस्थिति को देखते हुए मुख्य न्यायाधीश ने निर्देश दिए हैं कि नवंबर -2025 के अंत तक राज्य की सभी जिला एवं परिवार न्यायालयों में यदि पक्षकार या अधिवक्ता समय पर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो पाते हैं तो उनके विरुद्ध कोई प्रतिकूल आदेश पारित नहीं किया जाएगा। इस संबंध में रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता द्वारा परिपत्र जारी कर सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीशों तथा परिवार न्यायालयों के प्रधान न्यायाधीशों तथा न्यायाधीशों को आदेशों की सूचना दी गई है।

# सरकार ने मांगे जनता से सुझाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य सरकार द्वारा आजादी के 100वीं वर्षगांठ के सुअवसर पर वर्ष 2047 तक प्रदेश को विकसित बनाने के संकल्प के साथ विकसित भारत राज्य अभियान के तहत विकसित उत्तराखण्ड विजन 2047 तैयार किया जा रहा है। इसके लिये विजन डॉक्यूमेंट को नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार करने के लिये आम जनमानस, शोध एवं शैक्षणिक संस्थानों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं समुदाय आधारित संगठनों से सुझाव आमंत्रित किये गये है। इस संबंध में प्राप्त सुझावों को यथोचित ढंग से विजन डॉक्यूमेंट में समाहित किया जायेगा ताकि विकसित उत्तराखण्ड विजन 2047 के बेहतर क्रियान्वयन का आधार तैयार हो सके। इस क्रम में प्रमुख सचिव नियोजन उत्तराखण्ड द्वारा सभी संबंधित से विकसित उत्तराखण्ड विजन हेतु अपने सुझाव 20 अक्टूबर, 2025 तक ऑनलाईन वेबसाईट पर प्रेषित करने की अपेक्षा की है। उन्होंने बताया है कि इससे संबंधित सुझाव क्यू आर कोड के माध्यम से भी उपलब्ध कराए जा सकते हैं।



# पेपर लीक पर भड़के बेरोजगार युवा

## सीबीआइ जांच की मांग, गांधी पार्क में प्रदेश सरकार के खिलाफ ज़ोरदार प्रदर्शन, रैली

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा में पेपर लीक मामले को लेकर बेरोजगार युवाओं का आक्रोश भड़क गया है। बुधवार को आक्रोशित युवा सड़क पर उतर आए। इस दौरान बड़ी संख्या में मालरोड स्थित गांधी पार्क पहुंचे बेरोजगारों ने शहर में विरोध रैली निकाल सीबीआई जांच और परीक्षा को निरस्त करने की मांग उठाई। बुधवार को नगर के मालरोड स्थित गांधी पार्क में सुबह 10 बजे युवा बेरोजगार जुटने शुरू हुए। यहां आम सभा कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आम सभा के बाद बड़ी संख्या में युवाओं ने नगर के गांधी पार्क से मालरोड होते हुए मिलन चौक, लाला बाजार, बाटा



चौक, कारखाना बाजार, जौहरी बाजार, थाना बाजार होते हुए वापस चौघानपाटा तक विरोध रैली निकाली। युवाओं ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य अधर में है। लगातार पेपर लीक प्रकरणों से मेहनतकस युवा हताश है। वहीं, युवा बेरोजगारों ने पेपर लीक मामले में दोषियों लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और मामले की सीबीआई जांच की मांग उठाई। यूकेएसएसएससी की स्नातक स्तरीय परीक्षा में पेपर लीक मामले में युवाओं के विरोध प्रदर्शन को कांग्रेस, उत्तराखंड क्रांति दल, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी समेत कई संगठनों ने अपना समर्थन दिया। इस मौके पर युवाओं के धरने को समर्थन देने पहुंचे विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि पारदर्शी परीक्षा के सभी दावे एक बार फिर फेल साबित हुए है। उन्होंने पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। यहां विनय किरौला, गिरीश नाथ गोस्वामी, भैरव गोस्वामी, रोहित कुमल्टा, दीपक लोहनी, दीपा जोशी, सुजीत टम्टा, दानिश कुरैशी, विनोद तिवारी, सुंदर लटवाल, भूपेंद्र कोरंगा, अजय जोशी, उज्ज्वल जोशी, प्रदीप सिंह मेहता, अखिलेश टम्टा, सूरज वाणी, दिव्या जोशी, रश्मि, लोकेश सुप्याल, विशाल बिष्ट, गोपाल मोहन भट्ट, आशुतोष पंत, मुकेश नेगी, राज अधिकारी, दिनेश गिरी, ललित मोहन, अमित सिंह चौहान, सागर मेहरा, पवन भट्ट, दानिश कुरेशी, मुकुल सहित सैकड़ों युवा मौजूद रहे।

### युवाओं के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़ः तिवारी

**अल्मोड़ा।** यूकेएसएसएससी की स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर अल्मोड़ा कांग्रेस विधायक मनोज तिवारी ने बुधवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने आयोग के कर्मचारियों को बदलने और मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई। पार्टी दफ्तर में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक तिवारी ने कहा कि राज्य में पेपर लीक की घटनाएं अब आम हो चुकी हैं, लेकिन भाजपा सरकार चुपचाप तमाशा देख रही है। कहा यह पहली बार नहीं हो रहा। उत्तराखंड में हर बड़ी परीक्षा से पहले पेपर लीक की खबरें आती हैं, लेकिन सरकार कोई कड़ा कदम नहीं उठाती। यह बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा की नकल विरोधी कानून बनने के बाद भी भाजपा सरकार में उन्हीं के कार्यकर्ता नकल विरोधी कानून की धज्जियां उड़ा रहे है। पेपर लीक के लगातार बढ़ रहे मामले के बाद भी सरकार द्वारा अभी तक आयोग के कर्मचारियों को बदला नहीं गया है। सरकार को आयोग के सभी कर्मचारियों को बदलना चाहिए। इसके साथ ही पेपर लीक मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। यहां प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पूरन सिंह रौतेला, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पीतांबर पांडे, पारितोष जोशी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर...

### एनएच पर एक घंटे थमी वाहनों की रफ्तार

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी एनएच पर क्वारब डेंजर जोन यात्रियों के लिए परेशानियों का सबब बना हुआ है। आए दिन पहाड़ी के दरकने से मार्ग में मलबा आ जाने से यातायात बाधित हो रहा है। बुधवार को भी एकाएक पहाड़ी के दरकने से मोटर मार्ग में मलबा आ गया। मलबा आ जाने से मार्ग में यातायात बाधित हो गया। मोटर मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गए। जिससे यात्रियों को फजीहत का सामना करना पड़ा। मलबा आने के बाद प्रशासन की ओर से जेसीबी की मद् से मार्ग में आए मलबे को हटाया गया। एक घंटे बाद मार्ग छोटे वाहनों के लिए खोला जा सका। मार्ग से बड़े वाहनों के आवागमन पर फिलहाल रोक लगा दी गई है।

### आगामी त्योहारों को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा के निर्देश पर बुधवार को फायर स्टेशन अल्मोड़ा में कर्मचारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। मौजूद कार्मिकों को आगामी त्योहारों को लेकर रुरी दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेंद्र सिंह कुंवर ने बताया कि कार्मिकों को स्टेशन की साफ सफाई, व राजकीय संपत्ति का दुरुपयोग न करने, समस्त कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी एवं टर्नआउट के लिए तत्पर रहने तथा अनुशासन उच्च कोटि का बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया। महिला फायरमैन की पिछले सम्मेलन में दी गई समस्याओं का निराकरण किया गया। साथ ही आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए स्टेशन इंचार्ज को स्टेशन में अधिक संख्या में उपस्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए।

### अल्मोड़ा में मां चंद्रघंटा के जयकारों से गूंजे मंदिर

**अल्मोड़ा।** नवरात्र के तीसरे दिन मां के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही नगर के मंदिरों समेत दुर्गा पंडालों में मां के भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह से ही शंख घंटियों की ध्वनि से पूरा माहौल भक्ति रहा। बुधवार को मां के भक्तों ने उपवास रख कर मंदिरों और घरों में सुंदरकांड और भजन कीर्तन किए। वहीं, दुर्गा पंडालों में मां के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की गई। नगर के मालरोड स्थित चौघानपाटा, लाला बाजार, गंगोला मोहल्ला, धारानौला, न्यू इंड्रा कालोनी खत्याड़ी, राजपुरा, लक्ष्मेश्वर, दुगांधारा आदि स्थानों पर आयोजित दुर्गा महोत्सवों में भजन कीर्तनों की धूम रही। इधर, लोअर मालरोड स्थित न्यू इंड्रा कालोनी खत्याड़ी में आयोजित दुर्गा महोत्सव में मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई। यहां व्यास ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई।

### व्यापारी नेता भीमा को पितृ शोक

**अल्मोड़ा।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद पवार भीमा के पिता राम चंद्र सिंह का निधन हो गया है। बुधवार को व्यापारियों ने एक शोक सभा आयोजित की। जिसमें प्रमोद पवार के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मृतक आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। यहां शोक जताने वालों में जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार, नगर अध्यक्ष संजय साह 'रिक्खू', प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर, राज. कुमार केसरवानी, अनिल खंडेलवाल, मनोज वर्मा, वंदना वर्मा, मनु गुप्ता, दीप चंद्र जोशी, हिमांशु कांडपाल, यूसुफ तिवारी, गोपाल दत्त मासीवाल, कमल साह, प्रकाश पपनोई, अमित पांडे, सूरज रावत, अशोक सिंह बिष्ट, मदन रावत, हिमांशु बिष्ट, दीपक जोशी, आनंद सिंह भोज, नीरज थापा, कमल बिष्ट, गणेश जोशी आदि ने शोक संवेदना प्रकट की।



### ऋण जमा अनुपात बढ़ाने के निर्देश

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगाईं की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री व पुनरीक्षण समिति की बैठक हुई। डीएम ने बैंकर्स को ऋण जमा अनुपात बढ़ाने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ऋण वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कम प्रदर्शन वाले बैंकों पर नाराजगी जताते हुए आरबीआई की गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित करने को कहा। ऋण आवेदनों के निस्तारण में पारदर्शिता बरतने और निरस्तीकरण की सूचना तुरंत देने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सीडीओ आरसी तिवारी, लीड बैंक अधिकारी शंकर सिंह दुग्ताल, नाबार्ड प्रतिनिधि गिरीश पंत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक से मिले कांडा के व्यापारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कांडा के व्यापारी बुधवार को क्षेत्रीय विधायक से मिले। व्यापारियों ने विधायक को समस्या बताई। साथ ही समस्याओं का समाधान करने के लिए ज्ञापन सौंपा। तहसील कांडा के व्यापारियों ने विधायक सुरेश गढ़िया से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने विधायक गढ़िया को ज्ञापन सौंपा। कहा कि कांडा बाजार में इन दिनों गुलदार का आतंक है। रात में दुकानें बंद होने के बाद रोशनी का संकट रहता है। उन्होंने बाजार में 20 सोलर लाइट लगवाने व 15 सीसीटीवी लगाने के साथ ही बाजार में शुलभ शौचालय बनाने की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि जिला पंचायत ने क्षेत्र मे कूड़ेदान लगाए हैं, लेकिन उनकी नियमित सफाई नहीं हो रही है। यहां सफाई के अलावा हर दुकान में डस्टविन देने की मांग की है। व्यापारियों ने कहा कि इन दिनों शारदीय नवरात्र चल रहे हैं। कालिका मंदिर में नवरात्र की पंचमी, अष्टमी व नवमी में खासी भीड़ रहती है। वहां पानी का संकट रहता है। इन तीन दिनों वहां पानी का टैंकर उपलब्ध कराने की बात कही। इस मौके मौके पर सुंदर गढ़िया, महेश सिंह, कुंदन सिंह, दीवान सिंह आदि मौजूद थे।

## पटाल बाजार के सौंदर्यीकरण को लेकर बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** नगर के ऐतिहासिक पटाल बाजार के सौंदर्यीकरण को लेकर होने वाले कार्यों के संबंध में बुधवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में बैठक हुई। बैठक में बाजार के सौंदर्यीकरण तथा बिजली के तारों एवं पानी के पाइपों को अंडरग्राउंड करने के लिए जिला. धिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दोपहर करीब 03 बजे तक चली बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कहा कि सौंदर्यीकरण के कार्यों से पूर्व बाजार के सभी हितधारकों, व्यापारियों एवं नगर निगम के साथ संयुक्त रूप से बैठक की जाए तथा सभी कार्यों को लेकर बाजार के हितधारकों एवं व्यापारियों के साथ वार्ता की जाए, जिससे हितधारकों में किसी भी आशंका की गुंजायस न रहे। जिला. धिकारी ने बिजली एवं पानी सप्लाई से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वें अपने अपने कार्यों की रूपरेखा जल्द से जल्द तैयार कर लें। उन्होंने कंसल्टेंट कंपनी के अधिका. रियों को कहा कि पूरे बाजार का भ्रमण करें तथा देखें कि बाजार के सौंदर्यीकरण को लेकर क्या क्या संभावनाएं हैं। साथ ही कहा कि बाजार के सौंदर्यीकरण के लिए डिजाइन एवं सामग्री सभी उच्च गुणवत्ता की ही होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जल निकासी की उपयुक्त व्यवस्था बनाई जाए। बैठक में जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश सिंह खत्री ने पटाल बाजार के सौंदर्यीकरण को लेकर अब तक हुई कार्यवाहियों का ब्यौरा बैठक में जिलाधिकारी के सम्मुख रखा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी संबंधितों के साथ समन्वय बनाते हुए कार्यों को गतिशील बनाएं।

## प्राकृतिक खेती पर वाद-विवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** आयुष दिवस के अवसर पर पंतनगर विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में वृक्षायुर्वेद आधारित प्राकृतिक खेतीः समग्र स्वास्थ्य का एकल समाधान विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन वाईएलनैने सेंटर फॉर वृक्षायुर्वेद रिसर्च एंड ट्रेनिंग



परियोजना, विश्वविद्यालय लिटरेसी सोसाइटी एवं एशियन एग्री-हिस्ट्री फाउंडेशन के सहयोग से किया गया, जिसमें स्नातक व स्नातकोत्तर के लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि अधिष्ठाता डा. सुभाष चंद्र, डा. एएस जीना एवं डा. रोहिताशव सिंह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। परियोजना प्रमुख डा. सुनीता टी. पांडेय ने वृक्षायुर्वेद की समग्र स्वास्थ्य में भूमिका पर प्रकाश डाला। पद्मश्री भारत भूषण त्यागी व दिनेश कुलकर्णी ने ऑनलाइन संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। निर्णायक मंडल में डा. प्रीति चतुर्वेदी, डा. एके उपाध्याय सहित अन्य शिक्षकगण शामिल रहे। अतिथियों को 'वृक्षायुर्वेद' पुस्तक स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई। विज. ेताओं को डा. वाईएल नैने की जयंती पर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन डा. अमित केशरवानी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## नौले की मरम्मत का कार्य शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**सोमेश्वर।** आखिरकार एक साल पूर्व हुई अतिबृष्टि से क्षतिग्रस्त ग्राम सूपाकोट के प्राचीन नौले की मरम्मत और गधेरे की निकासी का कार्य प्रारम्भ हो गया है। खण्ड विकास अधिकारी खजान चन्द्र जोशी ने बुधवार को अधीनस्थ अधिकारियों की टीम के साथ ग्राम सूपाकोट में आकर प्रभावित ग्रामीणों से वार्ता कर उक्त जानकारी दी और अधीनस्थ अधिकारियों को यह कार्य शीघ्रा. तिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बता दें कि उक्त कार्य के सम्बन्ध में 13 मई को समझौते का पालन नहीं होने से ग्रामीण गुस्से में थे। प्रभावित ग्रामीणों ने वादाखिलाफी के खिलाफ आन्दोलन के लिए 27 सितम्बर तक का अल्टीमेटम दिया था। बीडीओ खजान चन्द्र जोशी ने पूर्व में हुए



समझौते के अनुरूप कार्य नहीं हो पाने के लिए खेद व्यक्त किया। अधिका. रियों ने नौले और गधेरे का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डे ने कहा कि समय रहते समझौते के अनुरूप कार्य हो गया होता तो बरसात में गधेरे का पानी आसपास के घरों में नहीं घुसता। बरसात में आसपास के घरों के गोठ में पानी घुसने से नुकसान हुआ। वार्ता में एडीओ पंचायत एचएस कुबार्वी, वीडीओ बीएम गोस्वामी, अमित कुमार, वीपीडीओ गौरव पाण्डे, नरेन्द्र बोरा, जेई पंचायत नमन बलोदी, जेई मनरेगा करन लोहनी, डीपीओ धीरज बेढी, जीपी लोहनी, ग्रामीणों की ओर से रमेश चन्द्र पाण्डे, धीरज पाण्डे, दीप पाण्डे, देवकीनन्दन उप्रेती, रवि आर्या, मोर्ा. हत पाठक, मोहित पाण्डे, पायल पाठक, जुगल किशोर पाण्डे, देवेन्द्र पाण्डे आदि थे।

## एनएसएस का उद्देश्य समझाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**शांतिपुरी।** आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज शांतिपुरी में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवाद प्रधानाचार्य डा. बीसी भट्ट, पीटीए अध्यक्ष मोहन सिंह कोरंगा व एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर की गई। प्रभारी श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्य, महत्त्व एवं मुख्य कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. बीसी भट्ट ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनसे एक आदर्श स्वयंसेवक बनने और समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम को शिक्षक-अभिभावक संघ अध्यक्ष मोहन सिंह कोरंगा, पूर्व एनएसएस



प्रभारी फकीर चंद, सह-प्रभारी प्रियंका पवार तथा हिंदी प्रवक्ता एनपी सिंह ने भी अपने विचार रखे और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिसर में स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें उन्होंने श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में सेवा भावना, समाज के प्रति उत्तरदायित्व और सामूहिक कार्य की भावना को और भी प्रबल किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता पीएन सिंह, अनिल कुमार, पीटीआई नवीन भट्ट सहित अनेक शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## काली पट्टी बांध काम पर लौटे डाक्टर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिले चिकित्सों पर हुई कार्यवाही के बाद यहां चिकित्सकों का आक्रोश कम नहीं हुआ है। मंगलवार को एक दिवसीय ओपीडी बहिष्कार के बाद बुधवार को जिला अस्पताल में चिकित्सक हाथों में काली पटी बांधकर काम पे लौटे। डाक्टरों का कहना है कि मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो इसलिए मरीजों को देखा जा रहा है। हालांकि चिकित्सकों ने शासन प्रशासन को 5 दिनों का समय दिया है। यदि आने वाले दिनों में उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे प्रदेश व्यापारी प्रदर्शन करेंगे।



इधर मंगलवार को ओपीडी बंद होने से सारे मरीज बुधवार को अस्पताल में सुबह से ही लाइन में खड़े दिखे। दो दिनों का दिनों का लोड एक दिन में कम करने के लिए चिकित्सकों को दिन भर फुर्सत नहीं मिली। चिकित्सक संघ के अध्यक्ष डा. गिरीश शंकर जोशी ने कहा कि सरकार के निर्णय के खिलाफ उनका विरोध जारी है। पांच दिन तक इसी तरह विरोध रहेगा। अगर इसके बाद भी उनकी मांग नहीं मानी गई तो वह प्रदेश स्तर पर आंदोलन शुरू करेंगे।

## शांति व्यवस्था बनाए रखें सभी शहरवासीः शफीक अहमद अंसारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शफीक अहमद अंसारी ने मौहल्ला अल्लीखां में 21 सितम्बर की रात्रि को हुई घटना को निन्दनीय बताते हुए कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पूरे मुस्लिम समाज की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। बच्चों को भड़काकर पुलिस बल पर किये गये हमले से न केवल शहर की शांति व्यवस्था भंग हुई बल्कि ऐसे अनैतिक कार्यों से साम्प्रदायिक सौहार्द भी बिगड़ता है। उन्होंने शहरवासियों से शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी हाल में लॉइन आर्डर अपने हाथों में ना लें, ताकि शहर कौमी एकता का गुलदस्ता बना रहे। उन्होंने सभी से अपील की कि ऐसे असामाजिक तत्वों से भी दूर रहें, जो नगर की शांति व्यवस्था को भंग करने और अलगाव की स्थिति उत्पन्न करने में लगे रहते हैं। उन्होंने पुलिस से भी अनुरोध किया कि वास्तविक आरोपियों पर ही कार्यवाही की जाए।

### शक्ति केंद्र सिमगड़ी में अटल चौपाल

**बागेश्वर।** भाजपा दुग-नाकुरी मंडल के शक्ति केंद्र सिमगड़ी में अटल चौपाल लगाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं आम जन तक पहुंयाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र राठौर, मंडल महामंत्री देवेंद्र महर, राजेंद्र महर, जगदीश गैड़ा, होशियार महर, शेर सिंह महर, मोहन मेहता रहे।

## विक्टोरिया की टीम ने जीता खिताब

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित विक्टोरिया प्रीमियर लीग का समापन हो गया है। रविवार को विक्टोरिया क्लब और शिव शक्ति के बीच फाइनल



मुकाबला खेला गया। जिसमें विक्टोरिया की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी, मेयर अजय वर्मा और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद भोज ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टॉस जीतकर विक्टोरिया ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी शिव शक्ति की टीम ने 16 ओवरों में 10 विकेट खोकर 135 रन बनाए। लक्ष्य का पीछे करने उतरी विक्टोरिया ने कड़े मुकाबले में 18 ओवरों में 8 विकेट खोकर 138 रन बना कर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह रोमांच से भरे इस महा मुकाबले में टीम विक्टोरिया ने दो विकटों से जीत दर्ज कर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच टीम विक्टोरिया के ऑल राउंडर भरत अधिकारी रहे। यहां अतिथि की ओर से विजेता और उपविजेता टीमों को नगद धनराशि और ट्राकी प्रदान कर सम्मानित किया गया। यहां क्लब के अध्यक्ष मनोज सिंह पवार, जगद. ीश चौहान, ललित कनवाल, रोहित भट्ट, लियाकत अली खान, कैलाश मेहरा, मदन रावत, अरुण वर्मा, गौरव कुमार, दीप चंद्र जोशी, पप्पू जोशी, अनिल कनवाल, सूरज परिहार, नरेंद्र बगड़वाल, आबिद अली, संजय वर्मा, संगम पांडे, अंकित पांडे, विजय भट्ट, प्रकाश जोशी, मदन रावत, गिरीश नाथ गोस्वामी, ज्योति बिष्ट आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## आईजीएल ने लगाया निशुल्क शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत आज इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड द्वारा लगाए गए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का महापौर दीपक बाली ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज देश दिन



दूनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। आज पूरी दुनिया भारत के विकास को द ेखा क र आश्चर्यचकित है। श्री बाली ने कहा कि आइए इस बार त्योहारों के अवसर पर स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी कर अपनी संस्कृति सभ्यता और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहयोग करें। उन्होंने श्री मोदी के जन्मदिन पर यह चिकित्सा शि. विर आयोजित करने पर आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इंडिया ग्लाइकोल्स कंपनी के एमपी हाल में आयोजित इस मेगा हेल्थ निःशुल्क शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुँच कर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस दौरान शिल्पी सिंघल, सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल, एचआर एडमिन राजेश कुमार, एजीएम एडमिन विक्रांत चौधरी, मैनेजर लाइजनिंग रमेश उपाध्याय समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और आमजन मौजूद रहे।

## मुर्गी, अंडों की खरीद पर लगी रोक हटी

**बागेश्वर।** जिले में बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद बाहरी जिलों से मुर्गियों और अंडों की खरीद पर रोक लगी थी। जो अब नए आद. ेशों के अनुसार कुछ शर्तों के साथ हटा दी गई है। कौसानी के सैली गांव के दस किमी परिधि में यह रोक जारी रहेगी। बता दे कि कौसानी के सैली गांव में बीते माह मुर्गियों में एवियन इन्फ्लूइंजा के लक्षण मिले थे। इसके बाद प्रशासन ने 15 अगस्त को इसके दस किमी तक के एरिया को संवे. दनशील घोषित किया था। साथ ही जिले में बाहरी क्षेत्र से मुर्गियों के लाने और ले जाने पर रोक लगा दी थी। इसके अलावा पशुपालन विभाग पोल्ट्री फार्म में पूरी तरह नजर बनाए हुए था। रोग के रोकथाम के लिए टीम भी गठित की थी। टीम को मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा तैयार एक्शन प्लान भी दिए गए।

# बख्शे नहीं जाएंगे अराजकता फैलाने वालेः डीएम

## जिलाधिकारी ने अलीखां बवाल मामले में बैठक ली, क्षेत्र का निरीक्षण भी किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** मोहल्ला अली खां में हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुए जिला. धिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि अराजकता कतई बर्दास्त नही की जायेगी। अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। यह बात जिलाधिकारी ने काशीपुर एसपी कार्यालय में कानून व्यवस्था की बैठक लेते हुए कही। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को क्षेत्र में सभी प्रकार की योजनाओं का सत्यापन करने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मोहल्ला अली खां क्षेत्र का अधिकारियों के साथ मौका मुयायना किया। उन्होंने मौके पर हटाये गये अतिक्रमणों का निरीक्षण करते हुए सभी नालियों की सफाई कराने के निर्देश नगर आयुक्त को दिये साथ उन्होंने सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने हाउस टैक्स,



दुकानों के लाइसेंस जांच के साथ ही क्षेत्र में रह रहे लोगों का सत्यापन करने, वोटर लिस्ट सत्यापन, विद्युत संयोजनों, पेयजल संयोजनो व राशन कार्डो का शतप्रतिशत सत्यापन करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने मोहल्ला अली खां क्षेत्र में रात्रि गश्ती करने के निर्देश पुलिस को दिये साथ ही उप खण्ड अधिकारी विद्युत को विद्युत संयोजनों का सत्यापन करते हुए जिन लोगों के विद्युत बिल लम्बित है अथवा जिन घरो में विद्युत संयोजन नही है उनको नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने पूर्ति अधिकारी को सघन अभियान चलाकर राशन कार्डो का सत्यापन करने के निर्देश दिये। जो लोग राशन कार्डो सत्यापन नहीं करायें उनके राशन कार्ड निरस्त करने के निर्देश भी दिये। क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक ने बताया कि विगत तीन दिन में 401 राशन कार्डो का सत्यापन किया गया जिसमे से 83 राशन कार्ड अपात्र पाये गये, जिनके निरस्तीकरण की संस्तुति कर दी गयी है। नगर आयुक्त ने बताया कि मौहल्ला अली खां में लगभग 200 अतिक्रमण हटाए गए। उप खण्ड अधिकारी विद्युत ने बताया कि विद्युत संयोजनों का सत्यापन किया जा रहा है, 13 विद्युत संयोजन विभिन्न कमियां पाये जाने पर काटे गये है। जिलाधिकारी ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक अभय सिंह, नगर आयुक्त रविन्द्र बिष्ट, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चन्दोला, उप खण्ड अधिकारी विद्युत महक मिश्रा, क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षण मलकीत सिंह आदि मौजूद थे।

## खनिज न्यास निधि से जनहित योजनाओं को मिलेगी प्राथमिकता

बागेश्वर। बुधवार को जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास की प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रों में चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा और नए प्रस्तावों पर चर्चा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि न्यास निधि का उपयोग प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत हो और इसका सीधा लाभ छात्रों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और प्रभावित लोगों को मिले। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने पर जोर दिया। बैठक में ग्राम प्रधानों से स्थानीय जरूरतों की जानकारी भी ली गई। इस अवसर पर सीडीओ आरसी तिवारी, एडीएम एनएस नबियाल, जिला खनन अधिकारी नाजिया हसन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## काशीपुर को काशी की तरह ही सजाया जाएगाः दीपक बाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने केडीएफ द्वारा द्रोणा सागर पर आयोजित नवरात्रि महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए माता रानी का



आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में निर्वाण म्यूजिकल इवेंट ग्रुप द्वारा माता रानी के भजनों से माहौल को और भक्तिमय कर दिया गया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा था कि काशीपुर को काशी की तर्ज पर सजाएंगे। उनकी उसी घोषणा के अनुरूप काशीपुर का विकास किया जा रहा है और इस काम में मुख्यमंत्री श्री धामी का भरपूर सहयोग आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकास की किरण से काशीपुर का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं बचेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष बांके गोयनका, कार्यक्रम संयोजक अश्वनी शर्मा, कार्यक्रम व्यवस्थापक चक्रेश जैन, केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई, केडीएफ सचिव शरत गोयल, प्रमोद अग्रवाल, डॉ. योगराज सिंह, ललित बाली, मुनीश कान्त शर्मा उपस्थित रहे।

# गाड़ियों का काफिला, जुलूस के साथ शक्ति प्रदर्शन

## कुमाऊं के सबसे बड़े महाविद्यालय में शवाब पर छात्रसंघ चुनाव: अध्यक्ष समेत 11 पदों पर 63 नामांकन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के सबसे बड़े महाविद्यालय एमबीपीजी कालेज में छात्रसंघ चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने पूरे दमखम के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। ढोल-नगाड़ों और गाड़ियों के काफिलों के साथ प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ नैनीताल रोड में जुलुस निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। छात्रसंघ अध्यक्ष समेत 11 पदों के लिए 63 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। छात्रसंघ अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशियों एबीवीपी से अभिषेक गोस्वामी, एनएसयूआई से कमल बोरा और निर्दलीय से मो. अरशद ने नामांकन दाखिल किया। वहीं सचिव पद पर गौरव तिवारी, छात्रा उपाध्यक्ष पर ज्योति दानु, संयुक्त सचिव में मनोज सिंह बिष्ट और सांस्कृतिक सचिव में जतीन तिवारी का एकमात्र नामांकन होने के कारण इनका निर्विरोध चुना जाना तय है। मुख्य मुकाबला एबीवीपी से अभिषेक गोस्वामी और एनएसयूआई से कमल बोरा के बीच माना जा रहा है। एमबीपीजी कालेज छात्रसंघ चुनाव में बुधवार को छात्रसंघ के 11 पदों के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। छात्रसंघ के 11 पदों के लिए 63 प्रत्याशियों ने नामांकन कराये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. संजय खत्री ने बताया कि अध्यक्ष पद तीन प्रत्याशियों अभिषेक गोस्वामी, कमल बोरा और मो. अरशद का नामांकन हुआ है। उपाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी मनीष चंद्र व वंश देव, कोषाध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी प्रियंका दानु, प्रिया दानु व यशवर्धन चिलवाल, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पर दो प्रत्याशी मयंक मेहता व रक्षित बिष्ट ने नामांकन दाखिल किया है। इसके अलावा कला संकाय पद पर 33, विज्ञान संकाय में 13 और वार्णिज्य संकाय में 3 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया है। वहीं सचिव, छात्रा उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और सांस्कृतिक सचिव में एकमात्र नामांकन हुआ है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच में वैध होते है तो इन 4 पदों के उम्मीदवारों को निर्विरोध चुन लिया जायेगा। डा. खत्री ने बताया कि 27 सितंबर को मतदान, मतगणना व देर रात परिणामों की घोषणा होगी। इसके बाद छात्रसंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी।









नामांकन दाखिल के दौरान कुछ ही लोगों को नैनीताल रोड में जुलूस निकालने की अनुमति दी गई। लेकिन अराजकता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जुलूस के नाम पर अराजकता करने वालों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।
**-नितिन लोहनी, सीओ**

### मैं जीत के प्रति आश्वस्त: अभिषेक गोस्वामी

एबीवीपी अध्यक्ष प्रत्याशी अभिषेक गोस्वामी ने कहा कि छात्र-छात्राओं का जो अपार समर्थन उन्हें मिल रहा है, उससे आश्वस्त हूं कि एमबी कालेज में इस बार भी एबीवीपी परचम लहरायेगी। उन्होंने कहा कि परिणाम चाहे जो भी हो वह हमेशा छात्र हित के लिए खड़ा रहेंगे। वहीं, एनएसयूआई प्रत्याशी कमल बोरा ने कहा कि छात्र-छात्राओं सर्मथन से उनकी जीत तय है। कालेज में बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राथमिकता है।

### एक बाइक व एक थार पुलिस ने की सीज



छात्रसंघ चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल के दौरान अराजकता करने वाले दो छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई साथ ही एक छात्र की बाइक व एक बिना नंबर की थार को सीज कर दी। बुधवार को दोपहर नामांकन प्रक्रिया के दौरान नैनीताल रोड में जुलूस के दौरान फराटा भर रहे एक बाइक सवार युवक को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया लेकिन बाइक सवार नहीं माने और जुलूस में अराजकता करनी शुरू कर दी। जिसके बाद सीओ नितिन लोहनी व टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बाइक सवार युवकों को दबोच लिया और उनको हिरासत मे लेकर कोतवाली ले आई, वहीं चुनाव के दौरान एक बिना नंबर की थार को भी पुलिस ने सीज कर दिया।

## महिला कॉलेज में 10 पदों पर 14 नामांकन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्रसंघ के विभिन्न पदों के लिए 14 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये।

छात्रसंघ अध्यक्ष पद में एबीवीपी की मीनाक्षी पंत और एनएसयूआई की भावना थापा के बीच मुकाबला है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर दीक्षा मेहरा, संयुक्त सचिव पर यामिनी नगदली, सांस्कृतिक सचिव ऋषिका, संकाय प्रतिनिधि कला में भावना आर्य, वाणिज्य संकाय में पूजा रंगवाल व विज्ञान संकाय में रिया सिंह बोहरा का एक-एक नामांकन दाखिल हुआ है। जिनका निर्विरोध चुना जाना तय है। वहीं सचिव पद पर प्रिंयका डालाकोटी व सिम्पी जोशी,

### 6 पदों पर निर्विरोध निर्वचन तय

कोषाध्यक्ष पद के लिए खुशी बोरा, ज्योति मेवाड़ी, विश्व विद्यालय प्रति. निधि में निष्ठा आर्य व रश्मि ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मुख्य चुनाव अधिकारी डा. तनुजा बिष्ट ने बताया कि अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी मीनाक्षी पंत और भावना थापा ने नामांकन कराया है।

वहीं सचिव पद पर दो, कोषाध्यक्ष पद पर दो, व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर दो लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, सांस्कृतिक सचिव, कला संकाय, वाणिज्य संकाय, विज्ञान संकाय में एक-एक नामांकन हुआ है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच में वैध होते है तो इन 6 पदों के उम्मीदवारों को निर्विरोध चुन लिया जायेगा। मुख्य चुनाव अधिकारी डा. तनुजा बिष्ट ने बताया कि आगामी 27 सितंबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व विश्वविद्यायल प्रतिनिधि के लिए मतदान होगा।

## भीड़ तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने फटकारी लाठियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** छात्रसंघ चुनाव नामांकन प्रक्रिया के दौरान कालेज के मुख्य गेट के आगे छात्रों के दो गुटों में भिडंत हो गई। पुलिस ने तुरंत लाठियां फटकारते हुए भीड़ को तितर बितर कर दिया। बताया जा रहा है कि छात्रों के बीच कुछ बाहरी लोगों के आने से माहौल खराब हुआ। इनमे से एक को पुलिस पकड़ कर कोतवाली ले आई। इसके अलावा छात्रों के भिड़ंत की दो-तीन छिटपुट घटना हुई।

## मेन रोड पर जुलूस निकालने से ठप रहा यातायात

एमबीपीजी कालेज छात्रसंघ चुनाव में नामांकन के दौरान नैनीताल मुख्य रोड में जुलूस निकालने के कारण जाम की स्थिति बनी रही। जिससे आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं ठंडी सड़क पर पूरी तरह से पैक रही। प्रशासन द्वारा रूट डायवर्ट न करने के कारण नैनीताल रोड में यातायात पूरी तरह से प्रभावित हुआ। सड़क के दोनों ओर प्रत्याशी समर्थकों जुलूस निकालते रहे। जिससे यातायात प्रभावित होने के साथ ही आने जाने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## महाविद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया सम्पन्न

**हल्दूचौड़।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक नामांकन की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। नामांकन की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए छात्रसंघ प्रभारी ने कहा कि अध्यक्ष पद हेतु दीपक और योगेश कुमार, उपाध्यक्ष पद हेतु संजना पाण्डे, छात्रा उपाध्यक्ष पद हेतु पूनम एवं ईशा उप्रेती, सचिव पद हेतु अक्षय कुमार एवं यशपाल राम, संयुक्त सचिव पद हेतु सागर कुमार एवं गौरव बोरा, कोषाध्यक्ष पद हेतु कमल चन्द्र पाण्डे, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद हेतु नितिन बमेटा एवं प्रतिभा दानू, सांस्कृतिक सचिव पद हेतु मनीष कुमार, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि पद हेतु गोपाल भट्ट तथा वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि पद हेतु सुरेश सरकार ने नामांकन फार्म जमा किया। वैध और अवैध प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन 25 सितंबर को अपराह्न 3.30 बजे होगा। नाम वापसी का समय 25 सितंबर को अपराह्न 1 बजे से अपराह्न 3 बजे तक सुनिश्चित है।

# छात्राओं को आत्मसुरक्षा के टिप्स




शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बुधवार को ललित महिला आर्य इंटर कालेज बनभूलपुरा में राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम के साथ आत्मसुरक्षा पर एक शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में छात्राओं को अपनी आत्मरक्षा करने के तरीकों को बताया गया और क्षणिक अभ्यास भी कराया गया।

इस दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए हमें सजग और तैयार रहना होगा। आत्मसुरक्षा के तरीके सीखने से हम अपने जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं। इस तरह के शिविरों का आयोजन आगे भी किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक महिलाएं आत्मसुरक्षा के तरीके सीख सकें। उन्होंने कहा आत्मसुरक्षा के तरीके सीखने से न केवल हम अपने जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं, बल्कि हम अपने परिवार और समाज को भी सुरक्षित बना सकते हैं। इसलिए, हमें आत्मसुरक्षा के तरीकों को सीखना चाहिए और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। बनभूलपुरा थाने में तैनात वंदना त्यागी ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर बताए। शिविर में छात्राओं ने आत्मरक्षा के तरीकों को सीखा और अपने सवालों के जवाब भी प्राप्त किए। इस दौरान इंटर कालेज की प्राचार्य निर्मला शर्मा, नीलम आर्य, चित्रा पडियार, सुनीता, इंदू, प्रतिभा आदि मौजूद रहे।

# कोटाबाग डिग्री कॉलेज में निर्विरोध 'भगवा परचम'




शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग छात्र संघ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कब्जा सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष दीपक जोशी, विश्वविद्यालय प्रति. निधि विकास जोशी, उपाध्यक्ष सचिन बधानी, छात्रा उपाध्यक्ष सुनिता बिष्ट, सचिव ललित जखवाल, उपसचिव सौरव बुढलाकोटी, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार निर्विरोध निर्वाचित चुने गए। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता, पुर्व नगर प्रमुख चंद्रप्रकाश सनवाल, पुर्व नगर प्रमुख कमल बो. हरा, वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक बधानी, ललित मोहन जोशी नगर मंत्री कंचन सोनवाल, कंचन बिष्ट जिला सह संयोजक रितु नेगी मौजूद रहे। परिषद के कार्यकर्ता कमल बोहरा द्वारा बताया गया। कार्यकर्ता की रात दिन मेहनत और छात्र के बिच लगाकर कार्य कराना वा उनके सभी समस्या का निवारण करने के परिणाम के कारण आज राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग छात्र संघ में सभी पदाधिक. ारी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं, छात्रसंघ अध्यक्ष 2025-26 दीपक जोशी का कहना है कि वह लगातार महाविद्यालय की छात्रों की समस्याओं को लेकर कार्य करेंगे उन्होंने संगठन का आभार जताया। चंद्र प्रकाश ने बताया कि कोटाबाग में अन्य छात्र संगठन शून्य हो चुके हैं। पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी।

## रामगढ़ महाविद्यालय में पहली बार चुनाव, सभी निर्विरोध

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** रामगढ़ डिग्री कॉलेज में लम्बे समय बाद छात्रसंघ का गठन हुआ। सभी प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। वर्ष 2023 में छात्र छात्राओं द्वारा समय से नामांकन पत्र जमा नहीं करा पाने पर चुनाव नहीं हो पाए। सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश चन्द्र (जीतू) ने छात्र छात्राओं को चुनाव के सन्दर्भ में बच्चों को जानकारी देते हुए। बच्चों का मनोबल बढ़ाया। 23 सितंबर को छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय से नामांकन पत्र खरीदे। 24 सितंबर को अध्यक्ष कोमल आर्या, उपाध्यक्ष दिव्या मेर, सचिव रीता आर्या, संयुक्त सचिव गरिमा आर्या, कोषाध्यक्ष सचिन कुमार ने अपने चुनाव नामांकन पत्र राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ में समय अनुसार जमा कराए। सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव रहे। नामांकन पत्र जमा कराने के दौरान, प्राचार्य डा. नागेंद्र द्विवेदी, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश चन्द्र जीतू, ऋषभ आर्या, गौरव कुमार, महेश चन्द्र, प्रियांशु पाल, कमल नेगी, अमित कुमार, अपर्णा मेर, चम्पा, दिव्या नेगी आदि समस्त छात्र छात्राएं, शिक्षकगण मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री धामी से मिले नवनियुक्त किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नेगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके शासकीय आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री व पार्टी नेतृत्व का हार्दिक आभार व्यक्त किया। एक सामान्य किसान पृष्ठभूमि से आने वाले नेगी ने कहा कि पार्टी ने उन जैसे एक साधारण कार्यकर्ता पर जो विश्वास जताया है, उस पर वह खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, यह भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है कि मुझ जैसे सामान्य किसान कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने प्रदेश के किसानों के हित में पूरी लगन और निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महेंद्र नेगी को नए दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में किसान मोर्चा प्रदेश में और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नेगी किसानों और सरकार के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेंगे।



## आयुक्त ने कुष्ठ आश्रम में मनाया जन्मदिन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कुमाऊं आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने बुधवार को अपना जन्मदिन अनोखे अंदाज में मनाया। उन्होंने यह विशेष दिन हल्द्वानी बरेली रोड मोतीनगर हाथीखाल स्थित कुष्ठ आश्रम के निवासियों के बीच मनाकर उन्हें मिठाई खिलाई और वस्त्र वितरित किए।

इस दौरान आश्रम के बच्चों और रोगियों के चेहरों पर खासा उत्साह देखने को मिला। आयुक्त श्री रावत ने आश्रम में रह रही 23 महिलाओं, 9 पुरुषों और उनके बच्चों से संवाद किया तथा उनकी समस्याएं सुनीं। निवासियों ने आश्रम भवनों की मरम्मत और आवश्यक सुविधाओं की मांग रखी। वहीं, एक व्यक्ति द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की मांग पर आयुक्त ने तत्काल सीएमओ को निर्देश दिए कि संबंधित व्यक्ति का कार्ड शीघ्र बनाया जाए। सीएमओ डा. हरीश पंत ने बताया कि आश्रम में रहने वाले सभी लोगों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इस अवसर पर तहसीलदार मनीषा बिष्ट सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। आयुक्त श्री रावत ने सभी को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा और किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होने दी जाएगी। आश्रमवासियों ने भी आयुक्त को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



## सीता स्वयंवर का सुंदर मंचन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** श्री रामलीला नाटक का मंचन आदर्श ग्रामीण श्री रामलीला समिति रामपुर रोड़ पंचायतघर देवलचौड हल्द्वानी में रामलीला मंचन के दौरान दूसरे दिन बुधवार को चाप भंजन, राम लक्ष्मण एवं परशुराम संवाद के साथ श्रीराम सीता विवाह का मंचन हुआ इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष दीवान सिंह मेहरा, उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, सचिव आनंद सिंह पड़ियार, उपसचिव गोपाल सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष सोमदत्त जोशी, उपकोषाध्यक्ष कैलाश कुल्याल, मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह नेगी एवं संस्थापक एवं संरक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, जगत सिंह घुरदौड़ा, जगदीश चंद्र सुयाल, श्याम सिंह घुरदौड़ा, प्रदीप सिंह पाल, प्रदीप सिंह दरम्वाल, निर्देशक किशन सिंह घुरदौड़ा, जीवन चंद्र सुयाल, नवीन सिंह बिष्ट, विक्रम सिंह पड़ियार, सदस्य एवं कार्यकारिणी संजय पड़ियार, रवि पड़ियार, धीरज सिंह दरम्वाल, विनोद चंद्र सुयाल, कैलाश सिंह बिष्ट, पं हरीश चंद्र जोशी, देवकीनंदन सुयाल, खुशाल सिंह, करण सिंह, बालम सिंह बिष्ट, नंदन सिंह दरम्वाल, मेहुल जोशी, नारायण दत्त उपाध्याय, नंदन सिंह, दिनेश बिष्ट, धीरज सिंह, दिया, निहारिका, सोनू सुयाल, युवराज, निखिल, लक्षित, ललित, जतीन गर्वित, आदि मौजूद रहे।

## यूओयू के दो प्राध्यापकों का जेएनयू शैक्षिक भ्रमण

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन एवं ज्ञानवर्धन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के दो प्राध्यापक अखिलेश सिंह (पर्यटन विभाग) और डा. शालिनी चौधरी (अर्थशास्त्र विभाग) ने 15 से 20 सितंबर तक जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य जेएनयू की शिक्षण प्रणाली, शोध कार्य, पुस्तकालय और डिजिटल संसाधनों का अध्ययन करना था। राज्यभर के 40 प्राध्यापकों के साथ शामिल दोनों प्राध्यापकों ने जेएनयू के संकाय से संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों और शोध प्रक्रियाओं का अनुभव लिया। डा. सिंह और डा. चौधरी ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उच्च शिक्षा विभाग और कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी का आभार जताया।

# हाट बाज़ारों के लिए शुरू होगी टेंडर प्रक्रिया

## जिला पंचायत की बोर्ड में दस प्रस्तावों पर मंथन, सदस्यों ने रखी समस्याएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में जिला पंचायत की आंतरिक बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल ने की। बैठक में कुल 10 प्रस्तावों को सदन के समक्ष रखा गया, जिन पर चर्चा कर विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में जिला पंचायत सदस्यों ने अपने क्षेत्रों से जुड़ी विद्युत, पेयजल, कूड़ा निस्तारण, सिंचाई, आवारा पशुओं से नुकसान, सड़कें, शिक्षा और पशुपालन संबंधी समस्याएं रखीं। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी फरवरी-2026 में हाट बाजारों के लिए नए टेंडरों की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। तब तक पूर्व में स्वीकृत हाट बाजारों के प्रस्तावों को सर्वसम्मति से लागू रखने का निर्णय लिया गया।



बैठक में काठगोदाम का पुराना डांगबंगला भवन आधुनिक बहुउद्देशीय भवन/कार्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। भीमताल गेस्ट हाउस के सौंदर्यीकरण तथा निकट स्थित दुकानों की मरम्मत कर उन्हें किराए पर देने का निर्णय लिया गया, जिससे जिला पंचायत की आय में वृद्धि होगी। जिला पंचायत कार्यालय परिसर में खाली भूमि पर पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत स्थापित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन काम्पैक्टरों के संचालन एवं रखरखाव पर चर्चा हुई। इसके साथ ही 6 नई समितियों के गठन पर विचार किया गया। सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारियों, पटवारी, कानूनगो, अमीन, नायब तहसीलदार की सेवाएं आवश्यकतानुसार ली जाएंगी। 15वें वित्त आयोग की पहली किस्त के अनुदानों के उपयोग और अध्यक्ष के लिए नई इनोवा वाहन खरीदने पर विचार किया गया। बैठक में सदस्यों ने कहा गौलापार-चोरगलिया मार्ग की खराब स्थिति और नहरों की सफाई की मांग की, पर्वतीय क्षेत्रों में कूड़ा निस्तारण की समस्या, मंदिरों के सौंदर्यीकरण व पेयजल सुविधा, कैंची धाम पार्किंग जिला पंचायत की भूमि पर स्थित होने के बावजूद शुल्क प्राधिकरण द्वारा वसूले जाने का मुद्दा उठाया गया। इस पर अध्यक्ष ने उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला पंचायत की 18 सड़कों की मरम्मत का मुद्दा उठाया गया, जिन पर लंबे समय से काम नहीं हुआ है। अधिक. ारी ने शीघ्र बजट प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने की बात कही। विभिन्न सदस्यों द्वारा बैठक में बताया गया कि उनके क्षेत्रों में जिला स्तर पर होने वाली जनसुनवाई में जनप्रति. निधियों को सूचना नही दी जाती है। जिस पर अपर मुख्य अधिकारी ने सुधार का आश्वासन दिया। बैठक में उपाध्यक्ष जिला पंचायत देवकी बिष्ट, सदस्य मीना देवी चिलवाल, प्रमोद कोटलिया, बहादुर सिंह नदगली, डीकर सिंह मेवाड़ी, पूनम, रेखा देवी, ज्योति आर्या, निधि जोशी, लीला बिष्ट, तरूण कुमार शर्मा, तरूण शमा, दीप सिंह बिष्ट, संजय बोहरा, अरनव कम्बोज, सीता देवी, अनिता आर्या, दीप चन्दोला, विपिन सिंह जन्तवाल, जिशांत कुमार, दीप चन्द्र, अनिता आर्या, अपर मुख्य अधिकारी महेश कुमार, अभियंता दलीप नेगी के साथ ही समस्त जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## काठगोदाम में नारद मोह व रामजन्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** काठगोदाम नगर निगम इंटर कालेज के प्रांगण में आयोजित काठगोदाम श्रीरामलीला कमेटी द्वारा रामलीला मंचन पहले दिन नारद मोह, रावण वरदान व श्रीराम जन्म की लीला का मंचन किया गया। लीला को देख दर्शक आनंदित हो उठे। मंचन का शुभारंभ सामाजिक कार्यकर्ता प्रक. ाश उपाध्याय व पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य महेश भंडारी ने दीप प्रज्जवलित कर रामलीला का शुभारंभ किया। पहले दिन लीला में नारद मोह, ब्रह्मा आदि देवताओं का आगमन, रावण वरदान के साथ ही श्रीराम जन्म की लीला का मंचन दिखाया गया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संदीप राणा, संजय बिष्ट, भुवन तिवारी, मोहन बिष्ट, दीपक तिवारी, हिमांशु साही, रोहित मालीवाल, पान सिंह बिष्ट, कमल सांगुड़ी, विवेक बिष्ट, प्रमोद जोशी, हरीश अधिकारी, कला साही, तुलसी चिलवाल आदि मौजूद थे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आग में धुंआ हुई निर्मल पाइप फैक्ट्री

**■ आग का विकराल रूप देख मची भगदड़, करोड़ों की क्षति**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भूरारानी क्षेत्र में बुधवार सुबह एक पाइप के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैल गई कि आसपास के घर भी इसकी चपेट में आ गए। आग बुझाने के लिए रुद्रपुर के अलावा किच्छा, पंतनगर और सिडकुल से भी फायर टैंकर मौके पर बुलाए गए। आग से करोड़ों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार तड़के सुबह रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के भूरारानी इलाके में स्थित निर्मल पाइप फैक्ट्री में बुधवार तड़के भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और फैक्ट्री परिसर में रखे प्लास्टिक पाइप, टैंक व अन्य सामग्री



जलकर खाक हो गई। स्थानीय लोगों ने जब धुआं और आग की चिंगारी देखी तो वहां भीड़ इकट्ठा हो गई और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फैक्ट्री परिसर से उठते घने काले धुएं ने न केवल भूरारानी क्षेत्र बल्कि पूरे शहर के आसमान को ढक दिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियाँ मौके पर पहुंची और दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक फैक्ट्री में रखा काफी सामान जलकर नष्ट हो चुका था। अभी तक आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए जनप्रति. निधि भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह-सुबह अचानक धुएं के गुबार उठते ही इलाके में दहशत फैल गई। आग इतनी विकराल थी कि आसपास रहने वाले लोगों ने अपने घरों का सामान बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर जाकर खुद को बचाया। आग का विकराल रूप देखते हुए फायर की टीम ने रुद्रपुर के अलावा किच्छा, पंतनगर और सिडकुल की निजी कंपनियों से भी फायर टैंकरों के मौके पर बुलाया है।

मौके पर पहुंचे अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया ने बताया फायर कर्मियों के द्वारा आग बझाने का काम किया जा रहा है। आग लगने के कारणों की जांच भी की जाएगी और आग लगने से हुए नुकसान का आकलन भी किया जाएगा। दमकल विभाग द्वारा आग पर काबू पाने के प्रयासों के बाद स्थिति सामान्य हो सकी। फिलहाल फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## नन्ही परी के हत्यारोपी को फांसी दी जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड क्रांति दल ने नन्ही परी के हत्यारोपी को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर खटीमा तहसील में प्रदर्शन कर एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

बुधवार को उक्रांद जिलाध्यक्ष राम सिंह धामी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर नन्ही परी को न्याय दिलाने और उसके हत्यारोपी को फांसी की सजा देने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एसडीएम तुषार सैनी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन सौंपने वालों में संतोष महरोत्रा, शिवशंकर भाटिया, विनोद राजपूत, ठाकुर भगवान सिंह, नारायण सिंह राना, महेश सिंह, राजेश दत्ता, योगेश सिंह बोरा, महेश सिंह, सुंदर सिंह, हरेन्द्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### एक नजर

## उत्तराखंड क्रांति दल की समाजसेवी दीपक ने ग्रहण की प्राथमिक सदस्यता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड क्रांति दल की बैठक रुद्रपुर की मालिक कॉलोनी में आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल, केंद्रीय संगठन मंत्री भवन बिष्ट, वरिष्ठ नेता हरीश पाठक और प्रमोद सती सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में राज्य के ज्वलंत मुद्दों, पलायन, बेरा. जगारी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की गिरती स्थितिख़पर गंभीर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड की परिकल्पना जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप होनी चाहिए और उक्रांद इस दिशा में ठोस कदम उठाने को प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर रुद्रपुर के प्रमुख समाजसेवी दीपक चराया ने उत्तराखंड क्रांति दल की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता लेते हुए उन्होंने संकल्प लिया कि वे राज्य निर्माण आंदोलन की भावना के अनुरूप कार्य करेंगे और जनता की समस्याओं को अपनी प्राथमिकता बनाएंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बहुत जल्द रुद्रपुर में एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 14 15 अक्टूबर 2025 को प्रदेश स्तरीय सम्मेलन रामनगर में किया जाएगा, जिसमें पूरे उत्तराखंड से कार्यकर्ता और पदाधिकारी भाग लेंगे तथा संगठन की नई रणनीति पर विचार-विमर्श होगा। दीपक चिराया के दल में शामिल होने से रुद्रपुर की स्थानीय राजनीति में नई हलचल पैदा हो गई है और उधमसिंह नगर में उक्रांद का एक दमदार चेहरा उभरकर सामने आया है।

## बाढ़ पीड़ितों को एकत्रित की गई सहायता लेकर रविवार को जत्था होगा रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल जसपुर के व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह ने कहा कि पंजाब में आई बाढ़ के लिए सभी दानदाताओं/सहयोगियों द्वारा इकट्ठा की गई लगभग नौ लाख की धनराशि लेकर रविवार को एक जत्था पंजाब जाएगा। मीडिया से बातचीत में कहा कि 28 सितंबर दिन रविवार को जसपुर बाढ़ सहायता टीम पंजाब प्रांत में नगद धनराशि लेकर जाएगी जो आप सभी दानदाताओं के सहयोग से लगभग नौ लाख रुपये एकत्र हुए हैं। बाढ़ सहायता टीम ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि पांच एकड़ से छोटे किसान जिनको बाढ़ में अत्यधिक नुकसान हुआ है (जिनका कोई पारिवारिक सदस्य शासकीय सेवा में हो, जिसे अपना कारोबार अच्छा चल रहा हो, जिसके परिवार का कोई सदस्य कम से कम पांच वर्ष पूर्व विदेश गया हो और वहां अच्छे से सेटल हो गया हो, जिनकी आमदनी का कोई अन्य स्रोत हो ऐसे सभी परिवारों को छोड़कर) किसानों को अधिकतम 10000 नगद धनराशि दी जाएगी। नगद धनराशि अधिकतम किसानों तक पहुंचे ऐसी को. शिश की जाएगी। कोई भी स्वयंसेवक सहायता टीम के साथ चलना चाहे तो वह 26 सितंबर तक व्यापार मंडल के प्रेम सिंह सहोता, दर्शन सिंह देओल, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, मिशन खालसा आदि से संपर्क कर सकता है।

## सशक्त नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में दो अक्टूबर तक मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत आज सशक्त नारी सशक्त परिवार के अंतर्गत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नई बस्ती जसपुर में स्वास्थ्य सेवा पकवाड़े का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष नौशाद सम्राट एवं डा. धीरेंद्र मोहन गहलोत चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुर तथा डॉक्टर अक्षत अग्रवाल तथा संबंधित वार्ड के सभासद एवं केवीएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य इख्तियार अहमद उर्फ बबलू द्वारा संयुक्त रूप से किया।

स्वास्थ्य कैंप का उद्देश्य प्रत्येक गर्भवती महिला को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के साथ-साथ सशक्त बनाना है। इसके साथ-साथ क्षेत्र में फैल रही विभिन्न बीमारियों का उपचार कर क्षेत्र के सभी लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के अवसर पर ANM रमण देवी, पूजा छाबड़ा, संतोष देवी ,सुदेश देवी सरिता देवी, मीनू चौधरी, CHO दीक्षा देवी, मनोज मंडल, डॉक्टर नीतू शिखा शर्मा, राहुल कुमार, कार्तिक, मोहित कुमार तथा आशा एवं आशा फैसिलिटेटर उपस्थिति रही शिविर में सैकड़ों महिलाओं व वृद्धाओं एवं सीनियर छात्र-छात्राओं ने भी नि:शुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण के बाद निशुल्क दवाइयां ली।

## नामांकन के दौरान भिड़े दो गुट, चली गोलियां

**■ पुलिस ने दोनों गुटों को अलग कर कुछ वाहन कब्जे में लिए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के दौरान छात्र नेताओं के दो गुट भिड़ गए। कहासुनी और मारपीट के बाद एक पक्ष ने हवाई फायरिंग कर दी, जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों गुटों को अलग-थलग किया और मौके से कुछ वाहन भी कब्जे में लिए।

जानकारी के अनुसार बुधवार को महाविद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया चल रही थी। छात्र संघ अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे रजत बिष्ट और नागेन्द्र गंगवार के समर्थक छात्र बड़ी संख्या में कालेज के गेट पर जमा हुए थे। इसी बीच किसी बात को लेकर अचानक छात्रों के दो गुट आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी हाथापाई में बदल गई और दोनों ओर से जमकर लात-घूसे चलने लगे। मारपीट और हंगामे के बीच एक पक्ष ने पिस्टल से फायर कर दिए। जिससे मौके पर हड़कम्प मच गया। अफरा तफरी के बीच छात्र इधर-उधर भागने लगे। गनीमत रही कि गोली लगने से कोई घायल नहीं हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। पुलिस ने छात्रों को खदेड़कर भीड़ को तितर-बितर किया। फिलहाल तनाव को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इस बीच पुलिस ने विवाद कर रहे छात्रों के कुछ वाहन भी कब्जे में लिए हैं। दोनों गुटों की पहचान की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। छात्रा संघ चुनाव को लेकर परिसर और शहर में पहले से ही तनाव का माहौल बना हुआ था। इस गोलीकांड ने छात्रों और अभिभावकों की चिंता और बढ़ा दी है।

## 42 लीटर कच्ची शराब के साथ तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत चौकी पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

बुधवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अंतर्गत आने वाली प्रतापपुर चौकी पुलिस ने ग्राम प्रतापपुर क्षेत्र में ग्राम जंगल जोगीठेर से एक शराब तस्कर को 42 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है पूछताछ में आरा. पी ने अपना नाम गोविंद समाजपति पुत्र गौतम समाजपति निवासी ग्राम जंगल जोगीठेर बताया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी



अधिनियम की धारा 60(1) के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरा. पी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम प्रतापपुर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक राजेंद्र पंत, सिपाही राजकुंवर सिंह , गिरीश चंद्र, नीरज नेगी शामिल हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर ने राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम एवं व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय परिवार द्वारा सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अंजला दुर्गपाल के प्रेरक उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवा शक्ति को सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से जोड़ने वाला कार्यक्रम है। स्वच्छता और जागरूकता जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों को एक सशक्त एवं जिम्मेदार नागरिक के




रूप में विकसित करती हैं। इसक अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. रवि जोशी ने कहा कि एनएसएस केवल एक सेवा कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और समाजोपयोगी गति. विधियों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। स्वच्छता अभियान के माध्यम से हम सामाजिक बदलाव के वाहक बनकर गांधी जी के विच. ारों को मूर्त रूप दे सकते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. विद्या शंकर शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को समाज के यथार्थ से जोड़ती है। यह संगठनात्मक कौशल, नेतृत्व और सहयोग की भावना विकसित करने का सबसे बड़ा मंच है।

इसी क्रम में डॉ. मीनाक्षी ने अपने वक्तव्य में कहा कि एनएसएस युवा वर्ग को सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों से जोड़ने का प्रयास करता है। स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे अभियानों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करती है।

महाविद्यालय नानकमत्ता परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान भी संचालित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. विद्या शंकर शर्मा, प्रो. मृत्युंजय शर्मा, डॉ. निवेदिता अवस्थी, डॉ. चम्पा टम्टा, डॉ. उमेश जोशी, डॉ. स्वाति पंत, डॉ. निशा परवीन, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. मंजुलता जोशी, डॉ. दर्शन सिंह मेहता, डॉ. शशि प्रकाश सिंह, डॉ. निशा आर्या, डॉ. आशा गढ़िया, डॉ रवि जोशी तथा महेश कन्याल, जगदीश सिंह, विपिन थापा एवं सुनील कुमार, अनीता भट्ट, अतुल राणा, बेअंत कौर, अनन्या, जसपाल सिंह, भावना राणा, हिमानी बोहरा आदि उपस्थित रहे।

## ड्रग्स इंस्पेक्टर ने किया मेडिकल स्टोरों का औचिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** उधम सिंह नगर ड्रग्स इंस्पेक्टर निधि शर्मा द्वारा अचानक जसपुर पहुंचकर कई मेडिकल स्टोर का औचिक निरीक्षण किया, जिससे मेडिकल स्टोर स्वामियों में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी अनुसार दोपहर को ड्रग्स इंस्पेक्टर निधि शर्मा अपनी टीम के साथ जसपुर पहुंची और उन्होंने जसपुर के जन औषधि केंद्र, मेडिकल स्टोर व अस्पताल में आसपास संचालित हो रहे हैं मेडिकल स्टोर की निरीक्षण कर जांच की। जांच के उपरांत मीडिया से बात करते हुए ड्रग्स इंस्पेक्टर ने बताया कि यह एक औचिक निरीक्षण था, जिसमें कई मेडिकल स्टोर से दवाइयों/ औषधीयों के सैंपल लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। लैब से जांच के उपरांत अगर कोई खामी पाई जाती है तो संबंधित मेडिकल स्टोर पर विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यह एक दिवसीय कार्यक्रम नहीं है, आगे भी इस तरह के निरीक्षण लगातार चलते रहेंगे। इस मौके पर ड्रग्स इंस्पेक्टर निधि शर्मा व ड्रग्स संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## सिक्स सिग्मा के छात्र-छात्राओं ने किया विमको सीडलिंग औद्योगिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान, सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस रुद्रपुर के एग्रीकल्चर के छात्रों ने विमको सीडलिंग, रुद्रपुर में औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन रजत धवन (ट्रैनिग एंड प्लेसमेंट हेड) द्वारा किया गया।

औद्योगिक भ्रमण करने का मुख्य उद्देश्य यह था कि छात्र-छात्राओं को संस्थागत ज्ञान के अतिरिक्त कृषि औद्योगिक क्षेत्र की जानकारी भी दी जाए क्योंकि सामान्यत: जब छात्र संस्थान से अपनी शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात कृषि औद्योगिक क्षेत्र में कदम रखता है तो उसके मन में विभिन्न प्रकार के भय उत्पन्न होने लगते है। जिस कारण छात्र योग्य होते हुए भी कृषि औद्योगिक क्षेत्र में प्रवेश करते ही अपनी योग्यता का परिचय नहीं दे पाता है इन्ही समस्याओं को देखते हुए संस्थान समय-समय पर छात्र-छात्राओं को विशेष तौर पर औद्योगिक भ्रमण कराता है। कृषि छात्रों का औद्योगिक भ्रमण विमको कंपनी के क्षेत्रीय मैनेजर राजेश झा के द्वारा विमको सीडलिंग कंपनी को स्थापित करने का उद्देश्य आदि बताया, साथ ही डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आदित्य कुमार ने विमको सीडलिंग की कार्य प्रणाली के बारे में अवगत कराया तथा डा.राजेन्द्र कुमार शोध एवं विकास




अधिकारी ने विमको में नई तकनीकी से तैयार होने वाले विभिन्न प्रकार पौध और वृक्षों के बारे में पीपीटी व प्रत्यक्ष जानकारी दी। इस भ्रमण से सभी छात्र बहुत उत्साहित हुए । छात्र-छात्राओं के भ्रमण का सम्पूर्ण कार्यक्रम संस्थान के सहायक प्राध्यापक सोमेन्द्र सिंह और कृषि प्रवक्ता मनीष यादव एवं प्रिंसिपल ललित सिंह बिष्ट ने स्टूडेंट्स को निरंतर आगे बड़ते रहने, प्रयासरत रहने के लिए मोटीवेट किया।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डा. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर एवं शौर्य अरोरा, प्रधानाचार्य प्रकाश पन्त (फार्मेसी), प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी (नर्सिंग), संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

## सांसद अजय भट्ट व विधायक शिव अरोरा ने किया रामलीला का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर भदईपुरा श्री रामलीला का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व नैनीताल ऊधम सिंह नगर सांसद अजय भट्ट व विधायक शिव अरोरा ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने कहा प्रभु राम हमारे आराध्य उनकी पूजा अर्चना कर सुन्दर मंचन की शुरुआत हो रही है ओर राम का यह आदर्श जीवन से हम सभी को सीखने की आवश्यकता है। भव्य सुन्दर ह्रदय को स्पर्श करने वाली यह रामलीला जिसको हम सभी को अपने जीवन मे आत्मसार करने की आवश्यकता है। प्रभु राम के जीवन की एक एक लीला मानव कल्याण के मार्ग को बताती है। भट्ट बोले श्री राम की कृपा से समाज की सेवा करने का सौभाग्य मिला है, जिसके लिए हर सम्भव प्रयास आमजन के हित में किए जा रहे हैं।



वहीं विधायक शिव अरोरा ने कहा प्रथम दिन भगवान गणेश वंदना के साथ रामलीला की शुरुआत हुई है, भगवान राम की लीला को जो वर्षो वर्ष से चली आ रही है, जिससे हम अपने बच्चों को राम के जीवन के आदर्श मूल्य को सिखाये ताकि हमारी संस्कृति का ज्ञान आने वाली युवा पीढ़ी को हो सके। विधायक बोले हमको अपने अपने क्षेत्रों में चल रही रामलीला मंचन को सपरिवार देखने की आवश्यकता है, जिस प्रकार से समाज का माहौल खराब हो रहा है इसको देखते हुए जगरूकता की आवश्यकता है जिससे हमारी बहन बेटियां सुरक्षित रहे। कार्यक्रम ने दूधिया बाबा शिवानंद महाराज, सांसद प्रतिनिधि अनुभव चौधरी, पार्षद महेंद्री शर्मा, जगदीप भाटिया, मनीष गंगवार, मन्नू शर्मा, कमेटी अध्यक्ष गजेंद्र राघव, हितेंद्र त्रिपाठी, शालनी बोरा, स्वाति शर्मा, राजन राठौर, सर्जन यादव, पिंकी चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## करंट लगने से गदरपुर के युवक की दिल्ली में हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** दिल्ली में एसी की रिपेयरिंग करते वक्त करंट लगने से बरेली नगर नं. 02 निवासी युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की खबर सुनकर परिजानों में कोहराम मच गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गदरपुर के ग्राम बरेली नगर नंबर दो निवासी बुंदा शाह के परिवार में उसे वक्त कोहराम मच गया जब उनका 27 वर्षीय विवाहित पुत्र अरमान अली दिल्ली में एसी की रिपेयरिंग के दौरान करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। अरमान अली चार बहन भाइयों में सबसे बड़ा था और दो वर्ष पूर्व ही उसका विवाह हुआ था और एक वर्ष का उसका एक पुत्र है। अरमान अली बीते कई वर्षों से दिल्ली में एसी फ्रिज रिपेयरिंग का कार्य किया करता था। वहीं उसकी मौत के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

## पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए तराई की संगत मदद लेकर रवाना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए तराई से एक करोड़ रुपया की नकद धनराशि लेकर जत्था रवाना हुआ । आज बुधवार को गुरुद्वारा गोल मार्किट रुद्रपुर से हल्द्वानी, रुद्रपुर, किच्छा बहेड़ी एवं बिलासपुर के संगत द्वारा दान के रूप में दिए गए एक करोड़ रुपये की नकद धनराशि को लेकर जत्था पंजाब के गुरदासपुर जनपद के डेरा बाबा नानक क्षेत्र में प्रभावित बाढ़ पीड़ितों के लिए रवाना हुआ।

तराई क्षेत्र का एक आठ सदस्यीय जत्था पंजाब में पिछले छह दिन से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का मौके पर जाकर वास्तविक आंकलन कर प्रभावित व्यक्तियों की सुची तैयार कर ग्राउंड जीरों पर काम कर रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के पांच गांव के लगभग 500 एकड़ जमीन मे किसानों को गेहूं की बुवाई के लिए बीज खाद तेल की लागत एवं बाढ़ से 100से अधिक क्षति ग्रस्त मकानों के मालिकों को सहायता राशि के रूप में वितरित की जाएगी। जत्था में प्रमुख रूप से तजिंदर सिंह विर्क, बलजीत सिंह पंवार, राजेन्दर सिंह खैरा, निर्मल सिंह हंसपाल, विक्रमजीत सिंह, इकबाल सिंह चीमा, सुरमूख सिंह विर्क, बलविन्दर सिंह, विक्रम विर्क, लक्की चड्डा, कालू सेठी, सुरजीत बरनाला, रणजीत सिंह राणा, सरबदयाल सिंह, जसवीर सिंह उप्पल, गुरजीत सिंह चीमा, दलजीत सिंह गौराया, गुरवीर बराड, ज्ञानी रेशम सिंह आदि थे।

## एक बार फिर सोमांश ने बढ़ाया रामनगर शहर और उत्तराखंड का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** बॉलीवुड कलाकार और रामनगर के लिटिल चौम्प सोमांश सिंह डंगवाल नें एक बार फिर से रामनगर का नाम रोशन किया है।उनके पिता पूर्व सैनिक व पूर्व सभासद भुवन डंगवाल ने बताया कि यह छोटा नन्हा कलाकार अपनी कलाकारी और मेहनत के बल पर रामनगर और प्रदेश का नाम रोशन कर रहा है।

उन्होंने बताया कि बॉलीवुड मे डांस से एंट्री के बाद सोमांश नें अपनें कैरियर पर लगातार बढ़त ही बनायीं हुई है।अभी कुछ ही दिन पहले वह क्रिकेट की दुनिया मे आईपीएल और वर्ल्ड कप मे कमेंट्री करते हुए नजर आये थे और अब ये छोटे लिटिल चौम्प एक बार फिर डांस के मैदान मे सोनी टीवी पर चल रहे कार्यक्रम सुपर डांसर सीजन 5 में फिर से धमाल मचा रहे हैं। कार्यक्रम सुपर डांसर की जज गीता कपूर, शिल्पा सेट्ठी और मर्जी सर के सबसे चहेते कलाकार है। डांस और बेबाक बोलने की कला से इस उम्र मे हीरो का खिताब भी सोमांश नें प्राप्त कर लिया है। सोमांश की जितनी तारीफे की जाये कम है, क्योंकि बॉलीवुड मे केरियर बनाने वाले लोग जो सपने मे सोचते है। उसने कर दिखाया है। उन्होंने बताया कि सोमांश आज केवल मेरा ही बेटा नहीं, जब से वह बॉलीवुड में काम कर रहा है। वह इस शहर और प्रदेश का बेटा बन गया है।



बताया कि आज हमें सोमांश पर ही नहीं उनकी माता कंचन पर भी गर्व महसूस होता है,जिसने अकेले ही मुंबई मे सोमांश व स्वयं को स्थापित किया है।

सबसे ज्यादा खुशी तब होती है, जब कई कार्यक्रमों में हमें सोमांश के नाम से जाना जाता है। लोग बधाईया देते है सोमांश की वजह से हमारा भी मान सम्मान होता है। एक पिता होने के नाते यह हमेशा गौरव का पल है। सोमांश बचपन से ही प्रतिभाशाली बालक रहा है। वह बताते है सोमांश जितना अपनें काम के लिए समर्पित है, उतना ही वह पढ़ाई, खेल कूद और अन्य एक्टिविटी मे भी प्रतिभाग करता है। आज उसकी वजह से स्कूल का नाम भी विश्व में पहुंचा है। आज हमें ही नहीं बल्कि सगे संबंधियों, शहर वासियों और प्रदेशवासियों को सोमांश पर गर्व है। हमें उस पर गर्व है और हम सभी उसकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# पेपर लीक के खिलाफ कार्रवाई को मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में पेपर लीक घोटाले के खिलाफ पंचायत प्रति. निधियों ने प्रधान संगठन रामनगर के अध्यक्ष नवीन सती के नेतृत्व में एक ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा है।

बुधवार को भेजे गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि बीते 21 सितंबर को आयोजित स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण से गुस्साए पंचायत प्रतिनिधियों ने आरोपियों के खिलाफ प्रदेश के मुख्यमंत्री से कार्यवाही की मांग की।पंचायत जनप्रतिनिधियों ने मांग की है।

इस पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जांच कराई जाए और संबंधित आलाधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए आयोग के अध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए।छात्रों के नुकसान की भरपाई के लिए उक्त परीक्षा एक माह के अंतर्गत दोबारा कराई जाए। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो पंचायत प्रतिनिधि धरना प्रदर्शन करेंगे।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी,ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी, कनिष्क प्रमुख मीना रावत, क्षेत्र पंचायत संगठन अध्यक्ष मिथिलेश डंगवाल, ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष नवीन सती, अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत सदस्य संगठन प्रतिनिधि राहुल डंगवाल,क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेंद्र रावत,क्षेत्र पंचायत सदस्य मुबासिर आलम,पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य धीरेन्द चौहान,प्रधान रश्मि रावत,प्रधान रचना रावत,प्रधान धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया पांगती राजकीय इंटर कॉलेज का भ्रमण

- **छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कर उनका किया मार्गदर्शन**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी त्रिलोक सिंह पांगती राजकीय इंटर कॉलेज, मुनस्यारी में जिलाधिकारी विनोद गिरि गोस्वामी ने पहुंचकर छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया। उन्होंने अध्यापकों से विद्यालय में हो रही समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक योजनाओं एवं जीवनशैली संबंधी सलाह दी।

जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी द्वारा विकास खंड मुनस्यारी के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, मुनस्यारी का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी सुबह प्रार्थना सभा से पूर्व विद्यालय पहुंचे और छात्र-छात्राओं के साथ प्रार्थना सभा में शामिल हुए। इसके उपरांत उन्होंने कक्षा-कक्षों, डिजिटल एवं वर्चुअल क्लास, पुस्तकालय, और प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी गोस्वामी ने प्रार्थना सभा के दौरान छात्रों से सीधा संवाद किया और उन्हें शिक्षा, अनुशासन तथा आत्मविश्वास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने लक्ष्यों की स्पष्ट योजना बनानी चाहिए, जिसमें कड़ी मेहनत, स्वस्थ जीवनशैली तथा सामाजिक जिम्मेदारियों का समावेश हो। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्थापना के बाद यह पहला अवसर है जब किसी जिलाधिकारी ने प्रार्थना सभा में शामिल होकर छात्रों से प्रत्यक्ष संवाद किया है। उन्होंने इसे विद्यालय के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर विद्यालय की समस्याओं के समाधान में भी सहायक सिद्ध होगा। जिलाधिकारी ने अध्यापकों को निर्देश दिए कि विद्यालय की बुनियादी सुविधाओं, जैसे कक्षा कक्षों, पुस्तकालय एवं खेल मैदान के उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन इन मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई करेगा।

विद्यालय प्रशासन, अभिभावकों, और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी की इस पहल की सराहना की और उनका धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1960 के बाद यह पहला अवसर है जब कोई जिलाधिकारी प्रार्थना सभा से पूर्व विद्यालय पहुंचे।विद्यालय में कुल 406 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इस अवसर पर अभिभावक, क्षेत्रीय प्रतिनिधि, जनपद स्तरीय अधिकारीगण, खंड शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित थे।

## एक नजर

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत भवदीप राउते के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत को विधिक साक्षरता शिविरों के आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान करने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत द्वारा जारी विशेष प्रमाण पत्र केंद्रीय विद्यालय नंबर वन के प्रधानाचार्य चंदन सिंह पिलख्वाल को प्रदान किया।

इस अवसर पर विद्यालय के मीटिंग हॉल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा, मोटर वाहन अधिनियम 1988, साइबर क्राइम, आईटी एक्ट 2000 नशा मुक्ति, एनडीपीएस एक्ट 1985, जेनेरिक दवा का महत्व, कन्या भ्रूण हत्या निषेध, पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 1994 के प्रावधानों की जानकारी देकर जागरूक कियास शिविर में 250 लोग मौजूद थे। शिविर में विधिक जानक. ारियां पीएलबी अर्जुन सिंह, इजहार अली, दीपा देवी, शमशाद बानो, हरिप्रिया जोशी, पूजा जोशी, रितु महर और प्रकाश चंद्र द्वारा प्रदान की गई।

# छात्र संघ चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** राजकीय डिग्री कॉलेज बनबसा के छात्र संघ चुनाव के लिए प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

छात्र संघ चुनाव के प्रभारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. मुकेश कुमार ने बताया कि सत्संग अध्यक्ष पद के लिए कुमारी गायत्री, उपाध्यक्ष पद के लिए विशालचंद, सचिव पद के लिए हेमा जोशी, कोषाध्यक्ष पद के लिए दिनेश जोशी, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद के लिए तनुजा सिंह और छात्र उपाध्यक्ष पद के लिए आज नामांकन भरा। सभी पदों पर एक-एक प्रत्याशी के ही नामांकन भरे जाने से सभी पदाधिकारी के निर्विरोध चुने जाने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर मुकेश कुमार ने बताया कि 25 सितंबर को सुबह 11 बजे से 1बजे तक नाम वापसी और नामांकन पत्रों की जांच होगी। 26 सितंबर को जनरल गैदरिंग और 27 सितंबर को चुनाव और चुनाव परिणाम की घोषणा की जाएगी।

# जड़ी-बूटी एसोसिएशन ने किया पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर टनकपुर जड़ी-बूटी एसोसिएशन द्वारा शारदा रेंज परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर पौधारोपण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में शारदा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस मौके पर जड़ी बूटी संगठन के पदाधिकारियो एवं वन विभाग के कर्मचारियों ने परिसर में कई प्रकार के औषधीय पौधों का रोपण किया। जिसमें आंवला, हरड़, बहेरा, कचनार और हरसिंगार आदि पौधों का वृक्षारोपण किया गया। वक्ताओं ने आयुर्वेद को भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति बताया उन्होंने कहा कि यह प्राकृतिक औषधियां और संतुलित जीवन शैली पर आधारित है औषधीय पौधे न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है। बल्कि बीमारियों से बचाव और स्वस्थ जीवन के लिए भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में आयुर्वेद और औषधीय पौधों के महत्व के प्रति जागरूक बढ़ाना था। जड़ी बूटी संगठन के अध्यक्ष पुनीत शारदा ने बताया कि यह दिन धन्वंतरि जयंती पर मनाया जाता है। खास बात यह है कि जिसमें दिवस और रात्रि अवधि यानी बराबर होती है, जो प्रकृति व जीवन में संतुलन का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष पुनीत शारदा, सचिव विनय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आर.के. गुप्ता, सदस्य संजय अग्रवाल, अतुल शारदा, दीपक शारदा, अभिषेक गुप्ता, शारदा रेंज ऑफिस के अमित रखोलिया, पुष्पेन्द्र राणा आदि मौजूद रहे।

# लोगों को प्रेरणा देने वाले हैं श्रीराम के चरित्रः मित्तल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** रामलीला कमेटी गुदमी द्वारा गुदमी रामलीला ग्राउंड में रामलीला का मंचन प्रारंभ हो गया है। रामलीला का उद्घाटन क्षेत्र के समाजसेवी मनोज मित्तल ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज मित्तल ने रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित की जा रही रामल. ीला मंचन की सराहना करते हुए कहा कि रामलीला के माध्यम से और भगवान राम के चरित्र से लोगों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भगवान राम का व्यक्तित्व अनुकरणीय हैस इस अवसर पर उन्होंने रामलीला कमेटी के पदाधिकारी के कार्यों की भी सराहना करते हुए कहा कि पिछले पांच दशकों से यहां रामलीला का मंचन अनवरत जारी है।

इस अवसर पर रामलीला कमेटी गुदमी के अध्यक्ष सुरेश उप्रेती ने कहा कि सभी क्षेत्रवासियों के सहयोग से प्रतिवर्ष रामलीला का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्रवासियों द्वारा न सिर्फ बढ़-चलकर भाग लिया जाता है बल्कि रामलीला के मंचन में सहयोग भी किया जाता है। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के संरक्षक दीपक रजवार ,सचिव किशन ,कोषाध्यक्ष केसर सिंह खोलिया, शेखर जोशी, जगदीश कॉलोनी, सागर भट्ट, भूपेंद्र बोरा, ललित कॉलोनी, नितिन कॉलोनी, आदित्य राजा, विक्रम बोरा सौरभ चंद, हेम जोशी, दीपक प्रधान, बहादुर सिंह रावत अन्य तमाम रामलीला कमेटी से जुड़े हुए पदाधिकारी और सदस्य शामिल थेस रामलीला मंचन के प्रथम दिवस महाराज दशरथ के दरबार तक रामलीला का मंचन आयोजित किया गया।

# भाजपा प्रबुद्ध जन सम्मेलन में बुद्धिजीवियों ने व्यक्त किए विचार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** देश के राजनीतिक क्षितिज में राष्ट्र की आन ,बान, शान को मजबूती प्रदान करने एवं देश को बारूद के ढेर से उबारकर उसे विश्व की महाशक्तियों की पंक्ति में खड़ा करने वाला साधारण मानव नहीं , महामानव हो सकता है । यह और कोई नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही है ।

यह विचार भाजपा प्रबुद्ध जन सम्मेलन में समाज के बुद्धिजीवियों ने व्यक्त किए। प्रधानमंत्री के प्रति दीवानगी का आलम यह था कि 90 वर्षीय शिक्षाविद चिरंजी लाल वर्मा ने श्री मोदी को अपना आशीर्वाद देते हुए अपनी शेष आयु उन्हें लगने की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रजलन एवं वंदे मातरम से शुरू हुआ। कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं भाजपा प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य सतीश चंद्र पांडे, सहसंयोजक मोि. हत पाठक, सचिन जोशी समेत अन्य लोगों ने मुख्य वक्ता दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट एवं विशिष्ट अतिथि दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे समेत सभी बुद्धिजीवियों का स्वागत किया । श्री भट्ट ने कहा कि मोदी जी ने ऐसे समय देश की बागडोर संभाली थी जब खेतों की सुरक्षा के लिए लगाई गई बाढ़ ही खेतों को खा रही थी। पूरा सिस्टम भ्रष्टाचार से सना था और आम जनता त्रस्त थी, लेकिन मोदी जी ने जिस सोच एवं संकल्प के साथ देश की बागडोर संभाली उन्हें हर क्षेत्र में सफलता मिलती गई और उनके पीछे देश के करोड़ों लोगों के आशीर्वाद की शक्ति से उनका आत्मबल बढ़ता गया । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, प्रमुख ट्रेड यूनियन के नेता महेश खर्कवाल, नगर पालिका के अध्यक्ष गो. विंद वर्मा, सुभाष बगौली, गिरीश कुंवर समेत तमाम महिलाएं वह बुद्धिजीवी मौजूद थे। संचालन सचिन जोशी ने किया।

# जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जैसे ही भारत में 22 सितंबर से ऐतिहासिक जीएसटी सुधार लागू हो रहे हैं। अमेजन डॉट इन ने आज एक विशेष स्टोरफ्रंट ख्र द ग्रेट सेविंग्स सेलिब्रेशन जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की। यह स्टोरफ्रंट होम अप्लायंसेज, इलेक्ट्रॉनिक्स, डेली एसेंशियल्स, हेल्थकेयर, फैशन और अन्य श्रेणियों में जीएसटी बचत वाले उत्पादों को प्रदर्शित करेगा ख्र बिल्कुल समय पर अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (एजीआईएफ) 2025 के लिए, जो 23 सितंबर से शुरू हो रहा है, जिसमें प्राइम सदस्यों को 22 सितंबर की मध्यरात्रि से 24 घंटे पहले विशेष एक्सेस मिलेगा। जीएसटी बचत उत्सव के हिस्से के रूप में, स्टोरफ्रंट पर उत्पादों पर बैज लगे होंगे जो लागू जीएसटी बचत को दर्शाएंगे, जिससे ग्राहकों को इन ऑफर्स को पहच. ानना और खरीदारी करना आसान होगा। सरकारी सुधारों के पालन को आसान बनाने और विक्रेताओं को सहयोग देने के लिए अमेजन ने ऐसी व्यवस्थाएं लागू की हैं जो विक्रेताओं को 22 सितंबर 2025 से लागू होने वाले नए जीएसटी दरों में सुगमता से परिवर्तन करने में मदद करती हैं।

# सुदूरवर्ती गांव के शत प्रतिशत पात्र लोगों को मिलेगा योजनाओं का लाभः डीएम

- **माथियाबांझ में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाकर मौके में ही लोगों को सुविधाओं से जोड़ा गया**
- **दिव्यांग यामिनी के लिए वरदान साबित हुआ यह शिविर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** सरकार जनता के द्वारा की अवधारणा को जमीनी रूप देते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार जिला स्तरीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर दूरस्थ गांव माथियाबांझ पहुंचे तथा वहां चौपाल लगाकर लोगों को तत्काल राहत पहुंचाई। इस दौरान 50 लोगों ने अपनी समस्याएं बताई, जिसमें सभी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण किया गया। 29 सितंबर को ककनई गांव में विशाल चिकित्सा शिविर आयोजित करने के साथ यहां दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे।

दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण दिव्यांग पेंशन व अन्य सुविधाओं से वंचित यामिनी के लिए यह शिविर वरदान साबित हुआ। उसकी न केवल पेंशन स्वीकृति की गई बल्कि मुख्यमंत्री राहत सहायता कोष से आर्थिक सहायता की संस्तुति के अलावा उसे शौचालय की भी सुविधा दी गई। पेयजल एवं बिजली सुविधा से परेशान बच्ची सिंह को तत्काल उसका घर रोशन करने का निर्देश दिया गया। शेर सिंह की वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत की गई। भरत सिंह के आपदा से प्रभावित मकान की भरपाई के अलावा तमाम अन्य समस्याओं का मौके में ही निस्तारित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्र के गांवों में शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहना चाहिए। यह अधिकारियों की विशेष जिम्मेवारी होगी। जिलाधिकारी के समक्ष सोलर लाइट,पेयजल, मोबाइल कनेक्टिविटी, माथियाबाँझ से ब्यानधुरा तक सड़क निमार्ण के लिए भूमि के बदले भूमि की व्यवस्था करने,कृषि भूमि का कटाव रोकने, आपदा से हुए नुकसान की भरपाई, यहां नियमित स्वास्थ्य शिविर की सुविधा देने जैसी तमाम मांगे लोगों ने रखी।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा यहां के लोगों की दिक्कतों को देखते हुए प्रत्येक विभाग अपनी ओर से सत प्रतिशत पात्र लोगों को सरकारी सुविधाओं से जोड़े। उन्होंने यह भी कहा कि स्वयं में यहां के लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए बराबर समीक्षा करता रहूंगा। लोगों को जिला मुख्यालय आकर अपना धन व समय बर्बाद करने की आवश्यकता नहीं है। इस मौके पर 75 लोगों को चिकित्सा तथा 55 लोगों को कृषि बीज वित. रित किए गए।

जिला अधिकारी के 'क्विक एक्शन' एवं आत्मीय स्वभाव ने ग्रामीणों को खूब प्रभावित किया। जिलाधिकारी के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा, सीडीओ डा. जीएस खाती,विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, दीपक रजवार,मुख्यमंत्री के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल, गीता देवी आदि लोग मौजूद थे

# हादसे में छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** रामनगर में एक हादसे में एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में को. हराम मच गया। मंगलवार की शाम अभिजीत पुत्र जगराम 15 साल निवासी ग्राम शक्कनपुर निवासी ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र में नाई की दुकान पर काम करता था। मंगलवार शाम के समय वहां पर नाले की सफाई का काम चल रहा था। अभिजीत खड़ा हो गया और झुककर उसे देख रहा था। इसी दौरान नाले का स्लेप उसके ऊपर गिर गया।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि बुधवार को उसका पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। अभिजीत कक्षा 8 का छात्र था और वह स्कूल से आने के बाद नाई का काम सीखने जाता था। वह दो भाई और एक बहन थे।उनके पिता किसी के यहां फार्म हाउस में काम करते हैं।

# हाईवोल्टेज लाइन को स्थानांतरित किया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया को दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। बुधवार को उक्रांद कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि जनपद रोड फुलसुंगा क्षेत्र में वसुंधरा आवासीय कॉलोनी के घरेलू बिजली लाइन के पोल पर हाईवोल्टेज लाइन लगी हुई है, जो जान-माल के लिए खतरा बन गई है। उन्होंने इसे अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की। इसके अलावा जिले के अन्य स्थानों पर इसी तरह लगी हाईवोल्टेज लाइनों को भी सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की अपील की।

# दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

- **18 नामजद सहित 10 अज्ञात लोगों खिलाफ दी तहरीर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** घर के मुख्य द्वार पर पैड़ी बनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामूली विवाद देखते ही देखते मारपीट की घटना में तब्दील हो गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। आरोप है कि इस दौरान महिलाओं से भी अभद्रता की गई। एक पक्ष ने 18 नामजद सहित आठ दस अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद यूनुस निवासी धीमरखेड़ा ने थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि घर के बाहर पैड़ी बनाने को लेकर गांव के ही कुछ लोग विरोध कर रहे थे। इस दौरान किसी प्रकार का विवाद ना हो इसलिए उन्होंने पुलिस को बुलाया था। पुलिस उक्त पैड़ी की वीडियोग्राफी कर ले गई थी। आरोप है कि जिसके बाद ग्राम बलखेड़ा व धीमरखेड़ा के कुछ लोगों ने बैठक की और सुबह लगभग 10:30 बजे काफी सारे लोग एक राय होकर घर में घुस आए और उनके परिवार वालों के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। तहरीर में बताया कि महिलाओं के साथ अभद्रता और मारपीट भी की गई है, जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मोहम्मद यूनुस ने उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

वहीं ग्राम धीमरखेड़ा में दो पक्षों में हुए विवाद और मारपीट में बीच बचाव करा रहे नगर पालिका के सभासद प्रतिनिधि सलीम बाबा भी घायल हो गए। सलीम बाबा ने बताया कि ग्राम धीमरखेड़ा में किसी के अंतिम संस्कार की सूचना मिलने पर वहां पहुंचे थे। इस दौरान वहीं हुए दो पक्षों के झगड़े में वह बीच बचाव करा रहे थे। इस दौरान लोगों ने उनके साथ भी धक्का मुक्की की, जिसमें वह घायल हो गए।

# छात्र संघ चुनाव के लिए 14 ने कराया नामांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में 27 सितम्बर को होने वाले छात्र संघ चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा.नरेश कुमार ने बताया कि बुधवार को नामांकन सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक महाविद्यालय के पुस्तकालय भवन में सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दीपक सिंह रावत, कंचन पाण्डे, कृष्ण कुमार, नितेश कुमार शर्मा और मौ.समीर अहमद कुरैशी सहित कुल पांच ने नामांकन के लिए पर्चा दाखिल किया है।



छात्र उपाध्यक्ष के लिए मनोज कुमार पाण्डे और छात्रा उपाध्यक्ष खुशी कश्यप ने नामांकन कराया।सचिव पद पर मनीष जोशी व विजय बिष्ट ने आवेदन किया है। सांस्कृतिक सचिव पद पर केवल एक नामांकन कृतिका मंदोलिया ने कराया। संयुक्त सचिव पद पर अभिनव लटवाल व बिलाल जाफरी ने आवेदन किया। कोषाध्यक्ष पद पर संक्रान्त सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। कला,वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय प्रतिनिधि में किसी ने भी नामांकन नहीं कराया। विश्वविद्यालय प्रति. निधि पद पर केवल रोहित नेगी ने नामांकन कराया है। इस प्रकार छात्र उपाध्यक्ष, छात्रा उपाध्यक्ष ,सांस्कृतिक सचिव, कोषाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर केवल एक एक नामांकन हुआ है मउन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक नामांकन प्रपत्रों की वैधता की जांच होगी, उसके बाद 01बजे से दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी होगी। प्रपत्रों की जांच के बाद अपराह्न 4 बजे वैध प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए प्राचार्य प्रो. एम.सी.पाण्डे,चीफ प्रॉक्टर प्रो.एस.एस.मौर्या व मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.नरेश कुमार ने महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कार्मिकों सहित स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया है।

# राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन की शबाना सैफी बनीं महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी जुबेर सिद्दीकी ने रामनगर निवासी शबाना सैफी को महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

जुबेर सिद्दीकी ने बताया कि शबाना सैफी की नियुक्ति,संगठन के उद्देश्यों और मूल्यों को बढ़ावा देने और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और संवर्धन के लिए उनके योगदान को देखते हुए की गई है।उनके द्वारा महिला मोर्चा की गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित होने की उम्मीद करते हैं। नैनीताल जिले में महिला मोर्चा की गतिविधियों को संचालित करना और संगठन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए काम करना है।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शबाना सैफी ने राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन और संगठन महामंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के साथ महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया जाएगा।

# नगर निगम में हुई जीएसटी बचत उत्सव कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नगर निगम सभागार में नगर निगम और राज्य कर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'जीएसटी बचत उत्सव कार्यशाला' में जीएसटी स्लैब में हाल ही में किए गए बदलावों की जानकारी आमजन और व्यापारियों को दी गई। कार्यशाला का शुभारंभ महापौर विकास शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जीएसटी से जुड़ी शिकायतों के समाधान हेतु व्हाट्सएप नंबर व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया।

महापौर विकास शर्मा ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू हुआ 'नेक्स्ट जेन जीएसटी' आज न केवल देश के व्यापारियों, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी एक सार्थक आर्थिक क्रांति का प्रतीक बन गया है। महापौर ने कहा कि जीएसटी के नये स्लैब से देश के हर वर्ग को लाभ पहुंचेगा। इससे मकान बनाना सस्ता होगा, रोजमर्रा की जरूरी वस्तुएं जैसे कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक सामान, वाहन आदि भी अब आम आदमी की पहुंच में होंगे। इससे न सिर्फ उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी बल्कि देश में आर्थिक सुधार की गति और तेज होगी। महापौर ने कहा कि सरकार ने इन दरों में बदलाव करके यह सिद्ध कर दिया है कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की आवश्यकताओं को सर्वोपरि रखा जा रहा है। यहां संयुक्त आयुक्त स्मिता, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त गौरव कुमार पंत, सहायक नगर आयुक्त राजू नवियाल, संजय उपाध्याय, सचिन चौहान, कुसुम वर्मा, दीपक राणा, मनोज छाबड़ा, पदक प्रताप सिंह, नवीन कुमार, रामबाबू सिंह, दीपक शर्मा, रोहित शर्मा, राजेश कामरा, मोहित बत्रा, विजय तोमर आदि मौजूद रहे।

# डीएसबी: छात्र संघ चुनाव में विभिन्न पदों के लिए 18 ने पर्चे भरे

## नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न, परिसर में छात्रों की रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल में बुधवार को छात्र संघ चुनाव 2025-26 के नामांकन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। 18 पदों के विरुद्ध कुल 12 पर नामांकन दाखिल किए गए जिनके लिए कुल 18 छात्र-छात्राओं ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। वर्तमान में 6 पदों पर चुनाव होना निश्चित है। बता दें कि अध्यक्ष पद के लिए तनिष्क मेहरा एवं करण सती जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए शशांक भंडारी एवं दिनेश चन्द्र जबकि उपाध्यक्ष (छात्रा) पद के लिए प्राची नेगी एवं तनिशा जोशी वहीं महासचिव पद के लिए आयुष आर्य वहीं संयुक्त सचिव पद के लिए नितांत एवं जयवर्धन चन्द्रा जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए शिवेश कुमार, सांस्कृतिक सचिव पद के लिए भावेश विश्वकर्मा एवं सत्यम सिंह जबकि कला संकाय प्रतिनिधि पद के लिए दीपांशु अधिक. री एवं करण कुमार वहीं विज्ञान संकाय प्रतिनिधि पद के लिए वेदांत पाण्डे, विधि संकाय प्रतिनिधि पद के लिए यशिता कारगेती वहीं बायोमेडिकल संकाय प्रतिनिधि पद के लिए अतुल रावत तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद के लिए आशीष कबड्वाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। दूसरी ओर अब 25 सितंबर (आज) को नामांकन पत्रों की जांच नामित समिति द्वारा की जाएगी तथा उसी दिन शाम को 3 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। छात्र संघ चुनाव की नामांकन प्रक्रिया में अधिष्ठाता छात्र कल्याण मंडल, कुलानुशासक मंडल तथा प्राध्यापकगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।



### पुलिस अधिकारियों ने लिया परिसर का जायजा

**नैनीताल।** डीएसबी परिसर में छात्र संघ चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक डा. जगदीश चन्द्र ने बुधवार को अपने अधीनस्थों के साथ परिसर का व्यापक भ्रमण कर चुनाव व्यवस्थाओं की जायजा लिया। उन्होंने अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को निष्पक्ष तथा स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एसपी पुलिस डा. जगदीश चंद्र के निर्देशानुसार वीरवार (आज) को दोपहर 12 बजे डीएसबी परिसर के कला सभागार में पुलिस प्रशासन एवं सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। कहा कि इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

### बिना आईकार्ड नो इंट्री

**नैनीताल।** डीएसबी परिसर के चुनाव अधिकारी प्रो. अमित जोशी ने परिसर के सभी छात्र-छात्राओं को निर्देश दिए हैं कि वह परिसर में प्रवेश हेतु अपनी पहचान पत्र (आई कार्ड) को जरूर साथ लाएं अन्यथा उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। कहा कि डीएसबी परिसर के प्रवेश द्वारों पर पहचान पत्रों की जांच के उपरांत ही प्रवेश दिया जाएगा।

### कुविवि छात्र महासंघ की चुनाव होंगे 29 को: प्रो.पंत

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के छात्र महासंघ चुनाव के संबंध में चुनाव प्रभारी प्रो. संजय पंत ने सूचित किया है कि छात्र महासंघ का चुनाव 29 सितंबर सोमवार को महिला अध्ययन केन्द्र द हर्मिटेज कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में आयोजित किया जाएगा तथा सभी प्रक्रियाएं (नामांकन, जांच, नाम वापसी, मतदान व परिणाम) उसी दिन संपन्न कराई जाएँगी। प्रो.पंत ने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध किया है कि वे विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के निर्वाचित विश्वविद्यालय संकाय के छात्रों के नाम पूर्व में निर्धारित ई-मेल आईडी पर 27 सितंबर शनिवार को परिणाम घोषित होने के तुरंत पश्चात प्रेषित करें। छात्र महासंघ चुनाव के लिए प्रो. नीलू लोधियाल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। छात्र महासंघ चुनाव के इच्छुक निर्वाचित प्रतिनिधियों को 29 सितंबर सोमवार को प्रात: 10 बजे समय पर द हर्मिटेज (महिला अध्ययन केन्द्र) पर पहुँचकर नामांकन एवं अन्य औपचारिकताएं पूर्ण करनी होंगी।

### छात्र संघ महासचिव पद पर एनएसयूआई के आयुष का निर्विरोध निर्वाचन

**नैनीताल।** छात्रसंघ चुनाव में महासचिव पद पर एकमात्र नामांकन होने पर एनएसयूआई के अधिकृत प्रत्याशी आयुष आर्या के निर्विरोध निर्वाचित होने पर छात्रों तथा एनएसयूआई व नगर कांग्रेस कमेटी ने खुशी जाहिर की है। आयुष आर्या ने परिसर के सभी छात्र-छात्राओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह निरंतर छात्र हितों के लिए संघर्षरत रहते हुए परिसर की प्रगति के लिए प्रयासरत रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने अपने नगर कांग्रेस परिवार व एनएसयूआई के साथियों का भी आभार व्यक्त किया। नामांकन के अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल के अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल, नगर महामंत्री कैलाश अधिकारी, नगर सचिव बंटू आर्या, प्रदेश सचिव एनएसयूआई रोहित जोशी,जिलाध्यक्ष एनएसयूआई शार्दुल नेगी, विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक कुमार तथा जिला उपाध्यक्ष ललित सिंह बोरा, विमल बृजवासी, प्रियांशु बेलवाल, महेश जोशी व शुभम प्रसाद व संदीप जलाल आदि भी उपस्थित रहे।



# नैनीताल में जीएसटी राहत बनी मुसीबत

## पर्यटन ठप, होटल कारोबारियों को अरबों का झटका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड में आई आपदा ने नैनीताल में पर्यटकों को प्रभावित किया है। आपदा के बाद सुरक्षा की दृष्टि से भी पर्यटक नैनीताल आने से हिचकने लगे हैं। आपदा के बाद पर्यटकों की संख्या में कमी आई है, जिससे पर्यटन उद्योग प्रभावित हुआ है। पहले जहां नवरात्रि और त्योहारी सीज़न में नैनीताल पर्यटकों से गुलजार रहता था, वहीं अब यहां सन्नाटा दिखाई देने लगा है। पर्यटन पूरी तरह चौपट है इसके बढ़ा रीजन है कि गलत रील्स की वजह से पर्यटक भर्मित हो रहा है। दिग्विजय बिष्ट बताते होटल उद्योग की दर सूची में बदलाव हुआ है। पहले 7,500 रुपये प्रतिदिन तक के कमरे 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब में आते थे, लेकिन अब उन्हें 5 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। वहीं जो कमरे पहले से 18 प्रतिशत श्रेणी में थे उन्हें उसी श्रेणी में रखा गया है। 5 प्रतिशत वाले दायरे में आने पर इनपुट टैक्स क्रेडिट



की सुविधा खत्म कर दी गई है। इससे होटल व्यवसायियों को आवश्यक इनपुट सेवाएं लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, जिससे उद्योग पर और बोझ बढ़ेगा। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बताते हैं हाल में हुई आपदा के बाद नैनीताल और मसूरी जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का आगमन काफी घटा है। इस वजह से न सिर्फ होटल व्यवसाय को अरबों रुपये का नुकसान हुआ है, बल्कि सरकार के राजस्व पर भी गहरा असर पड़ा है।

# कालाढूंगी के वार्ड 2 में पेयजल संकट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** वार्ड 2 में ट्यूबवैल की मोटर फुंकने से पानी की समस्या बनी हुई थी। क्योंकि इसी मोटर से वार्ड 2, 3, 4 में पानी की सप्लाई होती है। एक हफ्ता होने के बाद भी विभाग पानी की सप्लाई सुचारू नहीं कर पाया है। यह बात और है कि कहीं कहीं विभाग अपने टैंकरों से पानी भिजवा रहा है, मगर इतनी बड़ी बस्ती में भरी गर्मी में एक दो टैंकरों से पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही थी जिसको देखते हुए बुधवार को वार्ड 4 की सभासद नसीम जहां ने स्वयं के खर्चे पर पानी का टैंकर मंगाकर वार्ड में बंटवाया। वरिष्ठ पत्रकार शाकिर हुसैन ने दूरभाष पर जल संस्थान व कालाढूंगी उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा से वार्ता कर शीघ्र मोटर सही कर पानी सुचारू रूप से चालू किए जाने की मांग की। सिंचाई विभाग ने भी अपनी ओर से एक पानी का टैंकर भेजा।

## एक नजर

### मानदेय के लिए ग्राम प्रहरियों का प्रदर्शन

**धारी।** पिछले डेढ़ वर्ष से मानदेय से वंचित ग्राम प्रहरियों का सब्र टूटता नजर आ रहा है। बुधवार को धारी तहसील परिसर में ग्राम प्रहरी संगठन ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए राजस्व विभाग से लंबित मानदेय शीघ्र जारी करने की मांग उठाई। संगठन के अध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में दर्जनों ग्राम प्रहरियों ने उपजिलाधिकारी केएन गोस्वामी को ज्ञापन सौंपकर जल्द भुगतान की मांग की। धरने को पूर्व दायित्वधारी कांग्रेस नेता हरीश पनेरू ने भी समर्थन दिया। उन्होंने मौके से ही जिलाधिकारी वंदना सिंह से फोन पर वार्ता कर ग्राम प्रहरियों को किसी भी उपयुक्त मद से शीघ्र मानदेय जारी करने का आग्रह किया। पनेरू ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी एक माह के भीतर ग्राम प्रहरियों का मानदेय नहीं दिया गया तो जिलेभर के तमाम ग्राम प्रहरी एकजुट होकर जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे। धरने में संतोष कुमार, नारायण सिंह, इंद्र सिंह, केशव दत्त, नंदन सिंह, कैलाश चंद्र सहित कई ग्राम प्रहरी मौजूद रहे।

### कालाढूंगी में पीएम स्वनिधि लोक कल्याण मेला

**कालाढूंगी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही पीएम स्वनिधि पुर्नगठित योजना का एक शिविर कालाढूंगी के नगर पालिका स्थित सभागार में आयोजित किया गया। इस मेले में स्थानीय फेरी व ठेला व्यवासाइयों की समस्यायों का निस्तारण किया गया और साथ ही उनको अपने रोजगार के विस्तार करने के लिए विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया व बैंको से कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न बैंको के प्रतिनिधियों से जानकारी उपलब्ध कराई गई। सीएमएम आई पी पंत ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना का मुख्य लक्ष्य फेरी वाले व ठेले वाले अतिसूक्ष्म कामगारों को सहायता पहुँचाकर उनके कार्य को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूती प्रदान करना है। इस दौरान आईपी पंत, सीएमएम, रेखा कत्यूरा, अध्यक्षा नगर पालिका कालाढूंगी, अभिनव कुमार, अधिशासी अधिकारी कालाढूंगी संजीव सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी हल्द्वानी आदि मौजूद रहे।

### शांति बनीं कांग्रेस सेवा दल की नगर अध्यक्ष

**नैनीताल।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की मुख्य संयोजक हेमा पुरोहित



ने शांति तिवारी को सेवा दल भवाली का नगर अध्यक्ष मना. नीत किया है। तिवारी के मनोनयन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस व पूर्व दर्जा राज्य मंत्री खष्टी बिष्ट, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज आर्य, पूर्व पालिकाध्यक्ष भुवन सिंह अधिकारी, नगर अध्यक्ष कंचन सुयाल, सुजान रजवार, रमेश आर्य, नगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस जानकी आर्य समेत मुन्नी तिवारी, जया कपिल, धनी दुमका, लोकेश जोशी, उषा कनौजिया, अंजू चौधरी, ममता पांडे, निशा बिष्ट, तुलसी बिष्ट व प्रेमा पांडे आदि ने खुशी जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### श्री राम सेवक सभा ने भव्य राम बारात निकाली

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा बुधवार को मल्लीताल बाजार से श्री राम बारात का भव्य व दिव्य आयोजन किया। बता दें राम बारात श्री राम सेवक सभा भवन ने प्रारंभ हुई। उसके बाद वह मल्लीताल बड़ा बाजार, बीच बाजार, वाल्मीकि मंदिर, आर्य समाज रोड, बीडी पांडे रोड होते हुए वापस सभा भवन पहुंची। श्री राम तथा सीता व लक्ष्मण रथ पर सवार होकर निकले तथा बैंड की धुन के साथ जय श्री राम से वातावरण गुंजायमान हुआ। बैंड ने आरती के साथ प्रारंभ होकर राम धुन तथा राम भजन प्रस्तुत किया। श्री राम सेवक सभा द्वारा आयोजित राम बारात में रामानुरागी लोगों ने पुष्प वर्षा की तथा गेंदा के पुष्प श्री राम को अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

### शादी से पहले सुरक्षा देने के निर्देश हाई कोर्ट ने दिए

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में एक प्रेम प्रसंग से जुड़े मामले की सुनवाई हुई, जिसमें उधम सिंह नगर निवासी युवक व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश हुआ, जबकि हरियाणा की युवती को पुलिस ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया। सुनवाई में कोर्ट ने युवती से उसकी मर्जी पूछी, जिस पर उसने अपने प्रेमी से शादी की इच्छा जताई और बताया कि दोनों करीब 10 साल से एक-दूसरे को जानते हैं। पहले उसके परिजन रिश्ते के खिलाफ थे, लेकिन अब राजी हैं। युवती की मां ने भी कोर्ट में कहा कि अब उन्हें शादी से कोई आपत्ति नहीं है। कोर्ट ने युवक को निर्देश दिया कि वह शादी से एक दिन पहले यमुनानगर थाना में अपने परिवार सहित उपस्थित हो, जहां से पुलिस सुरक्षा प्रदान करेगी। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि विवाह के दौरान भी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि कोई बाधा उत्पन्न न हो। मामले में युवती के परिजनों द्वारा उसे नजरबंद करने की शिकायत पर कोर्ट ने हरियाणा पुलिस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवती को पेश करने का आदेश दिया था। अब दोनों परिवारों की सहमति से शादी होने जा रही है।

### पांच प्रजातियों की मछलियां झील में डालीं

**नैनीताल।** जीवनदायिनी नैनी झील में पर्यटक अब गोल्डन महाशीर सहित कई तरह की मछलियों का दीदार कर सकेंगे। पंतनगर विश्वविद्यालय के मत्स्य विभाग की ओर से झील में जलीय जीवन को बेहतर करने व नैनीझील की पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत करने के लिए पांच प्रजातियों की मछलियां डाली गई हैं। बतादें कि नैनीझील के पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के लिए पंत नगर विश्वविद्यालय के मत्स्य विभाग की ओर से हर वर्ष कॉमन कार्प और बिग हैड मछलियों को निकाला जाता है। साथ ही गई बार कई प्रजातियों की मछलियों को नैनीझील में डाला जाता है।

# आर्मी के जवानों ने किया रक्तदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कैलाखान छावनी परिषद के आर्मी जवानों ने मंगलवार को सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल हल्द्वानी में आयोजित रक्तदान शिविर में ब्लड डोनेट किया। शिविर में जवानों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और समाज सेवा का संदेश दिया। सेना के जवानों ने कहा रक्तदान महादान है, इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। समय पर रक्त उपलब्ध न होने से कई बार मरीजों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान न केवल दूसरों के जीवन को बचाने का कार्य है बल्कि यह दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। इस दौरान सूबेदार रवि रंजन, हवलदार राधेश्याम, शेखर, शरवेस, चंदन, एसीके स्वामी, राहुल पाटिल, सुशील बोरे, शैलेश यादव, सिपाही दीपक, अशोक, श्रवण कुमार समेत अस्पताल परिसर से डा. हरीश, डा. राशि भटनाकर रहे।

# कुविवि के शिक्षा विभाग में रामलीला मंचन

## सत्य और धर्म के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है रामायण: प्रो. जोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में आईटीईपी (इंट्रीग्रेटेड टीचर्स एजूकेशन प्रोग्राम) के छात्रों द्वारा रामलीला का भव्य मंचन किया गया। बता दें यह आयोजन शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के समावेश का एक अनूठा उदाहरण रहा। इस अवसर पर छात्रों ने राम जन्म, सीता स्वयंवर, वनगमन और रावण वध आदि प्रसंगों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। मंचन के दौरान विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा एवं संवादों के माध्यम से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। मंचन का शुभारंभ संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर अतुल जोशी, विभागाध्यक्ष डा. अशोक उप्रेती तथा विभाग के समस्त



गुरुजनों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इस नाट्य मंचन ने न केवल मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श जीवन और मर्यादाओं को जीवंत किया बल्कि साथ ही हमें यह भी याद दिलाया कि भारतीय संस्कृति और सभयता की नींव सत्य, कर्तव्य तथा त्याग और मर्यादा पर आधारित है। संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने अपने संदेश में कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं बल्कि यह जीवन का ऐसा मार्गदर्शक है जो हमें हर परिस्थिति में सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। छात्रों ने जिस समर्पण और भावनात्मक अभिव्यक्ति के साथ इस स्किट का मंचन किया वह सराहनीय है। इससे न केवल हमें श्रीराम के जीवन से जुड़ने का अवसर मिला बल्कि युवाओं के भीतर संस्कार और नैतिक मूल्यों के प्रति आस्था भी और गहरी हुई। उन्होंने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति और आदर्शों का जीवंत प्रतीक है जो समाज में सत्य, धर्म और न्याय के महत्व को स्थापित करती है। अंत में विभागाध्यक्ष डा. अशोक उप्रेती ने द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास तथा भारतीय संस्कृति और विरासत के संरक्षण में सहायक सिद्ध होती हैं। रामलीला के मंचन के दौरान आईटीई पी विभाग के सभी गुरुजन व छात्र उपस्थित थे।

# जनसंख्या कितनी है? भू क्षेत्र कितना है ?

## किच्छा के सिरौली कलां में पालिका चुनाव न कराने पर हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने किच्छा उधमसिंह नगर के सिरौलीकलां में अभी तक पालिका का चुनाव का कार्यक्रम न घोषित किए जाने जाने को लेकर दायर जनहित याचिका सहित कई अन्य याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ में बुधवार को उपजिला. धिकारी किच्छा व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। कोर्ट ने उनसे कई सवाल पूछे जिसमें कोर्ट ने कहा कि ऐसी क्या जरूरत पड़ी कि सिरोली कलां के चार वार्ड को नगर पालिका किच्छा से अलग किया गया जबकि पहले इनको इसमें शामिल किया गया।

अब चार वार्ड को लेकर नई नगर पालिका बनाई जा रही है। नई नगर पालिका की जनसंख्या कितनी है? उसका भू क्षेत्र कितना है ? क्या सर्वे रिपोर्ट है? वीरवार (आज) तक कोर्ट में इसे पेश करे। मामले की अगली सुनवाई कोर्ट ने वीरवार (आज) भी सुनवाई जारी रखी है। बुधवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार किच्छा (उधम सिंह नगर) के सिरोलीकलां ग्राम निवासी मोहम्मद यासीन सहित अन्य ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि किच्छा नगर पालिका के विस्तारीकरण वर्ष 2018 में हुआ था। जिसमें सिरौली कला, बंडिया व देवरिया व आजादनगर को बाद में शामिल किया गया था। वर्ष 2018 में ही नगर पालिका के चुनाव हुए जिसमें सिरौलीकलां क्षेत्र में तीन वार्ड 18 तथा 19 व 20 कुछ क्षेत्र वार्ड नंबर 17 को भी शामिल किया गया। फिर हटा दिया गया। बाद में कोर्ट के आद. ेश पर फिर शामिल कर दिया गया और वे सिरौलीकलां नगर पालिका किच्छा में विगत 6 वर्षो से शामिल है तथा नगर पालिका द्वारा इस क्षेत्र में अभी तक लगभग 5 करोड़ के विकास कार्य किये जा चुके हैं जबकि अब वर्तमान में सिरौलीकलां को किच्छा नगर पालिका से पृथक किया जा रहा है, जिसका सिरौलीकलां क्षेत्रवासी विरोध करते हैं। वह चाहते हैं कि सिरौलीकला को नगर पालिका में ही रखा जाये और उनके यहां भी अन्य नगर पालिकाओं का कार्यकाल समाप्त होने के बाद तुरंत चुनाव कराए जाएं जबकि कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी प्रशासक पालिका कार्यभार सभालें हुए है जिसकी वजह से उनके कई जरूरी कार्य नहीं हो पा रहे हैं उसके लिए उन्हें ढूंढने के लिए दर दर भटकना पड़ता है, इसलिए पालिका का चुनाव शीघ्र कराया जाए।

### दो सप्ताह में शपथ पत्र पेश करे सरकार

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गदरपुर तहसील के सकैनिया गांव में अतिक्रमण के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए सरकार को दो सप्ताह में शपथ पत्र पेश करने के निर्देश दिए हैं। सकैनिया गांव निवासी सतनाम दास और अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश जी नरेंदर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में सुनवाई हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए उपजिलाधिकारी की ओर से कहा गया कि तालाब की भूमि पर अतिक्रमण चिन्हित किया गया है। दो दुकान और एक घर को 21 सितंबर रविवार को नोटिस जारी किया गया है। अतिक्रमणकारियों को हटाने का सात दिन का नोटिस जारी किया गया है। संतोषजनक नहीं उत्तर नहीं मिलने पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश कोर्ट ने दिये। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि एसडीएम की ओर से अतिक्रमण को लेकर जो तथ्य दिए गए हैं वह गलत है। अधिक भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। अंत में अदालत ने एसडीएम को दो सप्ताह में शपथपत्र पेश करने के निर्देश दे दिए। साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता को भी प्रतिशपथ पत्र पत्र देने को कहा है।

### हत्या मामले में दोषी महिला की मानवीय आधार पर सजा निलंबित

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हत्या के मामले में दोषी ठहराई गई सुमन नामक महिला की आजीवन कारावास की सजा को मानवीय आधार पर निलंबित करते हुए उसे जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। सुमन पिछले सात साल से अपने नवजात बच्चे के साथ जेल में बंद थी। यह मामला उधम सिंह नगर के रुद्रपुर का है, जहां 2023 में सेशन कोर्ट ने सुमन और राम सिंह को धारा 302 और 34 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। आरोप था कि 2008 में सुमन ने शिकायतकर्ता मंजू के पति हरिकेश की हत्या की थी। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने पाया कि गवाहों के बयानों में विरोधाभास हैं और मेडिकल रिपोर्ट में चोटें तेज धारदार हथियार से होने की बात कही गई, जिससे लोहे की रौड से हमला किए जाने पर संदेह पैदा होता है। कोर्ट ने यह भी माना कि घटना के समय सुमन गर्भवती थी और एक छोटा बच्चा पहले से था। इन परिस्थितियों को देखते हुए कोर्ट ने सजा निलंबित कर 10-10 हजार रुपये के निजी मुचलके और जमानत राशि पर उसकी रिहाई के आदेश दिए। मामले की आगे की सुनवाई निर्धारित तिथि पर होगी।

# स्मैक तस्करी में दो दोषी करार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अपर जिला न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) संजीव कुमार की अदालत ने स्मैक तस्करी के एक मामले में समीर अहमद और रिजवान को दोषी करार देते हुए 5-5 साल के कठोर कारावास और 50-50 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोनों को 6-6 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूजा साह ने बताया कि बनभूलपुरा पुलिस ने जनवरी 2019 में दोषी समीर अहमद के कब्जे से 28 ग्राम और रिजवान के क बजे से 10 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की थी। दोनों से छोटे-छोटे कागज़ के टुकड़े भी मिले जिससे यह साबित हुआ कि वे स्मैक को बेचते थे। यह मात्रा मध्यम मात्रा से काफी अधिक थी। अभियोजन पक्ष ने अदालत में दलील दी कि दोषी समाज विरोधी गति. विधियों में लिप्त हैं और युवाओं को शारीरिक रूप से कमजोर कर रहे हैं जो देश और समाज के लिए एक गंभीर खतरा है। इस दौरान दोषियों की ओर से अदालत से कम से कम सज़ा देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वे बहुत गरीब हैं उनका यह पहला अपराध है और उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। समीर अहमद ने यह भी कहा कि वह पेट दर्द से पीड़ित है और घर में अकेला कमाने वाला सदस्य है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों और मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 8/21 के तहत दोषी करार दिया। अदालत ने माना कि यह अपराध गंभीर और समाज विरोधी है। फैसले के बादए दोनों दोषियों को सजायावी वारंट के साथ जेल भेजा गया। जेल में बिताई गई अवधि को उनकी सजा में समायोजित किया जाएगा।

# मालरोड से टैक्सी हटवाने पर भड़के संचालक

## प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी, एसडीएम ने लगाई फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** शहर की शान समझे जाने वाली माल रोड में बेतरतीब तरीके से पार्क टैक्सी वाहनों के खिलाफ बुधवार को जब प्रशासन की ओर से संभागीय परिवहन विभाग व पुलिस ने मिलकर संयुक्त अभियान चलाया तो हंगामा हो गया। चालानी कार्रवाई होने पर कई टैक्सी संचालक सड़क पर उतर गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान गुस्साए लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की खुशियों की सवारी भी रोक दी। एसडीएम की फटकार के बाद टैक्सी संचालक सड़क से हटे। दूसरी ओर प्रशासन ने साफ चेतावनी दी कि माल रोड में प्रतिबंधित वाहनों का संचालन



होने और सड़क किनारे वाहन पार्क होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें बुधवार को एडीएम विवेक रॉय, एसडीएम नवाजिश खलिक के नेतृत्व में परिवहन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने माल रोड पर पार्क टैक्सी वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने सड़क किनारे पार्क वाहनों के चालान करने शुरू किए ही थे कि टैक्सी संचालकों ने टीम को घेर लिया। अभियान व चालानी कार्रवाई के विरोध में टैक्सी चालक नारेबाजी पर उतर आए लेकिन टीम की कार्रवाई नहीं रुकी तो चालकों ने मालरोड से गुजरती हुई प्रतिबंधित टीबी नंबर की एक खुशियों की सवारी को रोक दी साथ ही सरकारी विभागों में संचालित प्रति. बंधित वाहनों के चालान की भी मांग की। सड़क पर यातायात बाधित होता देख एसडीएम ने यातायात प्रभावित करने वालों को फटकार लगाई और यातायात सुचारू करवाया। उन्होंने कड़ी चेतावनी दी कि माल रोड में प्रतिबंधित वाहन किसी भी दशा में नहीं चलाये जायेंगे। शहर में कही भी सड़क किनारे वाहन पार्क मिले तो चालान ही नहीं वाहन सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम नवा. जिश खलिक ने बताया कि सड़क किनारे पार्क व माल रोड पर प्रति. बंधित वाहनों को चलाने पर 50 लागों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कर अधिकारी अनुभा आर्या व कोतवाल हेम चंद्र पंत रहे।

# शहर कोतवाल बने अमर चंद्र शर्मा

## पुलिस विभगा में 25 निरीक्षक व उपनिरीक्षक दरोगा इधर से उधर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बुधवार देर शाम एसएसपी पीएन मीणा ने पुलिस विभाग में एक बड़ा फेरबदल करते हुए 25 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें निरीक्षक, उप निरीक्षक और यातायात प्रभारी शामिल हैं। एस एसपी ऑफिस से मिली जानकारी के अनुसार एस ओजी प्रभारी हरपाल सिंह को चोरगलिया की जिम्मेदारी सौंपी गयी। जबकि शहर कोतवाल राजेश कुमार यादव को प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ का दायित्व दिया है। पुलिस लाइन से निरीक्षक अमर. चंद शर्मा को शहर कोतवाल बनाया है। इसके अतिरिक्त कालाढूंगी प्रभारी विजय मेहता को प्रभारी एएनटीएफ, रामनगर प्रभारी निरीक्षक अरुण सैनी को कालाढूंगी प्रभारी, लालकुआँ प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल को प्रभारी डीसीआरबी, ब्रजमोहन सिंह राणा प्रभारी सम्मन सेल से प्रभारी निरीक्षक लालकुआं, राजेंद्र सिंह रावत पुलिस लाइन से प्रभारी सम्मन सैल, हल्द्वानी एसएसआई महेंद्र प्रसाद को एसएसआई रामनगर, एसआई सोमेंद्र सिंह को प्रभारी चौकी बिंदुखत्ता से थाना रामनगर, उप निरीक्षक राजेश जोशी को पुलिस लाइन से एसओजी, एसआई वीरेंद्र बिष्ट को मुखानी से थाना तल्लीताल, एसआई जोगेंद्र यादव को पुलिस लाइन से थाना लालकुआं, एसआई विजय कुमार को प्रभारी चौकी धानाचूली से थाना बेतालघाट, एसआई हरिराम को थाना बेतालघाट से प्रभारी चौकी धानाचूली, एसआई कृष्णागिरी को प्रभारी चौकी बैलपड़ाव से प्रभारी चौकी राजपुरा, एसआई फिरोज आलम को एसओजी से प्रभारी चौकी बेलपड़ाव, महिल एसआई आशा बिष्ट को पुलिस लाइन से थाना मल्लीताल, एसआई आरती को पुलिस लाइन से थाना हल्द्वानी, एसआई चंद्रशेखर कन्याल को वाचक अपर पुलिस अधीक्षक नैनीताल से प्रभारी सूचना सेल का अतिरिक्त प्रभार, अपर उप निरीक्षक गणेश सिंह राणा को पुलिस लाइन से थाना भीमताल, अपर उप निरीक्षक पंकज जोशी को पुलिस लाइन से थाना हल्द्वानी, अपर उपनिरीक्षक त्रिभुवन सिंह को थाना भीमताल से थाना भवाली, अ. उप. सुरेश कन्याल को प्रभारी सूचना सेल से थाना भवाली, महिला अ. उ. नि. आशा शर्मा को पुलिस लाइन से थाना हल्द्वानी भेजा गया। वहीं यातायात निरीक्षक महेश चंद्रा को यातायात प्रभारी भवाली से यातायात प्रभारी हल्द्वानी, यातायात निरीक्षक शिवराज सिंह बिष्ट यातायात प्रभारी हल्द्वानी से यातायात प्रभारी भवाली बनाया।

### डीएसबी के छात्रावास का सुरक्षा गेट तोड़ा

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित एसआर बालिका छात्रावास के रास्ते पर लगाए गए सुरक्षा गेट को अज्ञात लोगों ने 23 सितंबर की शाम जबरन तोड़ दिया। आरोपियों ने मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों और मजदूरों से अभद्रता और धमकी भी दी। कुलसचि. व ने थानाध्यक्ष तल्लीताल को सूचित किया है कि हमलावरों ने दोबारा गेट लगाए जाने पर फिर उसे तोड़ने की धमकी दी है, जिससे छात्राओं की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह गेट विवि की सीमांकित 5.61 एकड़ भूमि पर लगाया गया था और उसे नुकसान पहुँचाना संपत्ति को क्षति पहुंचाने के दायरे में आता है। घटना को गंभीरता से लेते हुए विवि प्रशासन ने अज्ञात लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और पुलिस से मामले में एफआइआर दर्ज कर सुरक्षा व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

● विश्व पैरा एथलेटिक्स-2025 ●

# शीर्ष भारतीय एथलीटों पर रहेगी नजर

## भारत में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा पैरा एथलेटिक्स आयोजन 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक दिल्ली में होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ऑयल नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, जो भारत में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा पैरा-एथलेटिक्स आयोजन है, 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर, 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाली है। इस आयोजन में 104 देशों के 2,200 से ज्यादा एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे।

पिछले एक दशक में भारत पैरा खेलों में एक उभरती हुई महाशक्ति रहा है। 2012 लंदन पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद एफ42 स्पर्धा में गिरीशा एन गौड़ा द्वारा जीते गए एकमात्र पदक से लेकर पेरिस पैरालंपिक में सात स्वर्ण सहित 29 पदक जीतने तक, देश ने पैरा खेलों में लगातार प्रगति की है। पदकों की बढ़ती संख्या पैरा खेलों के बुनियादी ढांचे में सुधार और पैरा एथलीटों को प्रदान किए गए समग्र समर्थन को दर्शाती है। भारत आगामी खेलों में 73 सदस्यीय टीम उतारेगा। यहां कुछ प्रमुख भारतीय पैरा एथलीटों पर एक नजर डाली गई है जिनसे आगामी खेलों में चमकने की उम्मीद है:

1. प्रीति पाल (100 मीटर( 200 मीटर टी35): प्रीति पाल पैरालंपिक ट्रैक पदक जीतने वाली भारत की पहली एथलीट हैं। सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित प्रीति ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में 100 मीटर और 200 मीटर टी35 स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। महिलाओं की 100 मीटर और 200 मीटर टी35 स्पर्धाओं में, उन्होंने क्रमशः 14:21 सेकंड और 30:01 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला। उनकी इस उपलब्धि को देखते हुए, उन्हें क्लब थ्रोअर धर्मबीर सिंह के साथ आगामी खेलों में भारतीय दल का ध्वजवाहक चुना गया है।

2. योगेश कथुनिया (डिस्कस थ्रो एफ54/55/56): कथुनिया सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले भारतीय पैरा एथलीटों में से एक रहे हैं। 2018 में, उन्होंने बर्लिन में आयोजित 2018 विश्व पैरा एथलेटिक्स यूरोपीय चैंपियनशिप में एफ36 श्रेणी में 45.18 मीटर तक डिस्कस थ्रो करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था। अब तक उनका सर्वोच्च प्रदर्शन 2020 ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ56 स्पर्धा में रहा है, जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। नौ साल की उम्र में, कथुनिया को गुइलेन-बैरे सिंड्रोम का पता चला था, एक ऐसी स्थिति जिसने उनकी गतिशीलता को काफी प्रभावित किया।

3. नवदीप सिंह (भाला फेंक एफ40/41): हरियाणा के पानीपत ज़िले के रहने वाले नवदीप बौनेपन से पीड़ित थे, जो हड्डियों के विकास को प्रभावित करने वाले एक आनुवंशिक उत्परिवर्तन के कारण होता है। अपने पहलवान पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए, वह एक पहलवान बने और हरियाणा में एक आयु वर्ग स्तर की राज्य चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता। हालांकि, 2016 अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में नीरज के स्वर्ण पदक का वीडियो देखने के बाद, वह भाला फेंक में आगे बढ़ने के लिए दिल्ली चले गए। उन्हें 2017 में सफलता तब मिली जब उन्होंने दुबई में एशियाई युवा पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2019 में स्विट्जरलैंड में विश्व जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक और स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का और लोहा मनवाया। 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में उनका दिल टूट गया जब वह केवल 60 सेंटीमीटर से कांस्य पदक से चूक गए और 40.80 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। खेलों के बाद भारत लौटने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वादा किया।



## वैभव की आतिशी पारी से भारत-19 ने जीती सीरीज

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की 70 रन की आतिशी पारी से भारत अंडर 19 ने दूसरे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को बुधवार को 51 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने 49.4 ओवर में 300 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को 47.2 ओवर में 249 रन पर समेट दिया।

सूर्यवंशी ने 68 गेंदों पर 70 रन में पांच चौके और छह छक्के लगाए। वैभव सूर्यवंशी के नाम अब यूथ वनडे में सबसे अधिक छक्कों (41) का रिकॉर्ड बन गया है, उन्होंने उन्मुक्त चंद का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने विहान मल्होत्रा के साथ दूसरे विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी की। विवान ने 74 गेंदों पर 70 रन में सात चौके और एक छक्का लगाया। अभिज्ञान कुंडु ने 71 रन का योगदान दिया। कुंडू ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम इसके जवाब में जेडेन ड्रेपर (107) के शतक के बावजूद 249 रन पर सिमट गई। आयुष म्हात्रे ने 27 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए।

# आईसीसी टी-20 रैंकिंग: भारत चारों कैटेगरी में टॉप पर बरकरार

**दुबई।** आईसीसी की बुधवार को जारी टी-20 वीकली रैंकिंग में लगातार दूसरे हफ्ते भी बैटर, बालर और ऑलराउंडर तीनों कैटेगरी में भारतीय खिलाड़ी टॉप पर बरकरार हैं। यहां तक कि टी-20 टीम रैंकिंग में भी भारतीय टीम टॉप पर मौजूद है।

पिछले सप्ताह ही सभी चारों कैटेगरी में भारत का दबदबा बना था। ऐसा पहली बार हुआ कि एक ही टीम और उसके खिलाड़ियों ने किसी एक फार्मेट की सभी चार कैटेगरी में नंबर-1 स्थान हासिल किया। वरुण चक्रवर्ती टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बालर बने हुए हैं। बैटर अभिषेक शर्मा नंबर-1 पर

**● लगातार दूसरे हफ्ते इंडिया टॉप टीम, अभिषेक बैटर, वरुण बालर्स, हार्दिक आलराउंडर्स में नंबर-१**

बरकरार हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या टॉप पर हैं। अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार बैटर्स में भारत के ओपनर अभिषेक अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप स्टेज के मुकाबले में 38 और रविवार को पाकिस्तान के 74 रन की पारी खेली थी। उनके अलावा, तिलक वर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुच गए हैं। पाकिस्तानी बैटर साहिबजादा फरहान 31 स्थानों की छलांग लगाकर 24वें नंबर पर पहुच गए हैं। रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती टॉप पर बने हुए हैं। 34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन जारी है। फिलहाल उनका रेटिंग पाइंट 747 हो गया है। वरुण ने पिछले सप्ताह ही नंबर-1 पोजीशन हासिल की थी। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के जैकब डफी हैं। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान छह स्थान की छलांग लगाकर टॉप-10 में वापस आ गए हैं। हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल आलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के अबरार अहमद 12 स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच हैं।

# गुकेश-प्रज्ञानंदा जीसीएल सीजन 3 ड्राफ्ट के मुख्य आकर्षण



### छह फ्रेंचाइजी 36 खिलाड़ियों के पूल से शक्तिशाली टीमें बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 17 देशों के शीर्ष ग्रैंडमास्टर शामिल होंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारत के शतरंज सुपरस्टार - मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश, पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और प्रतिभाशाली आर प्रज्ञानंदा - 26 सितम्बर को मुंबई में ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) सीजन 3 प्लेयर ड्राफ्ट में आकर्षण का केंद्र होंगे। लीग के तीसरे संस्करण में, जो टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल है, छह फ्रेंचाइजी 36 खिलाड़ियों के पूल से शक्तिशाली टीमें बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 17 देशों के शीर्ष ग्रैंडमास्टर और उभरती प्रतिभाएं शामिल होंगी। अन्य प्रमुख नामों में विश्व के दिग्गज हिकारू नाकामुरा, फैबियानो कारूआना, अलीरेज़ा फिरोज़ा, मैक्सिम वाचियर लाग्रेव, चार बार की महिला विश्व चैंपियन होउ यिफान और विश्व कप उपविजेता कोनेरू हम्पी शामिल हैं।

अंडर-21 प्रोडिजी श्रेणी में उभरते सितारे वोलोडर मुर्ज़िन, 2024 फिडे विश्व रैपिड चैंपियन, और मार्क' एंड्रिया मौरिज़ी, 2023 विश्व जूनियर चैंपियन शामिल होंगे। टेक महिंद्रा ग्लोबल चेस लीग के अध्यक्ष पीयूष दुबे ने कहा कि जीसीएल सीजन 3 का ड्राफ्ट एक और रोमांचक उपलब्धि है क्योंकि हम दुनिया भर से असाधारण प्रतिभाओं को एक साथ ला रहे हैं। यह सीजन बड़ी लड़ाइयों, बड़े दांवों और शतरंज में नवाचार की एक नई लहर का वादा करता है। हर सीजन के साथ, हम न केवल टीमें बना रहे हैं। बल्कि शतरंज के भविष्य को भी निखार रहे हैं और खिलाड़ियों और उत्साही लोगों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहे हैं। ड्राफ्ट में चार राउंड होंगे, जिसमें खिलाड़ियों को आइकॉन, पुरुष, महिला और अंडर-21 प्रोडिगी श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा।

## सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारत का सामना नेपाल से

**कोलंबो, वार्ता।** सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम का पलड़ा भारी है। भारतीय अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम कल रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। ब्लू कोल्ट्स ने अंतिम चार में एक बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ प्रवेश किया है, उन्होंने तीन मैचों में नौ अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जिसमें मालदीव (6-0), भूटान (1-0) और पाक (3-2) के खिलाफ जीत शामिल है। मुख्य कोच बिबियानो पिछले परिणाम से विशेष रूप से खुश थे, जिसने उनके खिलाड़ियों के मैदान पर दिखाए गए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आईसीसी ने यूएसए क्रिकेट को किया निलंबित

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने आखिरकार यूएसए क्रिकेट (यूएसएसी) को निलंबित करने का फैसला किया है। यह एक प्रमुख बाजार में खेल के नेतृत्व और संचालन ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन लाने के प्रयासों के तहत रीसेट बटन दबाने जैसा है। मंगलवार को एक वर्चुअल बैठक के बाद आईसीसी बोर्ड ने यह फ़ैसला लिया। यूएसएसी के निलंबन का असर फरवरी में भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में यूएसए की भागीदारी पर नहीं पड़ेगा। हालांकि निलंबन का विशिष्ट कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है, यह आईसीसी द्वारा जुलाई में अपनी वार्षिक आम बैठक में यूएसएसी को 'स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव' कराने और व्यापक प्रशासनिक सुधार लागू करने के लिए तीन महीने का समय दिए जाने के लगभग दो महीने बाद आया है। उस समय, आईसीसी ने दोहराया था कि यूएसएसी जुलाई 2024 से सूचना पर बना रहेगा। आईसीसी बोर्ड ने यूएसएसी को यह भी चेतावनी दी थी कि वह सुधारों की प्रगति के आधार पर कोई भी उचित कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

## टीएनसीए के पूर्व संयुक्त सचिव का निधन

**चेन्नई, वार्ता।** टीएनसीए के पूर्व संयुक्त सचिव, एक अच्छे प्रशिक्षक और प्रसिद्ध मध्यस्थ के- थिरुकालाथी का कल शाम दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। थिरुकालाथी, जिन्होंने कई खिलाड़ी तैयार किए थे, कांचीपुरम जिला शतरंज संघ के सचिव भी रहे थे और मीडिया के साथ उनका हमेशा घनिष्ठ संबंध रहा। टीएनसीए और शतरंज जगत के अधिकारियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। आज सुबह उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# खिलाड़ियों और टीमों की भागीदारी के लिए चयन मानदंड जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने एशियाई खेल 2026 और अन्य बहु-खेल आयोजनों में खिलाड़ियों और टीमों की भागीदारी के लिए चयन मानदंड जारी किए हैं। इसका उद्देश्य एक पारदर्शी और न्यायसंगत ढांचा तैयार कर यह सुनिश्चित करना है कि केवल उन एथलीटों को ही बहु-विषयक खेल आयोजनों में भागीदारी के लिए विचार किया जाए जिनके पास पदक जीतने का वास्तविक मौका है।

चयन मानदंडों में मापनीय और गैर-मापनीय दोनों प्रकार की प्रतियोगिताओं के लिए मानक निर्धारित किए गए हैं जो एशियाई खेलों, पैरा एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई इनडोर खेलों, एशियाई समुद्र तट खेलों, युवा ओलंपिक, एशियाई युवा खेलों, राष्ट्रमंडल युवा खेलों जैसे बहु-खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी के बारे में निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। हालांकि ओलंपिक और ऐसी अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं इसके दायरें में नहीं आएंगे जहां एथलीट या टीम की भागीदारी, संबंधित अंतर्राष्ट्रीय महासंघों द्वारा निर्धारित योग्यता मानकों द्वारा निर्धारित की जाती है। मापनीय व्यक्तिगत खेल और स्पर्धाओं के लिए, कोई भी खिलाड़ी भारतीय दल में तभी जगह पा सकेगा जब उसने आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर आयोजित किसी अंतर्राष्ट्रीय खेल महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता में पिछले एशियाई खेलों के छठे स्थान के प्रदर्शन की बराबरी की हो या उससे बेहतर प्रदर्शन किया हो। यदि वह खेल या स्पर्धा पिछले एशियाई खेलों में शामिल नहीं थी, तो चयन मानदंड आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर उस खेल या स्पर्धा के लिए आयोजित सीनियर एशियाई चैंपियनशिप के समान मानदंडों के आधार पर होंगे। गैर-मापनीय व्यक्तिगत खेल और स्पर्धाओं के लिए, जहां आगामी एशियाई खेलों से पूर्व 12 महीनों के भीतर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप आयोजित की गई हो या विश्व रैंकिंग नियमित रूप से जारी की जाती हो, ऐसे खिलाड़ी को दल में शामिल करने पर विचार किया जाएगा जिसने पिछले 12 महीनों के भीतर आयोजित अंतिम सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में अपने भार या स्पर्धा में छठा या उससे बेहतर स्थान प्राप्त किया हो या उसकी विश्व रैंकिंग अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में एशियाई देशों में शीर्ष 6 में शामिल हो। यदि आगामी एशियाई खेलों से पहले पिछले 12 महीनों में कोई सीनियर एशियाई चैंपियनशिप आयोजित नहीं की गई है और कोई अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग नियमित रूप से प्रकाशित नहीं की गई हो तो उस स्थिति में एथलीट को समकक्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एशियाई देशों के बीच शीर्ष 6 में स्थान प्राप्त करना होगा। टीम खेलों (जैसे फुटबॉल, हॉकी आदि) और टीम स्पर्धाओं (जैसे रिले, युगल, मिश्रित युगल आदि) के लिए, 12 महीनों के भीतर आयोजित अंतिम सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करने वाली टीम या अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में एशियाई देशों में शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करने वाली टीम को एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए विचार किया जाएगा।

अगर अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग प्रकाशित नहीं की गई है या आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप आयोजित नहीं की गई है, तो उस स्थिति में टीम को समकक्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशियाई देशों के बीच शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करना होगा। इस मानदंड में छूट का एक प्रावधान है जो मंत्रालय को यह अधिकृत करता है कि यदि विशिष्ट खेल अथवा भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के विशेषज्ञों की राय के आधार पर उचित कारणों से निर्धारित मानदंडों में छूट में व्यक्तियों और टीमों की भागीदारी की सिफारिश की जाती है तो वह उचित निर्णय ले सकता है।

# टी-20 विश्व कप के कारण विंडीज का द. अफ्रीका दौरा छोटा होगा

**● द. अफ्रीका 27 जनवरी 6 फरवरी तक वेस्टइंडीज की मेजबानी करने वाला है**

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका को वेस्टइंडीज के खलिाफ इस गर्मियों की अपनी एकमात्र पुरुष अंतर्राष्ट्रीय घरेलू सीरीज को छोटा करना पड़ सकता है, ताकि दोनों टीमें समय पर टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारत और श्रीलंका पहुंच सकें।

दक्षिण अफ्रीका 27 जनवरी से 6 फरवरी तक वेस्टइंडीज की मेजबानी करने वाला है, जहां पांच टी20 खेले जाने हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने पिछले हफ्ते रिपोर्ट किया था कि टी20 विश्व कप संभवतः 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाएगा। अगर टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरू होता है, तो आईसीसी का सपोर्ट पीरियड 31 जनवरी से शुरू होगा। इस समय में टीमों से उम्मीद की जाती है कि वे मेजबान देशों में पहुंचें और वैकल्पिक अभ्यास मैच खेलें। यह सपोर्ट पीरियड पहले 3 फरवरी से शुरू हो रहा था और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने अपने घरेलू कार्यक्रम इसी समझ के साथ बनाए थे कि दक्षिण अफ्रीका के पास विश्व कप के लिए यात्रा करने का पर्याप्त समय होगा। हालांकि यह जरूरी नहीं है कि टीमें पूरा आईसीसी सपोर्ट पीरियड मेजबान देश में ही बिताएं। आईसीसी ने इस विश्व कप में भाग लेने वाले देशों से पूछा है कि वे कितने अभ्यास मैच खेलना चाहते हैं और विकल्प शून्य से लेकर दो मैच तक का है। जब कोई देश दो अभ्यास मैच चुनता है, तो उनका सपोर्ट पीरियड टूर्नामेंट से एक हफ्ता पहले शुरू होता है। सीएसए इस समय क्रिकेट वेस्टइंडीज से चर्चा कर रहा है कि वेस्टइंडीज कब उपमहाद्वीप पहुंचना चाहता है और उन्हें कितने अभ्यास मैच खेलने हैं। अगर टीमें कोई अभ्यास मैच नहीं खेलती हैं, तो आईसीसी सपोर्ट पीरियड 7 फरवरी से चार दिन पहले यानी 3 फरवरी से शुरू होगा। भले ही वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप से पहले कोई अभ्यास मैच ना खेलना चाहे, सीएसए को पांच टी20 में से कम से कम दो मैच रद्द करने होंगे।

आखिरी दो मैच 3 और 6 फरवरी को निर्धारित हैं। इन मैचों को इससे पहले नहीं खेला जा सकता, क्योंकि एसए20 टूर्नामेंट 25 जनवरी को समाप्त होगा। सीएसए इस समय यह तय कर रहा है कि वेस्टइंडीज के खलिाफ मैच किन स्थलों पर खेले जाएं। वर्तमान में संभावना है कि वे पार्ल, न्यूलैंड्स, ईस्ट लंदन का बफ़ेलो पार्क, सेंचूरियन और जोहानसबर्ग होंगे। सीएसए ने इस साल अपने मैदानों को 2027 वनडे विश्व कप के लिए तैयार करने के मकसद से कम भीड़भाड़ वाला सीजन रखने की योजना बनाई थी।

# जैक्स और पॉट्स इंग्लैंड की टीम में

**● वोक्स बाहर, ब्रुक उप कप्तान बनाए गए**



**लंदन, वार्ता।** कंधे की चोट से उबरने के बावजूद, बेन स्टोक्स को एशेज के लिए इंग्लैंड का कप्तान बनाया गया है। चयनकर्ताओं ने मंगलवार को टीम की घोषणा की। मैथ्यू पॉट्स और विल जैक्स को 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। जैक्स के न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर रहने के बाद एशेज से पहले उंगली की चोट से पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। डरहम के तेज गेंदबाज पॉट्स ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था, जबकि सरे के जैक्स ने आखिरी बार दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। पॉट्स ने इस सीजन में 10 काउंटी चैंपियनशिप मैचों में 28 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84 रन देकर 4 विकेट रहा है। जैक्स ने अब तक केवल तीन पारियां खेली हैं, जिनमें उन्होंने 136 रन बनाए हैं, जिसमें से 119 रन उन्होंने एक ही पारी में बनाए हैं। हैरी ब्रुक को एशेज के लिए ओली पोप की जगह उप-कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि मार्क वुड बाएं घुटने की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। भारत के खिलाफ सीरीज के दौरान उंगली में चोट लगने वाले शोएब बशीर को भी टीम में शामिल किया गया है। स्टोक्स के अलावा, टीम में अनुभवी खिलाड़ी जो रूट, जैक क्रॉली, बेन डकेट और पोप शामिल हैं, जबकि जेमी स्मिथ विकेटकीपर हैं। भारत के खिलाफ सीरीज के बीच में टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले जोफ्रा आर्चर तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें ब्रायडन कार्स, गस एटकिंसन, जोश टंग, वुड और पॉट्स भी शामिल हैं। बशीर मुख्य स्पिनर हैं जबकि रूट, जैकब बेथेल और जैक्स अन्य स्पिन विकल्प हैं।

# स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता सम्मानित

**● केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत के पदक विजेता दल से भेंट की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने 13 से 21 सितम्बर तक चीन के बेइदाईहे में आयोजित 73वीं इनलाइन स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में भारत के पदक विजेता दल को आज सम्मानित किया।

भारतीय स्केटिंग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण को चिन्हित करते हुए, राष्ट्रीय टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांच पदक (3 स्वर्ण, 2 कांस्य) जीते और 40 से अधिक देशों में कुल मिलाकर पांचवां स्थान हासिल किया।

यह ऐतिहासिक प्रदर्शन कई नई उपलब्धियों से भरा रहा :

स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला सीनियर पदक।

जूनियर वर्ग में पहला स्वर्ण। विश्व चैंपियनशिप में भारत का अब तक का सर्वोच्च पदक। एथलीटों को सम्मानित करते हुए, डा. मांडविया ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में ये ऐतिहासिक पदक दर्शाते हैं कि हमारे युवा नई ऊंचाइयां छू रहे हैं, चाहे वह मुख्यधारा के खेल हों या उभरते हुए खेल। मैं इस उल्लेखनीय प्रदर्शन से भारत को गौरवान्वित करने के लिए हमारे एथलीटों, प्रशिक्षकों, सहयोगी कर्मचारियों और भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ को तहे दिल से बधाई देता हूं।



आनंदकुमार वेलकुमार (22): सीनियर वर्ग में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने दो स्वर्ण (1000 मीटर स्प्रिंट और 42,195 मीटर मैराथन) और एक कांस्य (500 मीटर स्प्रिंट) जीता।

कृष शर्मा (18): 1000 मीटर स्प्रिंट में भारत का पहला जूनियर स्वर्ण पदक जीता।

अनीश राज (17): जूनियर पुरुष 1 लैप स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। भारतीय दल में 20 एथलीट (4 वरिष्ठ पुरुष, 4 वरिष्ठ महिला, 5 जूनियर पुरुष, 7 जूनियर महिला) शामिल थे, जिन्होंने चैंपियनशिप में भाग लिया, जिसमें 40 से अधिक देशों की भागीदारी के साथ सीनियर और जूनियर श्रेणियों में 42 स्पर्धाएं हुईं।

## मंगलौर नगर पालिका चेयरमैन ने किया स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

# अवाम को मिल रहा लाभः मोहियुद्दीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** जनपद वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करने के उद्देश्य से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंगलौर मोहियुद्दीन अंसारी ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविरो का आयोजित किया जा रहे है जिसमें क्षेत्र वासी भारी सांख्या में पहुंचकर सभी लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य उपचार किया जा रहा है जिसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से उपेक्षा की है कि आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविरों में अधिक से अधिक लोग शिविर में पहुंच कर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के सिंह ने अवगत कराया है कि आज आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविर में 450 लोगों का पंजीकरण एवं उपचार किया गया है जिसमें जनरल सर्जरी के 12, बालरोग के 22, दंत चिकित्सा के



14, प्रसूति एवं स्त्री रोग के 69, ईएनटी के 30,जनरल ओपीड़ी के 130, एक्सरे के 64,आरकेएस के 24, क्षयरोग के 33 सहित 15 दिव्यांग प्रमाण पत्र भी लाभार्थियों को उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरिद्वार डॉ० अनील वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक मंगलौर डॉ० गंभीर तालियांन ,डॉ भूपेंद्र, डॉ गुलबहार, डॉ अमजद ,महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ आस्था , डॉ राजकुमार, डॉ राजेश पांडे,डॉ राजीव रंजन तिवारी,डॉ बीणा पॉल,डॉ रंजन मोहन,डॉ श्रद्धा मिश्रा,डॉ यमन हसन,डॉ आशुतोष कुमार,डॉ ऋचा भारती,डॉ प्रतीक वर्मा, डॉ आकृति चौहान,डॉ सौरभ कुमार,डॉ गौरव सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## स्कूली छात्रों को किया नशे के प्रति जागरूक

# नशा युवाओं का भविष्य निगल जाता है : इंस्पेक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वासुदेव लाल मैथिल सरस्वती सरस्वती विद्या मंदिर, में मंगलवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कोतवाली सिविल लाइंस प्रभारी मनीष उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और छात्रों को नशा मुक्ति व साइबर अपराध से बचाव के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुएइंस्पेक्टर कोतवाली सिविल लाइन मनीष उपाध्याय ने कहा कि "नशा युवाओं का सबसे बड़ा दुश्मन है, यह उनके भविष्य को निगल जाता है।" उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और समाज को नशामुक्त बनाने में जागरूक नागरिक की भूमिका निभाएं। साइबर अपराधों पर जागरूक करते हुए उन्होंने छात्रों को इंटरनेट का सतर्कता से उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध लिंक या संदेश पर विश्वास न करें और डिजिटल सुरक्षा को अपनी आदत का हिस्सा बनाएं।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी कर पकड़ा डेढ़ क्विंटल मावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** आगामी त्योहारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने राज्यव्यापी विशेष अभियान शुरू किया है। टीम की मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है रुड़की में नकली पनीर मिलने के बाद अब भगवानपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर झिड़ियांन ग्रंट में छापेमारी कर 1.5 कुंतल नकली मावा पकडा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट निर्देशों पर प्रदेश सरकार ने आगामी त्योहारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए राज्यव्यापी विशेष अभियान शुरू कर दिया है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत यह अभियान सभी जिलों में एक साथ चलाया जा रहा है।स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. आर. राजेश कुमार के निर्देश पर आज जनपद हरिद्वार के फतेहपुर झिड़ियांन ग्रंट में नकली मावा बनाने वालों पर कार्यवाही की गई। ग्राम फतेहपुर झिड़ियांन में कई घरों में नकली मावा की सूचना पर छापेमारी की गई। एफडीए की टीम जैसे ही ग्राम फतेहपुर झिड़ियांन पहुंची, गांव में हड़कंप मच गया। लेकिन टीम ने सूचना के आधार पर सभी घरों में एक साथ कार्यवाही शुरू की। कार्यवाही में टीम ने नकली मावा बनाने वालों के घरों की तलाशी लेकर डेढ़ कुंतल मावा पकड़ा। पकड़े गए मावे के एफडीए की टीम ने मावे के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिये हैं। बाकी मावा नष्ट कर दिया है।

# राज्यसभा सांसद ने व्यापारियों को जीएसटी संशोधन के बारे में विस्तार से बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे के बाजार में राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी के नेतृत्व में बुधवार को भाजपाइयों द्वारा केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी संशोधन को लेकर व्यापारियों को इसके बारे में विस्तार से बताया गया। साथ-साथ दुकानो पर जीएसटी संशोधन से संबंधित स्टीकर भी लगाए गए।

जानकारी के अनुसार राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी के नेतृत्व में बुधवार को भाजपा कार्य करताओ द्वारा केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी संशोधन को लेकर कस्बा के बाजार में व्यापारियों से मिलकर जीएसटी से संबंधित जानकारी दुकानदारों को दी गई। इस अवसर पर सांसद कल्पना सैनी ने दुकानदारों को बताया कि भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा खाद्य वस्तुओं तथा अन्य सामान में जीएसटी में काफी बदलाव किए हैं। अधिकतर खाद्य सामग्री में जीएसटी कम कर जनता को लाभ पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि जिस भी सामान पर जीएसटी कम की गई है उस समान के दाम कम हो गए हैं। इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलना आवश्यक है। जीएसटी संशोधन से संबंधित स्टीकर भी दुकानों पर लगाए गए। इस अवसर पर झबरेड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष सुबोध सैनी कुलदीप सैनी इंद्रेश मोती मुकेश कश्यप भूपेंद्र चौधरी सचिन चौधरी प्रदीप कुमार विकास कुमार सुधीर गुप्ता सत्येंद्र कुमार अरुण कुमार महावीर सैनी संदीप कुमार आकाश तथा नीटु कुमार आदि उपस्थित रहे।

# 43 पव्वे अवैध शराब के साथ एक युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा बुधवार को एक शराब तस्कर को कस्बे से कुछ आगे इकबालपुर मार्ग ग्राम मानकपुर आदमपुर तिराहा के पास से 43 देसी शराब के पववों के साथ गिरपतार कर लिया। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा ग्राम धर्मपुर निवासी हिमांशु को 43 देसी शराब के पववों के साथ कस्बे से कुछ आगे ग्राम मानकपुर आदमपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उक्त ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश से शराब के पववे सस्ते दाम में लाकर अपने गांव धर्मपुर में महंगे दाम पर लोगों को बेचने का काम काफी समय से कर रहा है। उक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस ने चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। बाइक पुलिस ने बरामद की है। जबकि आरोपी को कोर्ट के पेशी के बाद जेल भेज दिया गया है। रुड़की कोतवाली को अजय कुमार निवासी ढंढेरा ने बताया कि 18 सितंबर को वह कीर्ति नगर गली नंबर तीन में अपनी बाइक खड़ी कर किसी काम से गया था। जब वापस आया तो बाइक चोरी हो चुकी थी। उप निरीक्षक चंद्र मोहन सिंह ने बताया कि हेड कांस्टेबल तेजिंदर सिंह और अनिल चौहान के साथ समीर निवासी ईदगाह रोड के पास ढंडेरा को चोरी की बाइक के साथ बीती रात गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट की पेशी के बाद जेल भेज दिया गया है।

# त्योहार सीजन में शहर में मिलकर संभालें ट्रैफिक की कमान

## ट्रैफिक पुलिस व सीपीयू को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** त्योहार सीजन पर मिलकर ट्रैफिक पुलिस और सीपीयू मिलकर कम करें। जबकि नियमित चेकिंग पर भी फोकस रहना चाहिए। रोड सेफ्टी को लेकर शिक्षण संस्थान, सामाजिक संगठन व आम नागरिकों के बीच पहुंचकर जागरूकता अभियान जारी रखें। यह बात बुधवार को ट्रैफिक लाइन में मीटिंग के बीच ट्रैफिक सीओ संजय चौहान ने कही है। मीटिंग में उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर शहर को जाम मुक्त रखने के लिए सुझाव भी मांगे।

त्योहार सीजन सिर पर है, ऐसे में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। शहर के पुल बाजार, मुख्य तिराहे और चौराहे आगामी दिनों में जाम होने लगेंगे। ऐसे में शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए यातायात पुलिस ने प्लान तैयार कर लिए हैं। ताकि त्यौहार सीजन में आमजन को बेहतर यातायात व्यवस्था से आवागमन में सुविधा मिल पाए। बुधवार को ट्रैफिक सीओ संजय चौहान ने ट्रैफिक लाइन में मीटिंग की है। मीटिंग में ट्रैफिक और सीपीयू कर्मचारी मौजूद रहे। मीटिंग में संयुक्त रूप से ट्रैफिक सीओ संजय चौहान ने कर्मचारियों से कहा कि वह मिलकर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए संयुक्त रूप से काम करें। समस्याएं और समाधान सुझाव को आपस में साझा कर बेहतर प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जागरूकता अभियान पर भी फोकस रहे। शिक्षण संस्थान, सामाजिक संगठन और आम नागरिकों के साथ मिलकर रोड सेफ्टी को लेकर नियमित जागरूकता अभियान जारी रहना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों से ड्यूटी पॉइंट और शहर में जाम लगे की जगह के बारे में जाना।कर्मचारियों से उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए सुझाव भी मांगे है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर संदीप सिंह नेगी ने बताया कि बुधवार दोपहर ट्रैफिक सीओ ने ट्रैफिक और सीपीयू कर्मचारियों के साथ संयुक्त मीटिंग की है। उन्होंने आगामी त्यौहार सीजन, रोड सेफ्टी के लिए जागरूकता अभियान आदि के लिए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

# बीएसएम कॉलेज में एनएसएस स्थापना दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बी.एस.एम ( पी जी) कॉलेज, रुडकी, हरिद्वार में एन.एस.एस ईकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ इन्दु अरोरा के नेतृत्व में एन.एस.एस स्थापना दिवस के अवसर पर,एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों को लघु चलचित्र द्वारा एन.एस.एस के महत्व व उदेश्य से परिचित कराया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के डॉ सन्तोष चौधरी जी ने स्वयंसेवियों को सुन्दर व सरल उदारहण देते हुए समाज में जागरूकता लाने का संदेश दिया। इसी अवसर पर श स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत श विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मडंल में डॉ रीमा सिन्हा व डॉ सीमा गुप्ता रही। प्रतियोगिता में हिमांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर राशी सैनी रही व तृतीय स्थान अनु सैनी व तरन्नुम ने प्राप्त किया। डॉ सन्तोष जी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में



बडी संख्या में स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया। शिक्षक वर्ग से डॉ राजेश चन्द पालीवाल जी का सहयोग रहा।

# लक्सर में स्वच्छता पखवाड़े के प्रति लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका परिषद में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यालय स्टाफ पर्यावरण मित्रों गणमान्य नागरिकों स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए सहायक समाज कल्याण अधिकारी को समाज कल्याण योजना की जानकारी के लिए निकाय द्वारा आमंत्रित किए गए सहायक समाज कल्याण अधिकारी अंशुल राठी द्वारा एम एस एक्ट 2013 एवं वृद्धावस्था पेंशन विकलांग पेंशन विधवा पेंशन अनुसूचित जाति की कन्याओं के विवाह लिए दिए जाने वाले अनुदान व अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई ।



नगर पालिका के अधिकारियों के द्वारा निकाय कुडा निस्तारण केंद्र का निरीक्षण किया गया तथा नगर में सफाई अभियान चलाए जाने कुडे को डोर टू डोर कलेक्शन करने उसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करने पर चर्चा की गई वहां पर जो मुख्य रूप से मौजूद रहे उनमें योगेश चौहान अजय नारायण खाती गुल सनव्वर सुरेंद्र कुमार दीपक सफाई कर्मचारियों के अध्यक्ष विकास कुमार पंकज प्रदीप कुमार मोनू चौहान अमित कुमार सागर लक्ष्मण सिंह ब्रह्मद सचिन कूड़ा निस्तारण कंपनी के प्रबंधन प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे

**न्यायालय तहसीलदार लक्सर**

वाद सं. 904/2024-25, अंतर्गत धारा 34/35 राजस्व अधिनियम मौजा सीमली परगना मंगलौर तह. लक्सर श्रीमती भगवती देवी पत्नी स्व. महेंद्र सिंह नि. हरिद्वार रोड लक्सर बनाम कुलदीप सिंह व हरजीत सिंह व अमरदेव सिंह व गुरनाम सिंह पुत्रगण स्व. प्यारा सिंह नि. हरिद्वार।

प्रेस विज्ञप्ति/नोटिस

उपरोक्त नामान्तरण वाद न्यायालय तहसीलदार लक्सर, हरिद्वार में विचाराधीन चला आता है। वाद निस्तारण हेतु वादी सक्ष्य हेतु दिनांक 30.09.2025 नियत की गयी है। अत: वाद उपरोक्त के नामांतरण पर किसी भी हितबद्ध व्यक्ति को कोई किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस के माध्यम से एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वह नियत दिनांक 30.09.2025 ई. को प्रात: 11 बजे तक न्यायालय तहसीलदार लक्सर हरिद्वार में उपस्थित होकर अपना लिखित व मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। अन्यथा की दशा में वाद का एक पक्षीय रूप से निस्तारण कर दिया जायेगा।

पत्रांक 29/एम.जे.25 दि. 20.09.25

(प्रताप सिंह)
तहसीलदार लक्सर

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है की मेरा पुत्र रजनीश कुमार व पुत्रवधू राधा का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने रजनीश व राधा को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद उपरोक्त दोनों के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**आदेश कुमार पुत्र रामचंद्र नि. ग्राम भूरनी खतीरपुर थाना व तह. लक्सर हरिद्वार।**

# चमन लाल महाविद्यालय में एनएसएस स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चमन लाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन माई भारत पोर्टल के माध्यम से कराया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष में भारत सरकार द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन क्विज में भी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

चमनलाल महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. तरुण गुप्ता द्वारा छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं स्वालंबी बनने की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए श्रमदान अत्यंत आवश्यक है। हमें प्रतिदिन कुछ ना कुछ श्रमदान अवश्य करना चाहिए इससे मनोबल एवं आत्मबल भी विकसित होता है। विगत दिनों में उत्तराखंड में आई बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए भी राष्ट्रीय सेवा योजना ने अपना कर्तव्य निभाया है। इसी क्रम में डॉ. अरविंद कुमार ने करियर काउंसलिंग के माध्यम से विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों के से साइंस के कुछ छोटे-छोटे प्रयोग कराए इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार



शर्मा एवं सचिव अरुण हरित ने सभी छात्र-छात्राओं को 2 अक्टूबर तक चलने वाली सभी गतिविधियों में प्रतिभाग की बात कही। आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपा अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को अनुशासित रहने के लिए जोर दिया और वर्ष भर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में होने वाली समस्त गतिविधियों में प्रतिभाग करने की बात कही। कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. मोहम्मद इरफान ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य एवं माई भारत पोर्टल की संपूर्ण जानकारी से भी अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. पुनीता एवं डॉ. हिमांशु कुमार के अलावा अन्य शिक्षक गणों का भी सहयोग रहा।

## खानपुर बीडीसी बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने की शिरकत

# सीडीओ ने समस्याओं को सुन दिए निस्तारण करने के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर विकासखंड कार्यालय के सभागार में ब्लॉक प्रमुख नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बीडीसी की बैठक संपन्न हुई, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने शिरकत की।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख नीतीश कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । बैठक के दौरान उपस्थित तमाम जनप्रतिनिधियों ने मुख्य विकास अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्र की तमाम समस्याओं से अवगत कराया गया, बीडीसी बैठक में पेयजल की समस्या को लेकर अधिक शिकायतें आई, मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में सभी समस्याओं के निवारण के निर्देश दिए । पेयजल की समस्या सहित चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें भी सुनी, बीडीसी बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में आ रही सभी समस्याओं का जल्दी निराकरण कर लिया जाएगा, साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी गांव में ग्रामीणों को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए



साथ ही समयबद्धता के साथ उनकी समस्याओं को निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है । उन्होंने कहा कि परंपरागत खेती के अलावा आधुनिक एवं नवीनतम तकनीकियों का उपयोग कृषि के क्षेत्र मेंकरते हुए अवाकंडो ,मशरूम,ड्रेगन फ्रूट आधी की खेती की जा सकती है। बैठक में कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा द्वारा बताया गया कि आंगनवाड़ी केंद्र समय पर नहीं खुलता है जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारी को औचक निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही निर्देश दिए कि किराए के भवन में संचालित ऐसे आंगनवाड़ी केंद्र जिनमें बिजली एवं पानी की सुविधाएं नहीं है उन सभी आंगनवाड़ियों केंद्रों में 15 दिन के अंदर विद्युत कनेक्शन और पानी का कनेक्शन की व्यवस्था करना सुनिश्चित करे। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही परियोजना निर्देश ने यूसीसी पंजीकरण के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाएं के अलावा ज्यादा से ज्यादा लोगों द्वारा पंजीकरण करवाए। बैठक के संचालन सहायक समाज कल्याण अधिकारी ममता द्वारा किया गया। बैठक के दौरान ब्लॉक प्रमुख नीतिश कुमार,ज्येष्ठ प्रमुख वैशाली,उप जिलाधिकारी लक्सर सौरभ असवाल, परियोजना निदेशक के एन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश,जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद जोशी,बीडीसी मेंबर सहित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## लक्सर-भगवानपुर में अवैध खनन पर करवाई

# तीन ट्रैक्टर ट्रॉली व एक स्टोन क्रेशर सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर/लक्सर।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से प्राप्त निर्देशों के क्रम में खनन विभाग द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध लक्सर में भगवानपुर क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की गई इस दौरान लक्सर क्षेत्र में अनियमितता पाए जाने पर जहां एक स्टोन प्रेशर को सीज कर दिया गया तो भगवानपुर क्षेत्र में अवैध खनन से भरी दो-तीन ट्रैक्टर-ट्राली को पाए जाने पर सीज कर दिया गया।

आज अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए औचक छापेमारी में तीन ट्रैक्टर ट्रालियों को लामग्रांट तहसील भगवानपुर में सीज की कार्यवाही की गई। जबकि गत दिवस देर सांय तहसील लक्सर के ग्राम नेन्दपुर सुहारी में अवैध खनन की प्राप्त भौतिक शिकायत के जड़ में जिलाधिकारी महोदय, हरिद्वार द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में उपजिलाधिकारी लक्सर एवं जिला खान अधिकारी, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, हरिद्वार के द्वारा तहसील लक्सर के ग्राम नेहन्दपुर स्थित मैसरी लिभरा स्टोन क्रेशर के औचक निरीक्षण के के उपरान्त उक्त स्टोन बेसार को मौके पर सीज करते हुए, ई-खन्ना चोटेल को अस्थाई रूप से निलम्बित कर दिया गया है। उक्त कार्यवाही में विभागीय सर्वेक्षक श्री विवेक कुमार भी मौके पर उपस्थित थे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 25 सितम्बर 2025

# लेह में हिंसा

बुधवार को केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर हिंसा भड़क गई। जिसमें चार लोगों की मौत होने व 70 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। प्रदर्शनकारी छात्र सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थक बताए जाते हैं। सोनम वांगचुक लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की बराबर मांग करते रहे हैं। अभी भी वह अपनी इस मांग को लेकर पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। मांग पूरी न करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने बंद बुलाया था। इसी दौरान हिंसा हो गई। बड़े पैमाने पर हिंसा होते देख वांगचुक ने अनशन तोड़ दिया और अपने समर्थक छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील की। किसी मामले की अन्देखी या उसको लटकाए रखने की प्रवृत्ति कितनी घातक हो सकती है, इसका जीता जागता सबूत लद्दाख के लेह में देखने को मिला। प्रदर्शनकारियों ने जमकर पत्थरबाजी पुलिस पर की और सीआरपीएफ की गाड़ी तक को आग लगा दी। आंदोलनकारियों ने मंगलवार की रात को 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का ऐलान किया था और भीड़ जुटान के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया, जिसमें लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की गई थी। इस अपील का बड़ा असर हुआ और बड़ी तादाद में लोग वहां पहुंच गए, जिनमें अधिकतर छात्र बताए जाते हैं। पुलिस ने आंदोलनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड लगाए थे, जब भीड़ ने उनको तोड़ा तो पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए आंसू गैस के गोले छोड़े, जवाब में भीड़ ने गाड़ी जला दी और तोड़फोड़ की। सोनम वांगचुक का कहना है कि वह पिछले पांच सालों से शांति व अनशन के माध्यम से अपनी बात रख रहे हैं, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। देखा जाए तो इसके लिए केंद्र सरकार अधिक जिम्मेदार दिखाई दे रही है, क्योंकि जब 2019 में अनुच्छेद 370 और 351 हटाते समय जम्मू कश्मीर और लद्दाख दो केंद्रशासित प्रदेश बना दिए थे, तब सरकार ने उस समय कहा था कि सही समय आने पर इनका पूर्ण राज्य का बहाल कर दिया जाएगा, लेकिन अभी तक सरकार ने अपने उस वादे पर कोई अमल नहीं किया, जबकि पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए लद्दाख व जम्मू कश्मीर से बराबर मांग उठती रही है। जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने भी कहा है कि लद्दाख और जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा इसलिए नहीं दिया जा रहा, क्योंकि वहां बीजेपी चुनाव जीत नहीं पाई। जाहिर है इस तरह के मुद्दो को राजनीति के नजरिये से नहीं देखना चाहिए और लोगों की इच्छाओं का सम्मान करना चाहिए, जिससे लेह में तोड़फोड़ व आगजनी दिखाई दी और लोगों की भीड़ जुटी यह कोई एक दिन का काम नहीं हो सकता। इससे साफ है कि लंबे समय से सरकार के प्रति नाराजगी पनप रही है और सरकार उस नाराजगी को समझने में पूरी तरह नाकाम रही है। इस आंदोलन को भी जैन जी रेवोल्यूशनरी बताया जा रहा है। हालांकि सोनम ने कहा है कि मैंने जैन जी रेवोल्यूशन शब्द यूज नहीं किया है। सरकार को चाहिए कि वह वहां के लोगों की जो इच्छा है उसका सम्मान करे।

## हम बिकाऊ माल नहीं हैं, यही काफी है



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हौसला बढ़ाया, मैं उनका शुक्रगुजार हूं, अखिलेश मेरे उतने ही करीब हैं, जितने नेताजी मुलायम सिंह यादव थे, जेल में रहने से जिंदगी बदल गई, यहां तक कि मोबाइल चलाना तक भूल गया हूं, उसमें मेरी पत्नी का नंबर था, उसे भी भूल गया हूं, मेरे मन में किसी के लिए नाराजगी नहीं है, पहले जो लोग उन्हें नहीं पहचानते थे, अब दर्ज मुकदमों की वजह से सब जानने लगे हैं, हमारे पास चरित्र नाम की एक चीज है, इसका मतलब यह नहीं कि हमारे पास कोई पद या ओहदा हो, लोग हमें प्यार करें, इज्जत दें और यह साबित हो कि हम बिकाऊ माल नहीं हैं, यही काफी है।

**–आजम खा**
**वरिष्ठ सपा नेता, पूर्व मंत्री**

# कहां से शह पाते हैं ऐसे जहरीले लोग



**निर्मल रानी**




एक बार फिर जहर उगलने में अग्रिम स्थान बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद का एक बेहद विषैला, अभद्र व आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुआ। कुरआन, मुहम्मद, मुसलमानों को खुलकर अपमानित करने वाले इस व्यक्ति ने तो अब हिन्दू महिलाओं को भी नागिन कह डाला। गौरतलब है कि यह व्यक्ति पहली बार मार्च 2021 में उस समय सुर्खियों में आया था जब 14 वर्ष के एक गरीब मुस्लिम बालक ने अपनी प्यास बुझाने के लिए इसी मंदिर परिसर के बाहर लगे नल से पानी पी लिया था। उसके बाद इस डासना मंदिर में रहने वाले एक व्यक्ति ने बालक से उसका नाम व उसका धर्म पूछकर उसे बड़ी बेरहमी से मारा था। आसिफ को पीटने का यह वीडियो खूब वायरल हुआ था। उस समय यति नरसिंहानंद आसिफ को पीटने वालों के समर्थन में खुलकर आए थे और उस बालक की पिटाई जायज ठहराई थी। इस व्यक्ति ने मंदिर के मुख्य द्वारा पर साफतौर से बोर्ड पर लिखवा रखा है कि यहां कोई मुसलमान अंदर नहीं आ सकता। यही यति नरसिंहानंद शायद नफरत के बल पर अर्जित शोहरत पाने के बाद इसी तरह की बकवासबाजी करने का आदी हो चुका है। अब तो यह व्यक्ति धर्म अध्यात्म संबंधी सकारात्मक बातें तो करता ही नहीं बल्कि सिर्फ जहर ही उगलता फिरता है।

पिछले दिनों वायरल हुए वीडियो में बुलंद शहर में सामने बैठी कुछ महिलाओं को संबोधित करते हुए उसने कहा कि अगर हिंदू महिलाओं ने ज्यादा बच्चे पैदा नहीं किए तो एक दिन मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों का बलात्कार करेंगे और उन्हें बाजार में बेचेंगे। उस ने हिंदू समुदाय में मुसलमानों के प्रति खौफ पैदा करने के मकसद से उन महिलाओं से कहा कि ज्यादा से ज्यादा बच्चा पैदा करो, वरना एक दिन मुस्लिम समुदाय के लोग आपको मारकर आपके घरों पर कब्जा कर लेंगे।

उसने आगे कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों को मंडियों में बेचेंगे और उनका बलात्कार करेंगे। उसने यह भी कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों को रखैल बनाकर रखेंगे। इसी संदर्भ में इसने महिलाओं को लेकर बेहद आपत्तिजनक बयान भी दिया है। नरसिंहानंद ने स्पष्ट रूप से कहा कि एक बेटा पैदा करने वाली हिंदू महिलाएं नागिन जैसी होती है। उस ने हिन्दू महिलाओं को परिवार बढ़ाने की नसीहत देते हुए उनमें भय पैदा करने के लहजे में कहा कि परिवार को बड़ा करो वरना दो-दो रुपए में बिकोगी। यह व्यक्ति पहले भी कई बार मुसलमानों को बलात्कारी बता चुका है साथ ही अनेक बार हिंदू महिलाओं के लिए भी अपमान. जनक व विवादित टिप्पणी कर चुका है। हालांकि यति नरसिंहानंद के खिलाफ कई बार कार्रवाई हो चुकी है। वह अपने विवादित बयानों की वजह से जेल और कोर्ट का चक्कर भी लगा चुका है। कुछ समय पूर्व ही इसी व्यक्ति ने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने और भारत को मुस्लिम, मदरसा और मस्जिदों से मुक्त कराने जैसी गैर संवैधानिक मांग भी की थी। गोया यह व्यक्ति हर वक्त देश में नफरत फैलाने वाले बयान देता रहता है। आश्चर्य यह भी है कि यह व्यक्ति कथित रूप से उस जूना अखाड़े से संबद्ध महामंडलेश्वर है जिससे एक से बढ़कर एक महान संत महात्मा व अध्यात्मवादी साधु जुड़े रहे हैं।

इतने प्रतिष्ठित अखाड़े ने इतने जहरीले व्यक्ति को आखिर इसकी किस योग्यता के आधार पर महामंडलेश्वर जैसे धार्मिक पद पर बैठा दिया? महान संत कबीर दास जी तो कहते हैं कि जाति पांति पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरि का होय। इन पंक्तियों का यही अर्थ है कि ईश्वर किसी व्यक्ति की जाति या पंथ नहीं पूछता। समाज में जातिवाद के होते हुए भी, ईश्वर की दृष्टि में सभी बराबर हैं। जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा और निष्ठा से ईश्वर की भक्ति करता है, वह ईश्वर का प्रिय बन जाता है। ईश्वर उसी को अपनाता है, चाहे वह किसी भी जाति या वर्ग से हो। कबीर दास ने अपने इन दोहों के माध्यम से जाति विभाजन का विरोध करते हुए सभी मनुष्यों को एक समान बताया। उन्होंने भक्ति को जातिवाद से ऊपर रखा, यह दर्शाते हुए कि ईश्वर केवल आंतरिक भावनाओं और श्रद्धा को देखता है। कबीर का यह दोहा सामाजिक समरसता और समानता का संदेश है, जहां व्यक्ति की पहचान उसकी भक्ति से होती है, न कि उसके जन्म से। यह पंक्ति ईश्वर की सार्वभौमिकता और सभी के लिए समान प्रेम पर जोर देती है, जो किसी भी जाति या सामाजिक स्थिति से ऊपर है।

सवाल यह है कि क्या यति नरसिंहानंद या इन जैसे और अनेक संत वेशधारी लोग जो पूरे पूरे देश में घूम-घूम कर सरे आम अपनी जुबान से इसी तरह का जहर उगलते फिर रहे हैं यह संत कबीर की उक्त संतवाणी की श्रेणी में आते हैं? यदि नहीं तो इनके संतों की वेशभूषा धारण करने से समाज को सिवाय अपमान के और क्या हासिल है? कोई हिन्दू या किसी भी धर्म की महिला यदि एक बच्चा पैदा करती है तो यह उसके परिवार का निजी निर्णय या उसके आर्थिक व पारिवारिक हालात हो सकते हैं। किसी स्वयंभू संत को क्या अधिकार है कि वह एक बच्चा पैदा करने वाली किसी महिला की तुलना नागिन से करे? निश्चित रूप से ऐसे स्वयंभू संत चूंकि अपने किसी गुण और ज्ञान से समाज का मार्गदर्शन नहीं कर सकते क्योंकि गुण ज्ञान तो इनके पास है ही नहीं? लिहा. जा नफरत फैलाकर विद्वेष की बातें कर मीडिया में सुर्खियां बंटोरकर अपनी दुकानदारी चलाते हैं। दूसरा सवाल यह कि बार-बार ऐसे ही आरोपों में जेल की हवा खाने के बावजूद इनकी बदजुबानियों पर लगाम न लगना भी यह सवाल खड़े करता है कि इन्हें संरक्षण कहां से मिल रहा है? इनकी जहरीली बयानबाजियों का राजनैतिक लाभ किसे मिल रहा है? आखिर ऐसे जहरीले लोग कहां से शह पाते हैं?

**इतने प्रतिष्ठित अखाड़े ने इतने जहरीले व्यक्ति को आखिर इसकी किस योग्यता के आधार पर महामंडलेश्वर जैसे धार्मिक पद पर बैठा दिया? महान संत कबीर दास जी तो कहते हैं कि जाति पांति पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरि का होय। इन पंक्तियों का यही अर्थ है कि ईश्वर किसी व्यक्ति की जाति या पंथ नहीं पूछता। समाज में जातिवाद के होते हुए भी, ईश्वर की दृष्टि में सभी बराबर हैं। जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा और निष्ठा से ईश्वर की भक्ति करता है, वह ईश्वर का प्रिय बन जाता है। ईश्वर उसी को अपनाता है, चाहे वह किसी भी जाति या वर्ग से हो। कबीर दास ने अपने इन दोहों के माध्यम से जाति विभाजन का विरोध करते हुए सभी मनुष्यों को एक समान बताया। उन्होंने भक्ति को जातिवाद से ऊपर रखा, यह दर्शाते हुए कि ईश्वर केवल आंतरिक भावनाओं और श्रद्धा को देखता है। कबीर का यह दोहा सामाजिक समरसता और समानता का संदेश है, जहां व्यक्ति की पहचान उसकी भक्ति से होती है न कि उसके जन्म से।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक्स्ट्रा डीएनए का नतीजा मनुष्य का बड़ा दिमाग

सवाल उठा कि रीसस बंदरों के ए लगभग लक्ष्यविहीन डीएनए खंड मनुष्यों में प्रोटीन-निर्माता जीन्स कैसे बन गए? फिर उन्हीं के छात्र ने ऐसे कुछ गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए को केंद्रक से बाहर निकलते देखा। इस खोज के बाद इन शोधकर्ताओं ने कंप्यूटर की मदद से यह पता लगाया कि ऐसे गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए जो केंद्रक से बाहर नहीं निकलते और जो केंद्रक से बाहर निकल पाते हैं, उनके बीच क्या अंतर हैं। पूरी कवायद से पता चला कि अंतर डीएनए के उन खंडों में हैं जिन्हें U1 तत्व कहते हैं। जब ये U1 तत्व आरएनए में जुड़ जाते हैं तो वह आरएनए केंद्रक से बाहर निकलने सक्षम नहीं रह जाता। दूसरी ओर, प्रोटीन-निर्माता जीन्स के U1 तत्वों में ऐसे उत्परिवर्तन पाए जाते हैं कि वे आरएनए की केंद्रक से बाहर निकलने की क्षमता को प्रभावित नहीं करते। ये आरएनए बाहर कोशिका द्रव्य में पहुंचकर राइबोसोम की मदद से प्रोटीन बना देते हैं।



यह तो बरसों से पता रहा है कि प्रोटीन बनाने वाले नए-नए जीन्स मौजूदा जीन्स में दोहराव या परिवर्तन की वजह से बन सकते हैं। लेकिन कुछ प्रोटीन-निर्माता जीन्स डीएनए के ऐसे खंडों से भी बन सकते हैं जो पहले लक्ष्यहीन आरएनए बनाया करते थे। गौरतलब है कि जब डीएनए के किसी हिस्से से सम्बंधित प्रोटीन बनवाना होता है तो उसकी एक प्रतिलिपि आरएनए के रूप में बनती है जो केंद्रक से बाहर जाकर प्रोटीन निर्माण करवाती है। जब कोई डीएनए ऐसा आरएनए बनाए जिसका उपयोग प्रोटीन निर्माण में न हो सके तो वह फालतू ही हुआ ना? लेकिन इस तरीके से नए जीन्स बन जाएं, यह समझ से परे था। अब एक नए अध्ययन से पता चला है कि यह करिश्मा कैसे होता है कि डीएनए की फालतू शृंखला से बनने वाले आरएनए में ऐसी निपुणता पैदा हो जाती है कि वह केंद्रक से बाहर निकल जाता है।

आरएनए का केंद्रक से बाहर निकलना उसके द्वारा प्रोटीन संश्लेषण की दिशा में पहला कदम होता है। इस अध्ययन के शोधकर्ताओं ने ऐसे 74 मानव प्रोटीन-निर्माता जीन्स उजागर किए हैं जो मनुष्य के चिम्पैंजी से अलग होने के बाद अस्तित्व में आए हैं। इनमें से कुछ जीन्स ने हमें ज़्यादा बड़े और जटिल मस्तिष्क प्रदान किए हैं। नेचर इकॉलॉजी एंड इवोल्यूशन पत्रिका में शोधकर्ताओं ने बताया है कि जब ए जीन्स चूहों वगैरह जैसे कृन्तक जीवों में जोड़े गए तो उनके मस्तिष्क अपेक्षाकृत बड़े और मानव-सदृश हो गए। देखा जाए तो जीन्स द्वारा बनाए गए आरएनए में से कुछ तो स्वयं कुछ नियामक भूमिका निभाते हैं। यह केंद्रक से बाहर नहीं जाते। दूसरी और प्रोटीन का संश्लेषण करवाने वाले आरएनए (संदेशवाहक आरएनए) केंद्रक से निकलकर कोशिका द्रव्य में पहुंचते हैं और राइबोसोम की मदद से प्रोटीन का निर्माण करवाते हैं। मामले की शुरुआत पेकिंग विश्वविद्यालय के जीव वैज्ञानिक चुआन-युन ली की इस खोज के साथ हुई थी कि मनुष्यों में कुछ प्रोटीन-निर्माता जीन्स रीसस बंदरों में पाए जाने वाले गैर-प्रोटीन निर्माता डीएनए खंडों से बहुत मिलते-जुलते होते हैं। तो सवाल उठा कि रीसस बंदरों के ए लगभग लक्ष्यविहीन डीएनए खंड मनुष्यों में प्रोटीन-निर्माता जीन्स कैसे बन गए? फिर उन्हीं के छात्र ने ऐसे कुछ गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए को केंद्रक से बाहर निकलते देखा। इस खोज के बाद इन शोधकर्ताओं ने कंप्यूटर की मदद से यह पता लगाया कि ऐसे गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए जो केंद्रक से बाहर नहीं निकलते और जो केंद्रक से बाहर निकल पाते हैं, उनके बीच क्या अंतर हैं। पूरी कवायद से पता चला कि अंतर डीएनए के उन खंडों में हैं जिन्हें U1 तत्व कहते हैं। जब ये U1 तत्व आरएनए में जुड़ जाते हैं तो वह आरएनए केंद्रक से बाहर निकलने सक्षम नहीं रह जाता। दूसरी ओर, प्रोटीन-निर्माता जीन्स के U1 तत्वों में ऐसे उत्परिवर्तन पाए जाते हैं कि वे आरएनए की केंद्रक से बाहर निकलने की क्षमता को प्रभावित नहीं करते। ये आरएनए बाहर कोशिका द्रव्य में पहुंचकर राइबोसोम की मदद से प्रोटीन बना देते हैं। आगे खोजबीन के लिए ली के दल ने मनुष्य व चिम्पैंजी के ऐसे नवीन प्रोटीन-निर्माता जीन्स की तलाश की जो रीसस बंदरों में गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए के रूप में मौजूद थे। इसके अलावा उन्होंने U1 तत्व में वह उत्परिवर्तन भी खोज निकाला जो केंद्रक से बाहर निकलने के लिए जरूरी है। अंततः उन्हें 45 मानव जीन्स और 29 मानव तथा चिम्पैंजी के साझा जीन्स मिले जो इस शर्त को पूरा करते हैं। इतना होने के बाद उन्होंने इनमें से उन नौ जीन्स पर ध्यान केंद्रित किया जो मानव मस्तिष्क में सक्रिय होते हैं। वे देखना चाहते थे कि ए जीन्स क्या भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इन जीन्स सहित और इनसे रहित कृत्रिम मस्तिष्क ऊतक विकसित किए। इसके आधार पर उन्होंने दो जीन्स पहचाने हैं जो मस्तिष्क को सामान्य से थोड़ा बड़ा बनाने में मदद करते हैं। उन्होंने इनमें से एक जीन को चूहों में भी डालकर देखा और पाया कि उन चूहों का दिमाग सामान्य चूहों की अपेक्षा बड़ा हो गया। और तो और, उनमें कॉर्टेक्स भी बड़ा बना जो तर्क व भाषा के लिए जिम्मेदार होता है। एक अन्य जीन का भी ऐसा ही असर रहा और इस जीन से लैस चूहों का याददाश्त के परीक्षण में प्रदर्शन बेहतर रहा। शोधकर्ताओं का कहना है कि मानव मस्तिष्क के विकास में कुछ सर्वथा नए जीन्स की भूमिका रही है जो प्रोटीन-निर्माता जीन्स में उत्परिवर्तनों से नहीं बल्कि गैर-प्रोटीन जीन्स के कारण बने हैं। इस ताजा खोज से नए जीन्स बनने की क्रियाविधि समझने में मदद मिलेगी।

**...स्रोत फीचर्स**

# एआईः अवसरों और चुनौतियों का नया युग



**रजनीश कपूर**

आज का युग तकनीकी नवाचारों का युग है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्धएआईऋ इस परिवर्तन का केंद्र बिंदु बन चुकी है। एआई ने विभिन्न उद्योगों में अभूतपूर्व बदलाव लाए हैं जिससे दक्षता, नवाचार और विकास की नई संभावनाएं सामने आई हैं। स्वास्थ्य सेवा से लेकर वित्त, शिक्षा, परिवहन और मनोरंजन तक, एआई ने हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है। लेकिन इस तकनीकी क्रांति के साथ एक गंभीर चुनौती भी उभर कर सामने आई है, रोजगार का नुकसान। जैसे-जैसे मशीनें और एल्गोरिदम मानव द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अपने कब्जे में ले रहे हैं, लाखों कर्मचारी खुद को बेरोजगार और नई आर्थिक परिस्थितियों में अनुकूलन के लिए संघर्ष करते हुए पा रहे हैं। फिर भी, यह चुनौती एक अनूठा अवसर भी प्रदान करती है। हमें अपने कार्य और रोजगार के दृष्टिकोण को पुनर्विचार करने का मौका देती है।

एआई ने उद्योगों को पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी और सटीकता के साथ कार्य करने में सक्षम बनाया है। उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य सेवा में, एआई-संचालित उपकरण रोगों का शीघ्र निदान कर रहे हैं और व्यक्तिगत उपचार योजनाएं बना रहे हैं। विनिर्माण क्षेत्र में, स्वचालित मशीनें और रोबोट उत्पादन प्रक्रियाओं को तेज और लागत प्रभावी बना रहे हैं। वित्तीय क्षेत्र में, एआई धोखाधड़ी का पता लगाने और निवेश रणनीतियों को अनुकूलित करने में मदद कर रहा है। यहां तक कि रचनात्मक क्षेत्रों जैसे लेखन,



कला और संगीत में भी, एआई नए रास्ते खोल रहा है। ए प्रगतियां न केवल उत्पादकता बढ़ा रही हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं और अनुभव भी प्रदान कर रही हैं।

हालांकि, इन फायदों के साथ एक कड़वी सच्चाई भी जुड़ी है। एआई और स्वचालन ने कई पारंपरिक नौकरियों को अप्रचलित कर दिया है। डेटा प्रविष्टि, विनिर्माण, ग्राहक सेवा और यहां तक कि कुछ विश्लेषणात्मक कार्य अब मशीनों द्वारा किए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार, अगले कुछ दशकों में विश्व स्तर पर लाखों नौकरियां स्वचालन के कारण खत्म हो सकती हैं। भारत जैसे देश में, जहां बड़ी आबादी कार्यबल में शामिल है, यह चुनौती और भी गंभीर है। विशेष रूप से, निम्न-कौशल और मध्यम-कौशल वाली नौकरियां सबसे अधिक जोखिम में हैं। ड्राइवर, फैक्ट्री वर्कर और कॉल सेंटर कर्मचारी जैसे पेशे अब तेजी से मशीनों द्वारा प्रतिस्थापित किए जा रहे हैं।

एआई के कारण होने वाला रोजगार नुकसान केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक चुनौती भी है। बेरोजगारी न केवल व्यक्तियों की आय को प्रभावित करती है, बल्कि उनके आत्मसम्मान और सामाजिक स्थिति को भी ठेस पहुंचाती है। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां पहले से ही बेरोजगारी और अंडरएंप्लॉयमेंट की समस्या है, एआई-प्रेरित नौकरी हानि स्थिति को और जटिल बना सकती है। इसके अलावा, नई तकनीकों को अपनाने की गति और कौशल की कमी के बीच का अंतर बढ़ता जा रहा है। कई श्रमिकों के पास नई तकनीकों को सीखने के लिए आवश्यक संसाधन या अवसर नहीं हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे आर्थिक मुख्यधारा से बाहर हो रहे हैं। इस संकट का सामना करने के लिए, पुनः कौशल विकास और कौशल उन्नयन सबसे प्रभावी समाधान के रूप में उभर कर सामने आए हैं। पुनः कौशल विकास का अर्थ है श्रमिकों को पूरी तरह से नए कौशल सिखाना, जो उन्हें बदलते नौकरी बाजार में प्रासंगिक बनाए रखे। दूसरी ओर, कौशल उन्नयन मौजूदा कौशलों को और उन्नत करने पर केंद्रित है ताकि श्रमिक अपनी वर्तमान भूमिकाओं में अधिक प्रभावी हो सकें। उदाहरण के लिए, एक फैक्ट्री कर्मचारी को रोबोटिक्स या डेटा विश्लेषण में प्रशिक्षित किया जा सकता है, जबकि एक ग्राहक सेवा प्रतिनिधि को एआई-संचालित चैटबॉट्स के प्रबंधन में प्रशिक्षण दिया जा सकता है। इसके लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थान और निजी क्षेत्र को एकजुट होकर काम करना होगा। सरकार को नीतियां बनानी होंगी जो प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुलभ और सस्ता बनाएं। भारत में, श्स्किल इंडियाश जैसे कार्यक्रम पहले से ही इस दिशा में काम कर रहे हैं, लेकिन इनकी पहुंच और प्रभाव को और बढ़ाने की आवश्यकता है। विशेष रूप से, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए, जहां अधिकांश निम्न-कौशल श्रमिक रहते हैं। शैक्षणिक संस्थानों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। स्कूलों और कॉलेजों को अपने पाठ्यक्रमों को अद्यतन करना होगा ताकि वे डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा और अन्य उभरते क्षेत्रों पर ध्यान दें। इसके अलावा, ऑनलाइन शिक्षण मंचों और मूक जैसे संसाधनों को बढ़ावा देना होगा ताकि लोग घर बैठे नई तकनीकों को सीख सकें। निजी क्षेत्र की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। कंपनियों को अपने कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। कई वैश्विक कंपनियां, जैसे कि गूगल और माइक्रोसॉफ्ट, पहले से ही अपने कर्मचारियों को एआई और डिजिटल कौशल सिखाने के लिए निवेश कर रही हैं। भारतीय कंपनियों को भी इस दिशा में कदम उठाने होंगे। इसके अलावा, स्टार्टअप और छोटी कंपनियां, जो भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, को भी अपने कर्मचारियों के कौशल विकास में योगदान देना चाहिए।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक दोधारी तलवार है, यह अभूतपूर्व अवसर प्रदान करती है, लेकिन साथ ही गंभीर चुनौतियां भी लाती है। रोजगार का नुकसान एक ऐसी चुनौती है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि, पुनः कौशल विकास और कौशल उन्नयन के माध्यम से, हम इस संकट को एक अवसर में बदल सकते हैं। भारत, जिसके पास दुनिया की सबसे अधिक युवा कार्यबल आबादी है, इस बदलाव का नेतृत्व कर सकता है। बशर्ते सरकार, शैक्षणिक संस्थानों और निजी क्षेत्र इसके लिए संयुक्त प्रयास करें। भारत एक ऐसी कार्यबल तैयार कर सकता है, जो न केवल एआई-प्रधान दुनिया में प्रासंगिक रहे, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभाए। समयकी मांग है कि हम इस चुनौती को स्वीकार करें और एक समावेशी, कौशल-प्रधान भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ट्रम्प ने फिर रट लगाई, भारत-पाक युद्ध रुकवाने की

## कहाः दुनिया में 7 जंग रोकने की जिम्मेदारी यूएन की थी, लेकिन यह काम मुझे करना पड़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने का दावा किया। उन्होंने न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने 56 मिनट के भाषण के दौरान यह बात कही, जबकि उनके बोलने के लिए 15 मिनट तय थे। यूएनजीए को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहाः दुनिया में जारी 7 जंग रुकवाने की जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र की थी, लेकिन मैंने ये सभी जंग खत्म कराईं।

ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों, अमेरिका के आर्थिक हालात, रूस-यूक्रेन जंग, इजराइल-हमास जंग, कार्बन फुट प्रिंट जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। ट्रम्प के भाषण की शुरुआत में टेलिप्राम्प्टर खराब हो गया। इस पर उन्होंने कहा कि इससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है, इस तरह आप दिल से बात कर पाते हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प ने पहली बार यूएनजीए को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति रहते आखिरी बार 2020 में यूएन को संबोधित किया था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड 25 सितम्बर 2018 को ट्रम्प संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भाषण दे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि



**अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प ने पहली बार यूएनजीए को संबोधित किया**

2 साल से भी कम समय में उन्होंने बाकी सभी अमेरिकी राष्ट्रपतियों से ज्यादा काम किया है। ट्रम्प की बात सुनकर सभा में मौजूद दुनियाभर के नेता हंसने लगे। ट्रम्प ने न्यूजीलैंड की तत्कालीन पीएम जैसिंडा अर्डन को देखकर कहाः मुझे ऐसे रिएक्शन की उम्मीद नहीं थी। कोई बात नहीं। अब 7 साल बाद ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार यूएन को संबोधित किया। लेकिन इस बार हालात पूरी तरह से बदले नजर आए। भाषण शुरू होने से पहले ही उनका टेलीप्राम्प्टर खराब हो गया है। इस पर ट्रम्प ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहाः टेलीप्राम्प्टर खराब है तो क्या, इससे दिल से बोलने का मौका मिलता है। लेकिन जो इसे चला रहा है, वो मुश्किल में है।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने मैक्रों, किंग अब्दुल्ला और रेसेप तईप एर्दोआन से की मुलाकात





**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ संक्षिप्त बातचीत की। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने कल घोषणा की थी कि फ्रांस फलस्तीन राज्य को मान्यता दे रहा है तथा दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच अधिकांश बातचीत गाजा में संकट का समाधान ढूंढने पर केंद्रित रही। इस संबंध में ट्रम्प ने संवाददाताओं को बताया कि आज क्षेत्र के नेताओं के साथ उनकी बैठक है और उन्होंने कहा कि हम बहुत जल्द ही कोई परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। मैक्रों के साथ यह बैठक ट्रम्प के इस सुझाव के तुरंत बाद हुई कि यूक्रेन रूस के खिलाफ लड़ाई में अपना सारा क्षेत्र वापस जीत सकता है। मैक्रों के अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला और तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन से भी मुलाकात की।

### भारत हमारी तरफ है यूएनजीए में जेलेंस्की का अहम बयान

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भारत को लेकर एक अहम बयान दिया है। एक अमेरिकी मीडिया समूह को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि 'भारत अधिकतर हमारी तरफ ही है'। जेलेंस्की का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति के संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में किए गए उन दावों के बिल्कुल उलट माना जा रहा है, जिसके तहत ट्रम्प ने आरोप लगाया था कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध का मुख्य वित्तपोषक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन में चल रहे रूसी युद्ध की फंडिंग कर रहे हैं। चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर इस युद्ध को वित्तपोषित करने वाले मुख्य देश हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यह माना कि भारत-रूस के ऊर्जा सौदों के कारण कुछ जटिलताएं आई हैं, लेकिन उन्होंने आशा जताई कि भारत रूसी ऊर्जा सेक्टर के प्रति अपने दृष्टिकोण में बदलाव करेगा।

## घातक तूफान रागासा की चपेट में ताइवान, 17 लोग मरे



चीन में 20 लाख लोग विस्थापित

**नई दिल्ली/हांगकांग।** शक्तिशाली तूफान, रागासा से ताइवान में 17 लोगों की मौत हो गई है और 18 अन्य घायल हो हुए हैं। ताइवान में कहर बरपाने के बाद रागासा तूफान दुनिया के सबसे घनी आबादी वाले तटों में से एक की ओर बढ़ रहा है जिसे देखते हुए अब तक दक्षिणी चीन में लगभग 20 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि रागासा के कारण लगभग 100 लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इस वर्ष के सबसे शक्तिशाली तूफान रागासा ने बुधवार को वित्तीय केंद्र हांगकांग और दक्षिणी चीन के बड़े हिस्सों को ठप कर दिया। यह तूफान फिलीपींस के सुदूर द्वीपों और ताइवान के पहाड़ी क्षेत्रों से होकर गुजरा, जहां इसने भूस्खलन, बाढ़ और ऊंची लहरों के साथ भारी तबाही मचाई। अब यह चीन के ग्वांगडोंग प्रांत की ओर बढ़ रहा है, जहां शेनझेन और ग्वांगझोउ जैसे विशाल शहर स्थित हैं। ताइवान में इसकी चपेट में आकर कम से कम 17 लोगों की मौत हो चुकी है और बुधवार दोपहर तक 18 अन्य लोग लापता हैं। यह तबाही एक प्राकृतिक झील के टूटने के बाद आई जो भूस्खलन के मलबे से बनी थी और इसमें काफी मात्रा में पानी जमा था। इसके टूटने से लगभग सत्तर लाख टन पानी निचले क्षेत्रों में प्रवाहित हो गया जिसने पास के ग्वांगफू टाउनशिप में बाढ़ ला दी।

## संक्षिप्त समाचार

### रोहिंग्या विद्रोहियों को उकसाने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** अराकान आर्मी (एए) के कमांडर-इन-चीफ मेजर जनरल तुन म्यात नाइंग ने बांग्लादेश सीमा सुरक्षा बल के कुछ अधिकारियों पर रोहिग्या विद्रोही समूहों, अराकान रोहिग्या साल्वेशन आर्मी और रोहिग्या सॉलिडैरिटी ऑर्गनाइजेशन (आरएसओ), को एए के ठिकानों पर हमले के लिए उकसाने का गंभीर आरोप लगाया है। मेजर जनरल ने 'द इरावाडी' को दिए एक विशेष साक्षात्कार में खुलासा किया कि 18 सितम्बर की रात उत्तरी रखाइन राज्य के माउंगडॉ टाउनशिप में एए के बेस पर एआरएसए और आरएसओ के लड़ाकों ने समन्वित हमला किया।

### रूसी भाषियों के उत्पीड़न का विरोध

**मॉस्को।** रूसी उप विदेश मंत्री दिमित्री ल्यूबिस्की ने कहा है कि बाल्टिक देशों में रूसी भाषियों पर अत्याचार पुरानी यूरोपीय 'सभ्यता' के सभी मानदंडों का उल्लंघन है। ल्यूबिस्की ने कहा कि मैं बाल्टिक देशों में रूसी भाषी लोगों पर बढ़ते हुए कठोर उत्पीड़न का उल्लेख करना चाहूंगा जो पुरानी यूरोपीय 'सभ्यता' के सभी मानदंडों का उल्लंघन है। बेलारूस के विदेश मंत्री मैक्सिम रायजेनकोव ने इस वर्ष की शुरुआत में कहा था कि बाल्टिक देशों को किसी भी महत्वपूर्ण, शांतिपूर्ण या विकासोन्मुख अंतर्राष्ट्रीय पहल को लागू करने में कोई उपलब्धि प्राप्त नहीं हुई है।

### रूस ने 70 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने मंगलवार रात पांच रूसी क्षेत्रों और काला सागर में 70 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया पिछली रात बेलगोरोड, कुर्स्क, रोस्तोव, वोल्गोग्राड क्षेत्रों, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 70 यूक्रेनी मानवरहित ड्रोन प्रणालियों को नष्ट करते हुए उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया।

### ओस्लो में विस्फोट के बाद अलर्ट जारी

**ओस्लो।** नॉर्वे पुलिस ने ओस्लो में एक विस्फोट की खबर के बाद मंगलवार शाम आपातकालीन अलर्ट जारी किया, जिसमें क्षेत्र के निवासियों से खिड़कियों से दूर रहने और घटनास्थल पर न जाने का आग्रह किया गया। यह घटना पहली बार स्थानीय समयानुसार लगभग 20:43 बजे मध्य ओस्लो के बिस्लेट के पास रिपोर्ट की गई। नॉर्वेजियन प्रसारक एनआरके के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने एक बड़ा धमाका सुनने की बात की।

## रूसी प्लेन NATO देशों से गुजरें, तो मार गिराएंः ट्रम्प

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस को कागजी शेर बताया, रूस बोलाः हम शेर नहीं खतरनाक भालू हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर रूसी विमान, छ।ज्ह देशों के एयरस्पेस में घुसते हैं तो उन्हें मार गिराया जाए। उन्होंने रूस को कागजी शेर बताया। ट्रम्प ने कहा कि रूस पिछले साढ़े तीन साल से युद्ध में फंसा हुआ है, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सका। उनके मुताबिक, अगर रूस असली सैन्य ताकत होता तो यह युद्ध एक हफ्ते में खत्म हो जाना चाहिए था।

उन्होंने भरोसा जताया कि यूक्रेन रूस से सारा कब्जा किया इलाका वापस ले सकता है। रूस के राष्ट्रपति आफिस क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने ट्रम्प के बयान को खारिज करते हुए कहाः रूस अपनी आर्थिक स्थिरता बनाए हुए है। कुछ सेक्टर में समस्याएं हैं, लेकिन रूस कोई शेर नहीं, बल्कि एक खतरनाक भालू है, और श्पेपर भालूश जैसी कोई चीज नहीं होती। ट्रम्प ने जेलेंस्की के साथ बैठक से पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में दिए अपने भाषण में यूरोपीय देशों से अपील की कि वे रूस से तेल-गैस खरीदना पूरी तरह बंद करें। उन्होंने



**अगर रूस असली सैन्य ताकत होता, तो यह युद्ध एक हफ्ते में खत्म हो जाना चाहिए था**

कहा कि नाटो देश खुद ही युद्ध को फंड कर रहे हैं। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूरोप और नाटो के सहयोग से यूक्रेन युद्ध से पहले वाली सीमाएं वापस पा सकता है, क्योंकि रूस की अर्थव्यवस्था दबाव में है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेंस्की ने भी सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका से रूस पर और दबाव डालने की मांग की। ट्रम्प के जमीन वापस लेने के बयान को गेम चेंजर भी कहा। पहले ट्रम्प कई बार कह चुके थे कि युद्ध खत्म करने के लिए यूक्रेन को कुछ जमीन छोड़नी पड़ सकती है। मंगलवार देर रात फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा है कि उन्हें ट्रम्प के यूक्रेन पर अचानक बदले रुख से हैरानी हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प का यह रुख युद्ध खत्म करने में मददगार हो सकता है। उन्होंने कहा कि इससे समझ आता है कि अमेरिका युद्ध खत्म होने के बाद भी यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने को तैयार है। हालांकि, जेलेंस्की ने माना कि अभी ऐसी कोई ठोस डिटेल नहीं है। लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में और ज्यादा हथियार, एयर डिफेंस सिस्टम और ड्रोन मिलने की संभावना है। जेलेंस्की ने इंटरव्यू में कहा कि अब उनके और ट्रम्प के बीच ज्यादा बातचीत और मुलाकातें हो रही हैं, जिससे रिश्ते बेहतर हो रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि पुतिन ने बार-बार ट्रम्प से झूठ बोला, यही वजह है कि अब हमारे (ट्रम्प और जेलेंस्की) रिश्ते बेहतर हुए हैं।

## एच-1बी वीजा लॉटरी सिस्टम को खत्म करने जा रहे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने एच-1बी वीजा चयन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव प्रस्तावित किया है। इसके तहत अमेरिका में एच-1बी वीजा पाने के नियम बदल सकते हैं।

अभी तक यह वीजा लाटरी सिस्टम के जरिए मिलता है, लेकिन नई योजना के मुताबिक अब ज्यादा वेतन वाली नौकरियों को प्राथमिकता दी जाएगी। मतलब अगर किसी साल आवेदन 85000 की तय सीमा से ज्यादा आते हैं, तो उन लोगों के चुने जाने की संभावना ज्यादा होगी, जिनकी नौकरी में वेतन ऊंचा है। नए नियम के तहत सभी उम्मीदवारों को लेबर डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के आधार पर चार सैलरी कैटेगरी में रखा जाएगा। सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले, जिन्हें लगभग 162500 डालर (करीब 1.44 करोड़ रुपये) सालाना वेतन मिलता है, वे

**अब मोटी सैलरी से चयन, करीब 1.44 करोड़ के पैकेज वाले को चार मौके मिलेंगे**

लाटरी में चार बार शामिल होंगे। सबसे कम सैलरी वाले सिर्फ एक बार शामिल होंगे। इसका मकसद है कि हाई स्किल्ड और हाई सैलरी वाले कर्मचारियों को प्राथमिकता मिले। हाई सैलरी सिस्टम के आधार पर वीजा देने का प्रस्ताव फेडरल रजिस्टर में जारी हो चुका है। इस पर 30 दिन तक जनता की राय ली जाएगी। मंजूरी मिलने के बाद व्यवस्था अगले वीजा साइकिल (अप्रैल 2026) से लागू हो सकती है। इससे पहले ट्रम्प सरकार ने 22 सितम्बर से नए एच-1बी आवेदन पर 100,000 डालर (करीब 88 लाख रुपये) फीस कर दी। पहले यह 6 लाख रुपये के करीब लगती थी।

### संयुक्त राष्ट्र में गूंजा 'ओम शांति, शांति ओम'

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने सुबियांता दुनिया से शांति, न्याय और समान अवसर की अपील की दुनिया से शांति, न्याय और समान अवसर की अपील की। अपने 19 मिनट के संबोधन के अंत में उन्होंने संस्कृत मंत्र 'ओम शांति, शांति, शांति ओम' का उच्चारण कर पूरी दुनिया को सौहार्द्र और एकजुटता का संदेश दिया। अपने भाषण के दौरान राष्ट्रपति सुबियांतो ने गाजा और फलस्तीन में जारी हिंसा और मानवीय संकट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने घोषणा की कि इंडोनेशिया शांति स्थापना में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया 20000 या उससे भी अधिक सैनिकों को गाजा और फलस्तीन में शांति स्थापित करने के लिए भेजने को तैयार है।

## बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर बम हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर बम हमले में करीब 12 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हमला उस समय हुआ जब क्वेटा जा रही ट्रेन मस्तुंग जिले के स्पिजेंड इलाके से गुजर रही थी। ट्रेन में करीब 270 यात्री सवार थे। हमले में ट्रेन की छह बोगियां पटरी से उतर गईं और एक बोगी पलट गई।

अधिकारियों ने बताया कि इस इलाके में 10 घंटे के अंदर ये दूसरा धमाका था। मंगलवार सुबह इससे पहले एक और बम धमाका रेलवे ट्रैक के पास हुआ था। उस समय पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस क्वेटा स्टेशन से निकली थी। धमाके के बाद ट्रेन को कुछ देर रोका गया, लेकिन सुरक्षा बलों ने ट्रैक साफ कर ट्रेन को आगे बढ़ने दिया था। लोकल पुलिस ने पुष्टि की कि दूसरा

**छह बोगियां पटरी से उतरीं, 12 लोग घायल, 10 घंटे में दूसरा धमाका**

धमाका ट्रैक पर लगाए गए एक प्म्क (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की वजह से हुआ। पाकिस्तान रेलवे के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि पलटी हुई बोगी में पांच यात्री घायल हुए, जबकि बाकी लोग पास की बोगियों के पटरी से उतरने से चोटिल हुए। रेस्क्यू टीमें और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में एडमिट किया। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि अगर ट्रेन पूरी रफ्तार से चल रही होती, तो यह हादसा और बड़ा हो सकता था। अभी तक किसी विद्रोही संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। जाफर एक्सप्रेस को इस साल मार्च में भी बलूच लड़ाकों ने निशाना बनाया था।



**पटना। विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व पार्टी नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ।**

### जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के आसपास बिजली गुल होने से सुरक्षा को खतरा

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने कहा है कि ज़ापोरीज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास मंगलवार को बिजली गुल हो गई जिससे परमाणु सुरक्षा के लिए लगातार खतरा बना हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने मंगलवार को सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के दौरान बिजली की यह 10वीं कटौती है। एजेंसी ने कहा कि उसकी टीम घटना के कारणों की जांच कर रही है। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने जापोरिज्जिया में अपनी टीम का हवाला देते हुए कहा कि संयंत्र में बिजली की आपूर्ति के लिए आपातकालीन डीजल जनरेटरों ने काम करना शुरू कर दिया है।

## फिनलैंड के राष्ट्रपति बोलेः भारत उभरती हुई ताकत

**हेलसिंकी।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने कहा है कि भारत उभरती हुई महाशक्ति है। उसे रूस और चीन की तरह नहीं माना जा सकता। स्टब ने हेलसिंकी सिक्योरिटी फोरम 2025 की बैठक में पश्चिमी देशों को दिल्ली के साथ और गहरे संबंध बनाने के लिए कहा।

स्टब ने रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने में भारत की अहम भूमिका पर भी जोर दिया। फोरम 2025 में बोलते हुए स्टब ने कहा मैंने पीएम मोदी से यूक्रेन के हालात पर बात की है। भारत का इसमें भू-राजनैतिक हित है, इसलिए हमें उन्हें शांति प्रयासों में शामिल करना होगा। स्टब ने कहा है कि यूक्रेन में शांति प्रक्रिया की शुरुआत युद्धविराम से होनी चाहिए। इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति

**भारत को चीन-रूस जैसा न मानें, पश्चिमी देश दिल्ली से मजबूत रिश्ते बनाएंः अलेक्जेंडर स्टब**

व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक की औपचारिक तारीख तय होनी चाहिए। स्टब ने कहा कि रूस पर आर्थिक प्रतिबंध जारी रखना चाहिए और साथ ही यूक्रेन को सैन्य मदद भी बढ़ानी होगी। स्टब को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का करीबी माना जाता है। मार्च में फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसार्ट में सात घंटे लंबे गोल्फ राउंड के दौरान उनकी दोस्ती और गहरी हुई थी। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, स्टब उन चुनिंदा यूरोपीय नेताओं में हैं जिनकी राय ट्रम्प पर असर डाल सकती है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि छोटे देशों में स्टब की बराबरी का कोई भी नेता नहीं है। उनकी ट्रम्प तक बहुत अच्छी पहुंच है।

## तुर्की के राष्ट्रपति ने यूएन में फिर कश्मीर मुद्दा उठाया

### कहाः भारत-पाक सुरक्षा परिषद की मदद लें, 2019 से छह बार जिक्र कर चुके

**वाशिंगटन।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने मंगलवार को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत के जरिए कश्मीर मुद्दे को हल करने की वकालत की। एर्दोगन ने कहा कि हमें खुशी है कि अप्रैल में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद सीजफायर हुआ। कश्मीर के हमारे भाइयों और बहनों के लिए, इस मुद्दे को यूएन सुरक्षा परिषद की मदद से सुलझाना चाहिए। भारत पहले भी ऐसी टिप्पणियों को खारिज कर चुका



**कश्मीर के हमारे भाइयों और बहनों के लिए, इस मुद्दे को यूएन सुरक्षा परिषद की मदद से सुलझाना चाहिए**

है। भारत का कहना है कि जम्मू-कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है।

एर्दोगन 2019 से हर साल (2024 छोड़कर) यूएन में कश्मीर का जिक्र करते रहे हैं, जिसमें वे पाकिस्तान के तरफ अपना समर्थन दिखाते हैं। एर्दोगन ने भारत-पाक संघर्ष के बाद 17 मई, 2025 को कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की थी। उन्होंने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। एर्दोगन ने कहा था कि वो कश्मीर मुद्दा सुलझाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे। उन्होंने भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। एर्दोगन ने कहा था कि अगर दोनों देश तैयार हो तो वो कश्मीर मामले में रोल निभाएंगे। हम शांति चाहते हैं, हम दो पड़ोसियों के बीच कोई तनाव नहीं चाहते। वही, इस्तांबुल में 24 मई, 2025 को शहबाज शरीफ ने एर्दोगन से मुलाकात की थी।

इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को खुफिया जानकारी, टेक्नोलाजिकल सपोर्ट, एनर्जी, ट्रांसपोर्ट और डिफेंस सेक्टरों में सहयोग देने का बाद कही थी। एर्दोगन की टिप्पणी पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

## विकासशील देशों के समक्ष बड़ी चुनौतियांः जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस स्थिति में विकासशील देशों को विशेष रूप से अपने अधिकारों और अपेक्षाओं को पूरा करने में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। डा. जयशंकर ने बहुपक्षवाद की अवधारणा को खतरे में बताते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संगठन अप्रभावी हो रहे हैं या संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं और समकालीन व्यवस्था की आधारशिलाएं बिखरने लगी हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं में अत्यंत आवश्यक सुधारों में देरी का परिणाम सबके सामने है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र में हिस्सा लेने न्यूयार्क गए डॉ. सिंह ने समान विचारधारा वाले ग्लोबल साउथ देशों की उच्च स्तरीय बैठक में भारत का दृष्टिकोण रखा। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि डॉ. सिंह ने मौजूदा वैश्विक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों के लिए बड़ी चुनौती है।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108